आषाढ़ कृष्ण पक्ष नवमी 09:49 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 20 जून 2025
वर्ष 5, अंक 119, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत और क्रोएशिया रक्षा सहयोग के लिए हुए राजी 14

सामाजिक न्याय राष्ट्रीय प्रगति में अहम 12

# 10279 फीट की ऊंचाई पर देश का पहला फास्टैग इको पर्यटक बैरियर शुरू

## बद्रीनाथ धाम में डिजिटल भुगतान से बढ़ेगी सुरक्षा, पुलिस-प्रशासन की अभिनव पहल

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** श्री बद्रीनाथ धाम में 10279 फीट की ऊंचाई पर देश का पहला फास्टैग इको पर्यटक बैरियर गुरुवार से शुरू हो गया। जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी ने वर्चुअल माध्यम से इस इको टूरिज्म शुल्क बैरियर का शुभारंभ किया। डीएम और एसपी की इस अभिनव पहल से जहां बद्रीनाथ धाम में डिजिटल भुगतान से सुरक्षा बढ़ेगी। वहीं, जाम के झाम से भी छुटकारा मिलेगा।



बद्रीनाथ में लगा देश का पहला फास्टैग बैरियर ।

दरअसल, विगत वर्ष की चार धाम यात्रा के सकुशल संपन्न होने के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार के निर्देशन में आयोजित एक रात्रि भोज में सभी थानाध्यक्षों ने अपनी समस्याएं रखी थीं। इसी दौरान, थानाध्यक्ष बद्रीनाथ ने बद्रीनाथ धाम के प्रवेश द्वार पर नगर पंचायत द्वारा मैनुअल तरीके से लिए जा रहे इको टोल शुल्क के कारण अनावश्यक ट्रैफिक दबाव बढ़ जाने और समय की बर्बादी होने की समस्या को उजागर किया था। उन्होंने नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की गाइडलाइन के तहत इको टोल शुल्क को फास्टैग के माध्यम से लेने का महत्वपूर्ण सुझाव दिया था।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने इस सुझाव का गंभीरता से संज्ञान लिया और त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया था। इसी क्रम में, नगर पंचायत बद्रीनाथ ने जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से एनएचएआई से आवश्यक अनुमति प्राप्त की और टेंडर प्रक्रिया पूरी कर पार्क प्लस कंपनी को इको पर्यटक शुल्क फास्टैग के माध्यम से कराने का बीड़ा सौंपा।

### 15 दिनों के सफल ट्रायल के बाद लागू हुई व्यवस्था

वर्ष 2025 की यात्रा प्रारंभ होने के उपरांत, पार्क प्लस कंपनी ने मौसम की कड़ी चुनौतियों के बावजूद इस सिस्टम को स्थापित करने का कार्य किया। लगभग 15 दिनों के सफलतापूर्वक ट्रायल के बाद, अब यह व्यवस्था पूरी तरह से चालू हो गई है, जो अब 10279 फीट की ऊंचाई पर स्थित देश का पहला फास्टैग इको पर्यटक बैरियर के रूप में जाना जाएगा।

### वाहनों का दर्ज होगा रिकॉर्ड, जाम से मिलेगी मुक्ति

इस बैरियर पर अब बद्रीनाथ धाम में प्रवेश करने वाले और बाहर निकलने वाले सभी वाहनों का शुल्क ऑनलाइन माध्यम से फास्टैग के जरिए काटा जाएगा। साथ ही, फास्टैग सिस्टम से लिंक होने के कारण धाम में आने-जाने वाले प्रत्येक वाहन का ऑनलाइन रिकॉर्ड दर्ज होगा। यह ऑनलाइन रिकॉर्ड सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। किसी भी आपात स्थिति या सुरक्षा संबंधी आवश्यकता होने पर वाहनों की आवाजाही का विवरण तुरंत उपलब्ध होगा, जिससे पुलिस और प्रशासन को त्वरित कार्रवाई करने में मदद मिलेगी।

### अभी तक नगद और क्यूआर कोड के माध्यम से वसूल किया जाता था वाहनों से भुगतान

बद्रीनाथ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुनील पुरोहित के अनुसार, वर्ष 2022 में हुए गजट नोटिफिकेशन के बाद से धाम में आने वाले वाहनों से इको पर्यटन शुल्क लिया जा रहा था। अभी तक यहां नगद और क्यूआर कोड से भुगतान की सुविधा थी। इसके तहत चार पहिया वाहन से 60, टेम्पो ट्रेवल्स तथा मिनी बस से 100, बस से 120 व हेलीकॉप्टर से एक हजार रुपये की धनराशि एक बार में ली जाती है। बद्रीनाथ धाम की यात्रा में दिनों दिन हो रही बढ़ोत्तरी के चलते इको पर्यटक शुल्क के भुगतान के लिए तीर्थयात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब फास्टैग सुविधा से तीर्थयात्रियों को धाम में प्रवेश के समय परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

---

**पहला टेस्ट मैच**

**भारत बनाम इंग्लैंड**

स्थान : हेडिंग्ले स्टेडियम, इंग्लैंड
समय : दोपहर 3:30 से।
प्रसारण : सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क

**एक नजर**

### ईडी के समक्ष पेश हुए अभिनेता डिनो मोरिया

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता डिनो मोरिया मीठी नदी से गाद निकालने से जुड़े 65 करोड़ रुपये के कथित घोटाले से संबंधित धन शोधन जांच के सिलसिले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। एक अधिकारी ने बताया कि संघीय एजेंसी द्वारा तलब किए जाने के बाद मोरिया सुबह करीब 10.30 बजे दक्षिण मुंबई के बैलार्ड एस्टेट स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। अधिकारी ने बताया कि अभिनेता का बयान दर्ज किया जाएगा क्योंकि कुछ वित्तीय लेनदेन कथित तौर पर उनके और कुछ आरोपियों से जुड़े पाए गए हैं।

### सोनिया गांधी को गंगाराम अस्पताल से छुट्टी मिली

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पेट से जुड़ी समस्या के उपचार के बाद गुरुवार को सर गंगाराम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल ने बताया कि बीते 15 जून को 78 वर्षीय सोनिया गांधी को इस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार, सोनिया गांधी की हालत अब स्थिर है।

# कदाचार साबित, न्यायमूर्ति वर्मा को पद से हटाए जाने का प्रस्ताव

## करोड़ों के जले नोटों की बरामदगी पर जांच समिति की अंतिम रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूर्व सीजेआई खन्ना कर चुके हैं महाभियोग चलाने की सिफारिश



दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से जले नोटों की कथित बरामदगी की जांच कर रही समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि न्यायमूर्ति वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का उस स्टोर रूम पर गुप्त या सक्रिय नियंत्रण था, जहां से बड़ी मात्रा में अधजली नकदी मिली थी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इससे न्यायमूर्ति वर्मा के कदाचार का पता चलता है, जो इतना गंभीर है कि उन्हें (न्यायाधीश को) हटाया जाना चाहिए। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय समिति ने 10 दिनों तक मामले की पड़ताल की, 55 गवाहों से पूछताछ की और न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास पर 14 मार्च को रात करीब 11.35 बजे लगी आग के परिप्रेक्ष्य में घटनास्थल का दौरा भी किया।

न्यायमूर्ति वर्मा उस समय दिल्ली उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश थे और उनका तबादला इलाहाबाद उच्च न्यायालय में कर दिया गया था। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने की सिफारिश की है। जांच समिति ने 64-पृष्ठ की अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इस प्रकार समिति का मानना है कि नकदी राशि राष्ट्रीय राजधानी के 30 तुगलक क्रीसेंट स्थिति आवास के भंडार कक्ष में पाया गया था, जो आधिकारिक तौर पर न्यायमूर्ति वर्मा के कब्जे में था। इतना ही नहीं, भंडार कक्ष पर न्यायमूर्ति वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का गुप्त या सक्रिय नियंत्रण था। रिपोर्ट के अनुसार, सशक्त अनुमानात्मक साक्ष्य के माध्यम से यह स्थापित होता है कि जले हुए नोट 15 मार्च 2025 को तड़के 30 तुगलक क्रीसेंट स्थित आवास के भंडार कक्ष से निकाले गए थे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि रिकॉर्ड पर मौजूद प्रत्यक्ष और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए, यह समिति दृढ़ता से इस बात पर सहमत है कि भारत के प्रधान न्यायाधीश के 22 मार्च के पत्र में वर्णित आरोपों में पर्याप्त तथ्य हैं और कदाचार साबित पाया गया है। यह कदाचार इतना गंभीर है कि न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने की कार्यवाही शुरू करने की आवश्यकता है...।

### 55 गवाहों के बयानों का किया विश्लेषण

समिति ने न्यायमूर्ति वर्मा और 55 गवाहों के बयानों का गहन विश्लेषण किया तथा आंतरिक समिति द्वारा निर्धारित जांच प्रक्रिया के तहत अपने निष्कर्ष प्रस्तुत किए। रिपोर्ट में कहा गया है कि न्यायाधीश की ईमानदारी को ऐसे पैमाने से मापा जाता है जो सिविल पदधारक से अपेक्षित ईमानदारी से कहीं अधिक कठोर होता है। समिति ने कहा कि जब उच्चतर न्यायपालिका के कार्यालय सवालों के घेरे में होते हैं तो ईमानदारी का तत्व प्रमुख, प्रासंगिक और अपरिहार्य हो जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि न्यायिक कार्यालय का अस्तित्व आम नागरिकों के विश्वास पर आधारित है और इस विश्वास की गुणवत्ता न्यायाधीश द्वारा न केवल न्यायालय के अंदर बल्कि न्यायालय के बाहर प्रदर्शित व्यवहार और आचरण से जुड़ा होता है।

### जनता का भरोसा बनाए रखने को सख्ती जरूरी

न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव की सिफारिश करते हुए समिति ने कहा है कि इस संबंध में कोई भी कमी जनता के विश्वास को खत्म कर सकती है, जिसे सख्ती से देखा जाना चाहिए। तीन-सदस्यीय समिति में न्यायमूर्ति नागू के अलावा हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जी.एस. संधावालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अनु शिवरामन भी शामिल थे।

## यूपीएससी ने की प्रतिभा सेतु पहल की शुरुआत

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने एक रणनीतिक पहल शुरू की है, जो केंद्र सरकार और निजी क्षेत्र सहित सत्यापित नियोक्ताओं को देश की सबसे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की शीर्ष प्रतिभाओं से जुड़ने का अवसर मुहैया करेगी। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यूपीएससी की 'प्रतिभा सेतु', जिसे पहले सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना (पीडीएस) के नाम से जाना जाता था, उन गैर-अनुशंसा वाले इच्छुक अभ्यर्थियों के विवरण उपलब्ध कराती है, जो आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के सभी चरण में उत्तीर्ण हो गए, लेकिन अंतिम मेधा सूची में जगह नहीं बना पाए।

- सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की शीर्ष प्रतिभाओं को जोड़ा जाएगा

यूपीएससी ने एक आधिकारिक नोट में कहा कि यह नियोक्ताओं को गैर-अनुशंसित इच्छुक अभ्यर्थियों का चयन करने के लिए एक मंच प्रदान करता है, जो अनुशंसित अभ्यर्थियों के समान ही मेधावी होते हैं। साथ ही, यह यूपीएससी अभ्यर्थियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक और अवसर होगा।

# भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने का श्रेय लेने से पीछे हटे ट्रंप

न्यूयॉर्क/इस्लामाबाद, एजेंसी



- कहा-दो समझदार नेताओं ने लिया था सैन्य संघर्ष रोकने का निर्णय

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के दो बहुत समझदार नेताओं ने एक ऐसे युद्ध को रोकने का निर्णय लिया जो परमाणु युद्ध में बदल सकता था। पिछले कुछ हफ्तों में यह पहली बार है जब ट्रंप ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष रोकने का श्रेय खुद नहीं लिया है।

ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की दोपहर के भोजन पर मेजबानी करने के बाद ओवल कार्यालय में मीडिया से बातचीत में ये टिप्पणियां कीं। ट्रंप द्वारा बुधवार को की गई यह टिप्पणी उनके उन दावों से अलग है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने कई बार भारत-पाकिस्तान युद्धविराम समझौते में मध्यस्थता करने का दावा किया था। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने ईरान-इजराइल संघर्ष से उत्पन्न स्थिति पर पाकिस्तानी सेना के प्रमुख के साथ चर्चा की। ऐसी अटकलें हैं कि वाशिंगटन तेहरान पर हमला करने की स्थिति में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करने पर विचार कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी जमकर प्रशंसा की तथा मंगलवार रात को उनके साथ फोन पर हुई बातचीत का भी जिक्र किया।

### छात्रों के लिए वीजा प्रक्रिया फिर होगी शुरू

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने बुधवार को कहा कि वह छात्र वीजा के लिए आवेदन करने वाले विदेशी विद्यार्थियों के लिए निलंबित प्रक्रिया को फिर से शुरू कर रहा है, लेकिन अब सभी आवेदकों को अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'अनलॉक' रखने होंगे। वाणिज्य दूतावासों के अधिकारी संदिग्ध पोस्ट और संदेशों पर नजर रखेंगे।

---

# तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचीं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू

- राज्यपाल, मुख्यमंत्री ने किया जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर स्वागत

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे के तहत गुरुवार को देहरादून पहुंचीं। इस अवधि में विविध आयोजनों और कार्यक्रमों की राष्ट्रपति द्वारा अध्यक्षता की जाएगी। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनका स्वागत किया।

राष्ट्रपति मुर्मू शुक्रवार को देहरादून में राजपुर रोड पर 21 एकड़ में फैले 186 वर्ष पुराने राष्ट्रपति निकेतन का लोकार्पण करेंगी। वह राष्ट्रपति उद्यान की आधारशिला भी रखेंगी।



राष्ट्रपति का स्वागत करते राज्यपाल गुरमीत सिंह तथा मुख्यमंत्री धामी।

साथ ही, राष्ट्रपति निकेतन की जैव विविधता पर प्रकाशित एक पुस्तक का विमोचन भी करेंगी। वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शनिवार को उत्तराखंड सरकार द्वारा पुलिस लाइन मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगी।

## 33 आईएएस व 24 पीसीएस अफसरों के हुए तबादले

**देहरादून।** शासन ने गुरुवार देर रात 33 आईएएस और 24 पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिए। कई अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार दिया है तो कई से वापस लिया गया है।

आईएएस अधिकारियों में स्वाति एस. भदौरिया को ज़िलाधिकारी (डीएम) पौड़ी गढ़वाल, रीना जोशी को अपर सचिव राज्यपाल, प्रशांत आर्य को डीएम उत्तरकाशी, दीप्ति सिंह को महानिदेशक शिक्षा, प्रतीक जैन को डीएम रुद्रप्रयाग और मनीष कुमार को डीएम चंपावत बनाया गया है।

# बिहार पुलिस भर्ती घोटाले में कई राज्यों में ईडी का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोलकाता में एक प्रिंटिंग प्रेस पर भी मारे गए छापे

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में 2023 में कांस्टेबलों की भर्ती में कथित घोटाले की धनशोधन जांच के सिलसिले में गुरुवार को कई राज्यों में छापेमारी की।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बिहार के पटना और नालंदा, रांची (झारखंड), लखनऊ (उत्तर प्रदेश) और कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में एक दर्जन स्थानों पर कार्रवाई की जा रही है। ये ठिकाने एजेंट, प्रश्नपत्र लीक कराने वाले गिरोह के सदस्यों और उनके सहयोगियों से जुड़े हैं। कोलकाता में एक प्रेस पर भी छापा मारा गया जहां प्रश्नपत्रों की छपाई हुई थी। सूत्रों ने बताया कि इस घोटाले को अंजाम देने वाले लोग वही हैं जो 2024 में नीट यूजी के प्रश्नपत्र लीक घोटाले के आरोपी हैं।

बिहार पुलिस कांस्टेबल 2023 भर्ती का उद्देश्य बिहार पुलिस की विभिन्न इकाइयों में 21,391 रिक्तियों को भरना था। यह परीक्षा 1 अक्टूबर, 2023 को बिहार के 37 जिलों में 529 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसमें 18 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे।

# एक्सईएन, एसडीओ और जेई सस्पेंड

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**रिखणीखाल करंट हादसा**

- मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर हुई त्वरित कार्रवाई

**अमृत विचार :** पौड़ी जनपद के रिखणीखाल ब्लॉक स्थित वड्डाखाल क्षेत्र में बिजली की लाइन पर कार्य करते समय संविदा लाइनमैन की करंट लगने से हुई मौत की घटना को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अत्यंत गंभीरता से लिया है।

विधायक महंत दलीप सिंह रावत की शिकायत का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित उपखंड अधिकारी (एसडीओ) चंद्रमोहन, अवर अभियंता (जेई) शुभम कुमार और अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) विनीत कुमार सक्सेना को निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट कहा है कि इस प्रकार की लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत कार्यों के दौरान सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कार्यस्थल पर सभी ज़रूरी सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता हो।

> सभी विभागों में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी अपने कर्तव्यों और दायित्वों का भली भांति निर्वहन करें। जनहित को सर्वोपरि रखते हुए त्वरित निर्णय और कार्यवाही करें। यदि इनके निर्वहन में किसी प्रकार ढिलाई संज्ञान में आएगी तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।
> – पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) के उच्चाधिकारियों को भी इस संबंध में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। कहा कि यह स्पष्ट किया जाए कि विभाग के पास वर्तमान में कितने सुरक्षा उपकरण उपलब्ध हैं और ये उपकरण फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों तक पहुंच भी रहे हैं या नहीं। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य सरकार प्रत्येक कर्मचारी के जीवन और सुरक्षा को सर्वोपरि मानती है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही को क्षम्य नहीं माना जाएगा।

# भारतीय संस्थानों में आईआईटी दिल्ली को मिली टॉप रैंक

नई दिल्ली, एजेंसी

- क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 123वें स्थान पर
- देश के 54 विवि एवं संस्थान प्रतिष्ठित सूची में दर्ज

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली 2026 की 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग' में 123वें स्थान पहुंचकर सर्वश्रेष्ठ रैंक हासिल करने वाला भारतीय संस्थान है और देश के रिकॉर्ड 54 विश्वविद्यालय एवं संस्थान इस प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाने में सफल रहे हैं।

आईआईटी दिल्ली ने दो वर्ष में 70 से अधिक स्थानों की छलांग लगाई है। वह दो साल पहले 197 और पिछले साल 150वें स्थान पर रहा था। संस्थान ने 'जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूएस' के साथ संयुक्त रूप से 123वीं रैंक हासिल की है। लंदन स्थित वैश्विक उच्च शिक्षा विश्लेषण कंपनी 'क्वाक्वेरेली साइमंड्स' (क्यूएस) द्वारा प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाने वाली प्रतिष्ठित 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग' के तहत विभिन्न प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर विश्वविद्यालयों का आकलन किया जाता है। इस वर्ष रैंकिंग में आठ नए भारतीय संस्थानों के जगह बनाने के साथ इसमें शामिल भारत के संस्थानों की संख्या बढ़कर 54 हो गई है। अमेरिका (192 संस्थान), ब्रिटेन (90 संस्थान) और चीन (72 संस्थान) के बाद भारत चौथे स्थान पर है। किसी अन्य देश या क्षेत्र में इस वर्ष रैंकिंग में इतने विश्वविद्यालय नहीं जुड़े हैं। इस मामले में जॉर्डन और जरबैजान दूसरे स्थान पर रहे हैं और दोनों के छह-छह विश्वविद्यालय 2026 की रैंकिंग में जुड़े हैं।

# अब बिना ओटीपी नहीं मिलेगा टेक होम राशन

## यूपी सरकार सख्त, पात्रों तक ही पहुंचेगा राशन, जुलाई तक लागू होगा ओटीपी व फेस रिकग्निशन सिस्टम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में धांधली रोकने को लेकर भी योगी सरकार सख्त हो गई है। 1 जुलाई तक शत-प्रतिशत 1.18 करोड़ लाभार्थियों को ओटीपी व फेस रिकग्निशन प्रणाली के जरिए ही मुफ्त राशन मिल सकेगा।



टेक होम राशन (टीएचआर) की सही डिलीवरी गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों व 6 महीने से 6 साल तक के बच्चों को सुनिश्चित की जाएगी। पोषण ट्रैकर में एफआरएस दो-स्तरीय प्रमाणीकरण प्रणाली है, जिसमें चेहरे की पहचान और ओटीपी का उपयोग होता है। लाभार्थी की फोटो को आधार से जुड़े ई-केवाईसी के साथ मिलाया जाता है और उनके रजिस्टर्ड मोबाइल पर भेजकर ओटीपी आंगनबाड़ी केंद्र पर सत्यापित किया जाता है। यूपी में 2024 से शुरू हुई इस योजना में एफआरएस प्रणाली को 1 जुलाई 2025 तक प्रदेश में शत-प्रतिशत लागू करने का मुख्यमंत्री की ओर से निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों को शत-प्रतिशत एफआरएस के लिए ब्लॉक और पंचायत स्तर पर कैंप आयोजित करने, रोजाना प्रगति की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारियों को रोजाना इसकी समीक्षा करने को कहा गया है। योगी ने जोर देकर कहा है कि एफआरएस को तेजी से लागू करना कुपोषण मुक्त उत्तर प्रदेश के विजन का हिस्सा है।

### अगस्त से नए लाभार्थियों के लिए एफआरएस अनिवार्य

टेक होम राशन के लिए राज्य के फंड केवल एफआरएस पंजीकृत लाभार्थियों को ही जारी किए जाएंगे। साथ ही, 1 अगस्त 2025 से नए लाभार्थियों के लिए एफआरएस अनिवार्य होगा। योगी सरकार के इस कदम को कुपोषण के खिलाफ एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है। एफआरएस का पायलट चरण अगस्त 2024 में कानपुर नगर के बिधनू और सरसौल प्रोजेक्ट्स में शुरू हुआ। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के तहत इसे 14 नवंबर 2024 तक पूरे प्रदेश में लागू कर दिया गया। 13 जून 2025 तक के आंकड़ों के अनुसार, 1.18 करोड़ पात्र लाभार्थियों के ई-केवाईसी का कार्य पूरा करना है। कानपुर नगर जैसे जिले 45.34 प्रतिशत प्रगति के साथ अग्रणी हैं।

# साझा कार्यक्रमों के जरिए कम होगी वायु प्रदूषण की समस्या

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज में आयोजित सम्मेलन के चौथे दिन गुरुवार को विभिन्न देशों के वैज्ञानिकों ने साझा कार्यक्रमों के जरिए वायु प्रदूषण, ग्रीनहाउस गैसों की समस्या को कम किया जा सकता है। सम्मेलन में वैश्विक स्तर पर सभी देशों को वायुमंडलीय गैसों पर जानकारी आदान प्रदान करने पर बल दिया गया। ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिक निकोलस डेचार ने कहा कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन से ग्लोबल वार्मिंग में निरंतर वृद्धि हो रही है। इस समस्या का निदान निकट भविष्य में बेहद जरूरी है।



एरीज में आयोजित सम्मेलन में विचार रखते वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

अमेरिकी वैज्ञानिक जेम्स हेनिगन ने कहा कि वायुमंडल में बढ़ रहे प्रदूषण के सटीक आंकलन के लिए सैटेलाइट को भू स्थित उपकरणों को रिमोट सेंसिंग से सीधा संपर्क बेहद जरूरी है। डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव ने कहा कि हिमालय क्षेत्र में मौसम व वायुमंडलीय संबंधी उपकरण स्थापित करने होंगे। निदेशक डॉ. मनीष नाजा ने कहा कि भारत वायुमंडलीय तकनीकी क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। इस अवसर पर एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. बृजेश कुमार, डॉ. वीरेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

### सीएम आवास परिसर में हुआ योगाभ्यास, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और कार्मिकों के साथ किया योग

# उत्तराखंड बनेगी योग व वेलनेस की वैश्विक राजधानी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री आवास परिसर में गुरुवार को योगाभ्यास किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ इस अवसर पर मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी योग किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि आंतरिक शांति और आत्मबोध की एक प्रक्रिया है। यह हमारे मन को स्थिर कर चेतना की गहराइयों तक पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने भारतीय संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत ने सदैव मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखा है और हमारी सनातन संस्कृति का मूल स्तंभ योग है। यही कारण है कि आज योग दुनिया के करोड़ों लोगों की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन गया है और भारतीय जीवन शैली को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में मान्यता देने के लिए प्रस्ताव रखा था, जिसे 177 देशों ने समर्थन दिया और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड योग और ऋषि मुनियों की भूमि है। ग्राम स्तर तक सभी लोग योग से जुड़े, सरकार द्वारा इस दिशा में प्रयास किए गए हैं।

योग से रोजगार के अवसर बढ़ाये जा रहे हैं। उत्तराखंड को योग और वेलनेस की वैश्विक राजधानी बनाने के लिए नई योग नीति लाई गई है।

### मुख्यमंत्री ने दी विभिन्न विकास योजनाओं की वित्तीय स्वीकृति

**देहरादून, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद देहरादून के पेयजल विभाग के अन्तर्गत सीवरेज कार्यों की 7 योजनाओं हेतु 3147.32 लाख, जनपद ऊधमसिंह नगर में अमृत 2.0 वॉटर बॉडीज योजनान्तर्गत नगर निकाय दिनेशपुर की 2 योजनाओं के लिए 97 लाख, राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के अन्तर्गत जनपद चमोली के मुख्यालय गोपेश्वर में विकासनगर (हल्दापानी) के निकट कॉलेज गोपेश्वर में भू-धंसाव योजना के कार्य हेतु 778.97 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री सम्पर्क योजना के अन्तर्गत प्रदेश की 13 नई ग्रामीण सड़क योजनाओं के लिए 3382.48 लाख की धनराशि नाबार्ड से वित्त पोषण किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट क्षेत्रान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कपकोट को उप जिला चिकित्सालय बनाये जाने तथा जनपद चमोली के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, थराली को उच्चीकृत करते हुए नवीन स्थान कुलसारी में उप जिला चिकित्सालय बनाये जाने हेतु मानकों में शिथिलता प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया है।

## एक नजर

### हूटर लगे वाहनों पर कार्रवाई की मांग

**भीमताल :** भीमताल में इन दिनों पर्यटन सीजन के चलते कई वाहन भीमताल पहुंच रहे हैं। अधिकांश वाहनों में हूटर भी लगा है। जाम के दौरान वाहनों के हूटरों की आवाज से लोग परेशान है। रात्रि के समय यह समस्या और गंभीर हो जाती है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से इस प्रकार के वाहनों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की मांग की है।

### शक्ति केंद्रों के प्रभारियों की नियुक्ति की

**नैनीताल, अमृत विचार :** संगठन को मजबूत किया जाने और केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से नैनीताल में भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने शक्ति केंद्रों का गठन किया है। मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की की अध्यक्षता में हुई कार्यकारिणी बैठक में संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से विभिन्न शक्ति केंद्रों के प्रभारियों की नियुक्ति की गई। जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने बताया कि स्नोव्यू क्षेत्र के लिए मोहित लाल शाह, नैनीताल क्लब क्षेत्र में विकास जोशी, मल्लीताल बाजार में काजल आर्य, आयारपट्टा क्षेत्र में मयंक पंत, सुखाताल क्षेत्र में निखिल बिष्ट, अपर मॉल रोड विक्रम राठौर, तल्लीताल बाजार आशा आर्य, कृष्णापुर क्षेत्र प्रदीप आर्य, शेरका डांडा क्षेत्र में आयुष भंडारी को प्रभारी नियुक्त किया है।

# प्रदेश में बनाएं समेकित और लक्ष्य आधारित योजनाएं : मुख्यमंत्री

### सीएम धामी के निर्देश-मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक को तैयार करें ठोस व नवाचारपरक प्रस्ताव

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी 24 जून को वाराणसी (बनारस) में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होने वाली मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की तैयारियों के संबंध में गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्चस्तरीय बैठक की ।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि "इकोलॉजी और इकोनॉमी के समन्वय" की भावना के अनुरूप ऐसे ठोस और नवाचारपरक प्रस्ताव तैयार किए जाएं जो प्रदेश के समग्र, सतत और संतुलित विकास को नई गति प्रदान कर सकें। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को राज्य में बच्चों के पोषण, शारीरिक और मानसिक विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों का भविष्य ही राज्य और देश का भविष्य है, अतः उनके समग्र विकास के लिए एक समेकित और लक्ष्य आधारित योजना बनाई जाए। उन्होंने





मुख्यमंत्री आवास में उच्चस्तरीय बैठक करते सीएम पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

आईसीडीएस (समेकित बाल विकास योजना), खाद्य सुरक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा खेल विभाग को आपसी समन्वय से कार्य करने को कहा, ताकि बच्चों को उचित पोषण, खेल गतिविधियाँ, स्वास्थ्य सेवाएं और मानसिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जा सके।

मुख्यमंत्री ने सभी सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान योजना के अंतर्गत अनिवार्य पंजीकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को इस योजना का लाभ मिले, यह प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने आपातकालीन स्थितियों में त्वरित सहायता के लिए 112 हेल्पलाइन नंबर का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि आम जनता आवश्यक समय पर इस सुविधा का लाभ ले सके। मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग को नियमित रूप से कुपोषण और एनीमिया के मामलों की समीक्षा करने तथा बच्चों की स्थिति में सुधार हेतु अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि जिलास्तर पर ऐसे प्रयासों की निगरानी और मूल्यांकन की व्यवस्था सशक्त की जाए। बैठक में प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, अपर पुलिस महानिदेशक एपी अंशुमन, सचिव विनोद कुमार सुमन एवं महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# जमीन विवादों को प्राथमिकता के आधार पर करें निस्तारित

- आपदा प्रबंधन को लेकर भी जिलाधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश
- आयुक्त दीपक रावत ने कुमाऊं के सभी जिलाधिकारियों के साथ की बैठक

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** आयुक्त दीपक रावत ने गुरुवार को कुमाऊं के सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर जमीन संबंधी शिकायतों पर चर्चा की। साथ ही जनपद स्तर पर लंबित जमीनी विवादों के शीघ्र निस्तारण और मानसून काल में आपदा प्रबंधन की तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

आयुक्त ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समय-समय पर एडीएम और एसडीएम न्यायालयों का निरीक्षण करें और तीन वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। इस संबंध में समस्त जिलाधिकारियों ने बताया कि उनके द्वारा लंबित वादों के निस्तारण की प्रक्रिया गतिमान है। जिनमें से अधिकांश वादों का निस्तारण हो चुका है।



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेते आयुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

शेष का निस्तारण भी शीघ्र ही कर लिया जाएगा।

बैठक में आयुक्त ने कहा कि ऐसे नाले या गदेरे, जहां मानसून काल में अतिवृष्टि के दौरान जन-हानि या संपत्ति को खतरा होता है, उनकी साफ-सफाई कर ली जाए और स्थानीय लोगों को सतर्क रहने के लिए निर्देशित किया जाए।

जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके जनपदों में ऐसे स्थानों के निकट, जहां मार्ग बंद होने की घटनाएं होती हैं, वहां पूर्व से ही जेसीबी मशीनें तथा उनके चालक तैनात कर दिए जाएं, ताकि मार्ग बंद होने की स्थिति में तत्काल प्रभाव से उसे खोला जा सके। इस दौरान कुमाऊं आयुक्त ने जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह से कलसिया, रकसिया और देवखड़ी नालों के संबंध में जानकारी ली।

डीएम ने बताया कि इन नालों की सफाई व उनके चैनेलाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष कार्य के लिए आवश्यक गाड़ी की अनुमति प्राप्त हो गई है, जिसे शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक में कुमाऊं मंडल के समस्त जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी तथा तहसीलदार भी जुड़े।

# स्वयं सहायता समूहों को दें बढ़ावा

- सीएस के निर्देश-समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों का करें उपयोग

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव (सीएस) आनन्द बर्द्धन ने सभी प्रमुख सचिवों, सचिवों, विभागाध्यक्षों और जिलाधिकारियों को स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने के लिए उनके द्वारा निर्मित उत्पादों का उपयोग किए जाने के निर्देश दिए हैं। इस बाबत जारी अपने पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता एवं आजीविका संवर्धन हेतु विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। महिला



सीएस आनन्द बर्द्धन।

समूहों द्वारा खाद्य प्रसंस्करण, कैंटीन संचालन आदि क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है तथा यह महिलाएं खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों का अनुपालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कर रही हैं। सीएस ने निर्देश दिए कि राज्य, जनपद एवं विकास खंड स्तर पर आयोजित सभी शासकीय/अर्ध-शासकीय बैठकों, कार्यक्रमों एवं अन्य समारोह के आयोजनों में कैटरिंग सम्बन्धी आवश्यकताओं हेतु यथासम्भव महिला स्वयं सहायता समूहों का सहयोग लिया जाए एवं उन्हें प्राथमिकता प्रदान की जाए, जिसके लिए परियोजना निदेशक अथवा सहायक परियोजना निदेशक, ग्राम्य विकास से सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने जनपद स्तर पर आने वाले विशिष्ट अतिथियों, महानुभावों के स्वागत कार्यक्रमों के स्मृति-चिन्ह इत्यादि हेतु स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित स्थानीय हस्तशिल्प उत्पादों अथवा हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड के उपहार प्रदान किए जाने पर जोर दिया।

### शिकायतों का करें तेजी से निस्तारण

**देहरादून :** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में रेरा (रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने रेरा प्रोजेक्ट से संबंधित शिकायतों का तेजी से निस्तारण करने के निर्देश दिए। निर्देशित किया कि जो मामले 3 वर्ष से अधिक (2022 से पूर्व के) पेंडिंग है पहले उनको प्रायोरिटी के आधार पर शीघ्रता से निस्तारित करें। निर्देशित किया कि जिन विकासकर्ताओं से वसूली की जानी है उनसे वसूली का कार्य भी तेजी से पूरा करें। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष रेरा अमिताभ मित्रा, सचिव ईला गिरि, उपसचिव अर्पण कुमार राजू तथा अनु सचिव नरेंद्र सिंह रावत बैठक में मौजूद रहे।

# कोहरे की आगोश में लिपटी रही सरोवर नगरी

- सड़कों में लगता रहा जाम, रेंगते नजर आए पर्यटक वाहन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी गुरुवार को कोहरे की आगोश में लिपटी रही। मौसम पूरे दिन सुहावना बना रहा। अलबत्ता सैलानियों की आमद बढ़ने से सड़कों में जाम लगता रहा।

नगर में बुधवार रात रुक-रुक कर झमाझम पानी बरसता रहा, मगर गुरुवार को दिन में बारिश नहीं हुई, लेकिन कोहरा पूरे दिन नगर में छाए रहा। बादल भी पूरे दिन आसमान में डेरा डाले रहे। हालांकि सूर्यदेव भी दर्शन देते रहे। इधर नगर भ्रमण पर सैलानियों का बड़ी संख्या में पहुंचना जारी है। जिस कारण नगर में काफी रौनक रही। होटलों के अधिकांश कमरें पैक हैं और गेस्ट हाउस व होम स्टे



नैनीताल में सेल्फी लेतीं युवतियां। ● अमृत विचार

के भी अधिकांश कमरें पैक हैं। नगर में पार्किंग अभाव के चलते मार्गों पर जाम लगता रहा। जिस कारण सैलानी समेत स्थानीय लोग परेशान रहे। चिड़ियाघर मार्ग पर जाम कई बार लगा, जबकि मस्जिद तिराहे के अलावा मालरोड में वाहन रेंगते नजर आए। इस बीच नगर के पर्यटन स्थल गुलजार रहे। चिड़ियाघर, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन, हिमालय दर्शन व वॉटरफॉल में रौनक रही। वर्षा के बावजूद नगर में दो हजार से अधिक पर्यटक वाहनों ने प्रवेश किया। पिछले दो दिन से सैलानियों की आमद बढ़ने से पर्यटन कारोबारी खुश है। वीकेंड पर सैलानियों की आमद में अधिक बढ़ोत्तरी होगी और सीजन जून अंत तक जारी रहने की संभावना है।

### रिमझिम बारिश के बाद हुई उमस भरी गर्मी

**हल्द्वानी :** शहर में पूर्वाह्न के समय झमाझम बारिश हुई। बारिश करीब आधा घंटा तक होती रही। बारिश के बाद दोपहर में धूप निकल आई और फिर से उमस भरी गर्मी पड़ने लगी। हल्द्वानी में गुरुवार को सुबह से ही मौसम बदला रहा था। आसमान में बादल छाए हुए थे। करीब 11 बजे बारिश का दौर शुरू हो गया। पहले तो तेज बारिश हुई उसके बाद हल्की बूंदाबांदी होने लगी। बारिश के दौरान मौसम पूरी तरह से ठंडा हो गया। दोपहर के समय फिर से धूप निकल गई और उमस भरी गर्मी पड़ने लगी। शहर में अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री रहा। मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री रहा। पहाड़ों में दिन के समय मौसम सुहावना हो रहा है। साथ ही रात के समय ठंड पड़ रही है।

**संभावना** 100 वर्षों से लगातार हो रही हॉकी व क्रिकेट प्रतियोगिता के इस वर्ष होने के आसार कम, डीएसए मैदान को लेकर नगर पालिका व खेल विभाग के बीच है विवाद

# स्वामित्व की लड़ाई, प्रतियोगिताओं के आयोजन पर संकट के बादल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** 100 वर्षों से लगातार आयोजित हो रही ट्रेड्स कप हॉकी प्रतियोगिता पर इस बार संकट के बादल मंडराते नजर आ रहे हैं। नगर पालिका और खेल विभाग के बीच चल रहे मैदान पर स्वामित्व की लड़ाई के चलते इस बार ट्रेड कप हॉकी प्रतियोगिता और अखिल भारतीय रामपुर क्रिकेट प्रतियोगिता होने के संभावना कम नजर आ रही है।

नैनीताल में होने वाली दोनों ऐतिहासिक प्रतियोगिताएं विश्व युद्ध के दौरान भी जारी रही थी। 1945 के द्वितीय विश्व युद्ध में भी ट्रेड्स कप हॉकी जैसी ऑल इंडिया रैंक की हॉकी प्रतियोगिता डीएसए मैदान पर नहीं रुकी। हालांकि अब



नैनीताल का ऐतिहासिक डीएसए खेल मैदान। ● अमृत विचार

दोनों विभागों के आपसी तिकड़म से न केवल ट्रेड्स कप, बल्कि डीएसए मैदान में खेली जाने वाली तमाम प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं के आयोजन पर सवाल खड़ा हो गया है। डीएसए मैदान पर स्वामित्व किसका रहेगा, जिसमें पालिका प्रशासन, जिला क्रीड़ा संघ और खेल विभाग की तिकड़म यह तय नहीं कर पा रही है।

बता दें कि पालिका में प्रशासक के कार्यकाल के दौरान जिला खेल विभाग व जिला क्रीड़ा संघ (डीएसए) के बीच हुए अनुबंध के चलते जिला खेल विभाग खेल मैदान में अपना स्वामित्व जता रहा है। वहीं पालिका प्रशासन इसे बोर्ड गठन के बाद का बताते हुए फैसले को मानने से इनकार कर रहा है। बोर्ड बैठक में पालिका प्रशासन ने इस करार को रद्द कर स्वयं खेल कराने का ऐलान भी कर दिया है। क्लबों के माध्यम से कराई जाने वालों प्रतियोगिताएं सुचारु हैं, जबकि शताब्दी वर्ष पुरानी इन प्रतियोगिताओं पर किसी प्रकार का फैसला होता नजर नहीं आ रहा। उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार नैनीताल में आयोजित होने वाली ट्रेड्स कप हॉकी प्रतियोगिता और अखिल भारतीय रामपुर कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन नहीं होगा।

> पालिका ने बोर्ड बैठक में स्वयं खेल गतिविधियां कराने की घोषणा की थी, लेकिन खेल व खिलाड़ी हित में मैदान की गतिविधियों में कभी भी व्यवधान नहीं किया। प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिताओं को जारी रखने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। **-डॉ. सरस्वती खेतवाल**, पालिकाध्यक्ष।

> डीएसए पूर्व से इन प्रतियोगिताओं को कराता आया है। हम इस वर्ष भी प्रतियोगिता को करने के पक्ष में है। इस बार नैनीताल में होने वाली प्रतियोगिता को 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। लिहाजा शताब्दी वर्ष में प्रतियोगिता का आयोजन अवश्य होना चाहिए। संस्था के माध्यम से पालिका व अन्य से वार्ता की जा रही है। **-अनिल गड़िया**, महासचिव, डीएसए।

> नैनीताल का खेल मैदान राज्य खेल विभाग को लीज पर हस्तांतरित हो गया है। सरकार द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों और खेल कैलेंडर के आधार पर नैनीताल में समय-समय पर खेल प्रतियोगिता आयोजित होती रहेगी। **-निर्मला पंत**, जिला क्रीड़ा अधिकारी, नैनीताल।

# शोभा अध्यक्ष और रितेश बने महासचिव



नगर निकाय कर्मचारी महासंघ के चुने गए पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल नगर निकाय कर्मचारी महासंघ कि गुरुवार को चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। इसमें शोभा चौहान अध्यक्ष, खष्टी साह उपाध्यक्ष व रितेश कपिल महासचिव चुने गए।

मीणा काफलिया उप सचिव निर्वाचित हुई। गुरुवार को नगर पालिका सभागार में नामांकन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सचिव और उप सचिव पदों में एक-एक प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा। सभी पदों में निर्विरोध उम्मीदवार चुने गए। इस मौके पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुनील खोलिया, पीयूष भंडारी, दीपक कुमार व गोपाल नेगी आदि मौजूद रहे।

**आज का मौसम**

आसमान में चटख धूप खिली रहेगी।

| 30.0⁰ | 25.0⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.13 | सूर्यास्त 19.14 |

## एक नजर

### 106 वाहनों के चालान दो किए सीज

**हल्द्वानी :** परिवहन विभाग की प्रवर्तन कार्रवाई के तहत गुरुवार को चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने 106 वाहनों के चालान और 2 वाहनों को सीज किया गया। सीज किए वाहनों में एक कार और एक जेसीबी भी शामिल हैं। सहायक परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) जितेंद्र संगवान के नेतृत्व में परिवहन कर अधिकारी नंदन प्रसाद ने नैनीताल और गोविंद सिंह ने हल्द्वानी-चोरगलिया मार्ग पर प्रवर्तन कार्रवाई की। इसमें 21 टैक्सी बाइक का परमिट शर्तों के उल्लंघन और 34 ओवरस्पीड वाहनों का चालान भी किया। प्रवर्तन कार्रवाई में परिवहन निरीक्षक गिरीश कांडपाल, आरसी पवार, अनिल कार्की, चंदन सुप्याल, अरविंद हयांकी, गोधन सिंह, चंदन ढैला, प्रवर्तन चालक महेंद्र कुमार, केसर सिंह, विनोद कुमार आदि शामिल रहे।

### उपसचिव उच्च शिक्षा ने किया एमबीपीजी का निरीक्षण

**हल्द्वानी :** उपसचिव उच्च शिक्षा, व्योमकेश दुबे ने गुरुवार को एमबीपीजी कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज के सभी विभागों का भ्रमण किया। उन्होंने महाविद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के विभिन्न पहलुओं पर प्राचार्य प्रोफेसर एनएस बनकोटी से चर्चा की। महाविद्यालय में पुराने हो चुके जर्जर भवनों के स्थान पर नए निर्माण को आधुनिकता के साथ जी+4 भवनों के निर्माण को प्राथमिकता देने की बात कही। साथ ही उन्होंने कॉलेज के सांस्कृतिक धरोहर भवन का भी निरीक्षण किया। मालूम हो कि उप सचिव आधिकारक दौरे पर नैनीताल पहुंचे थे। इसी दौरान वह एमबीपीजी कॉलेज पहुंचे।

### पिता-पुत्र की जोड़ी ने खिलाया गुल, सजायाफ्ता जिंदा अफजाल के डेथ सर्टिफिकेट के बाद जांच में मिले और मौत के प्रमाण पत्र

# बनभूलपुरा : जिंदा हैं फिर भी दफन हैं, कब्र खोद रही खाकी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** कब्रिस्तान मुर्दों के लिए होता है, लेकिन बनभूलपुरा के कब्रिस्तान में जिंदा इंसान भी दफन किए जाते हैं। चौंकिए मत, क्योंकि ये सच है और पुलिस की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है खुलासे अचंभित कर रहे हैं। ये वही कब्रिस्तान है, जिसमें जिंदा अफजाल को मुर्दा बनाकर दफन कर दिया गया और असल में वह आज भी जिंदा घूम रहा था। जब अफजाल का डेथ सर्टिफिकेट सामने आया तो हड़कंप मच गया। इस मामले में बनभूलपुरा कब्रिस्तान कमेटी के पदाधिकारी रहे पिता-पुत्र की जोड़ी ने मिलकर गुल खिलाया। जांच में सामने आया कि इस जोड़ी ने सिर्फ अफजाल ही नहीं बल्कि कई जिंदा को जीते-जी मुर्दा बना दिया।

बनभूलपुरा में जिंदा को मुर्दा दिखाने का खेल तब खुला जब एक जिंदा आदमी लाइन नंबर 12 बनभूलपुरा निवासी अफजाल पुलिस के पास पहुंचा। मूलरूप से बिजनौर उत्तर प्रदेश का रहने वाला अफजाल यहां परिवार के साथ रहता है और वर्ष 2012 में बनभूलपुरा में हुई एक हत्या के मामले में उसे उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया कि कब्रिस्तान कमेटी में शामिल इकबाल अंसारी और उसके बेटे तनवीर उर्फ सादिक ने अफजाल की मां से संपर्क किया। उन्हें बताया कि अगर वह अफजाल का डेथ सर्टिफिकेट बना लेते हैं तो जमानत पर बाहर आए अफजाल को दोबारा जेल नहीं जाना पड़ेगा। क्योंकि कानून की नजर में वह मर चुका होगा, लेकिन जब अफजाल को इसका पता लगा तो वह पुलिस के पास पहुंच गया।

पुलिस की जांच आगे बढ़ी तो पता लगा कि जालसाज पिता-पुत्र ने बनभूलपुरा क्षेत्र के पूर्व पार्षद सबूर कबाड़ी के बेटे का भी डेथ सर्टिफिकेट बनाया था। जबकि उसकी मौत दिल्ली में एक सड़क हादसे में हुई थी और उसे दफनाया भी वहीं गया था। इसके अलावा अफजाल के पिता सैयद शाने अली का डेथ सर्टिफिकेट बनाया, जिसकी मौत बरेली में हुई और उसे भी बरेली में ही दफनाया गया था। यह सारा खेल पिता-पुत्र ने पैसों के लिए खेला। पुलिस का कहना है कि यह खेल कब से चल रहा है, इसकी जांच जारी है, लेकिन इनके अलावा भी कई और ऐसे नाम सामने आए हैं जो वास्तव में जिंदा हैं, लेकिन उनका डेथ सर्टिफिकेट बना दिया गया है। सीओ सिटी नितिन लोहनी का कहना है कि जांच में कुछ और मामले सामने आए हैं। जांच के बाद जल्द ही मामले में बड़ा खुलासा होगा।

#### तीन और मामले आए थे सामने

सूत्रों का कहना है कि डेथ सर्टिफिकेट के जो तीन मामले सामने आए हैं, उनमें एक डेथ सर्टिफिकेट वर्ष 2014 में बनाया गया। ऐसे में यह पुख्ता है कि डेथ सर्टिफिकेट के लिए फर्जी रसीदें काटने का खेल सालों से चल रहा है। इसके बाद पुलिस ने कई पार्षद और बनभूलपुरा क्षेत्र के पटवारी भी पूछताछ की है। दरअसल, बिना पार्षद की सहमति और पटवारी की रिपोर्ट के बिना डेथ सर्टिफिकेट नहीं बन सकता।

#### एक शपथ पत्र और सबकी आंखें बंद

अधिकारी या कर्मचारी किसी तरह झंझट मोल नहीं लेते। फिर डेथ सर्टिफिकेट बनाना हो या फिर कुछ और। अधिकारी तो आवेदक से एक शपथपत्र ले लेते हैं, जिस पर लिखा होता है कि उसके द्वारा दी गई जानकारी का जिम्मेदार वो खुद है। इस शपथपत्र के मिलते ही प्रमाणपत्र बनाने वाले और जांच करने वाले सभी लोग आंखे बंद कर लेते हैं। क्योंकि भविष्य में कुछ होता है तो फंसेगा वही जिसने शपथ पत्र दिया होगा।

## मुक्तेश्वर में भाइयों से मारपीट कर नगदी लूटी

**हल्द्वानी :** यूपी के मुजफ्फरनगर से फेरी लगाने लोगों की कार के शीशे तोड़कर लूटपाट की गई। जान बचाकर बनभूलपुरा पहुंचे तो थाने में तहरीर दी। इस्लाम नगर खतौली मुजफ्फरनगर यूपी निवासी वसीम ने बताया, वो अपने भाई फरदीन के साथ मंगलवार को कालापातल चौक मुक्तेश्वर में कार से फेरी लगाने पहुंचे थे। यहां कुछ लोगों ने रोका, नाम पूछा और पीटने लगे। कुछ ने दराती से हमला किया। कार का शीशा तोड़ दिया और उनका माल व 8 हजार की नगदी लूट ली। गुरुवार को उन्होंने अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि जीरो एफआईआर दर्ज कर संबंधित थाने को ट्रांसफर किया जा रहा है।

# फईम हत्याकांड की जांच को एसआईटी गठित

### एसआईटी को हर माह प्रगति रिपोर्ट हाईकोर्ट के समक्ष पेश करने के निर्देश, इंस्पेक्टर नीरज भाकुनी का तबादला

**हाईकोर्ट समाचार 1**

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** उत्तराखंड उच्च न्यायालय की सख्ती के बाद राज्य सरकार ने हल्द्वानी बनभूलपुरा के फईम हत्याकांड के लिये विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) का गठन कर दिया है। साथ ही, हल्द्वानी दंगा और इस मामले की जांच कर रहे बनभूलपुरा थाना के प्रभारी निरीक्षक नीरज भाकुनी का नैनीताल जिले के बाहर पिथौरागढ़ स्थानांतरण कर दिया गया है।

डीजीपी की ओर से यह वक्तव्य गुरुवार को हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ के समक्ष दिया गया। डीजीपी की ओर कहा गया कि फईम हत्याकांड की जांच के लिये पुलिस अधीक्षक (एसपी) जगदीश चंद्रा की अगुवाई में एसआईटी टीम का गठन किया गया है। अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद एसआईटी को प्रत्येक महीने जांच की प्रगति रिपोर्ट खंडपीठ के समक्ष पेश करने का भी निर्देश दिया है। इससे पहले बुधवार को खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए डीजीपी को 24 घंटे के अंदर एसआईटी के गठन और जांच अधिकारी का जिले से बाहर स्थानांतरण के निर्देश दिए थे। इस मामले को मृतक फईम के भाई परवेज उर्फ बबलू की ओर से चुनौती दी गयी है। वर्ष 2024 में दायर याचिका में आरोप लगाया गया कि उसके भाई की जान आठ फरवरी, 2024 को हल्द्वानी दंगा में नहीं गयी है। कुछ लोगों ने उसके भाई की गोली मारकर हत्या कर दी थी। आरोपियों ने उनके घर के बाहर वाहनों को भी आग लगा दी थी। यह भी कहा गया कि पुलिस को शिकायत दी गयी लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गयी। बाद में निचली अदालत के आदेश पर छह मई, 2024 को अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। याचिकाकर्ता ने यह भी कहा कि पुलिस ने इस मामले में अंतिम रिपोर्ट लगा दी और मौत के लिए हल्द्वानी दंगा को जिम्मेदार ठहराया गया है।

## बिना शिकायत जांच, स्थानांतरण पर फटकार

विधि संवाददाता, नैनीताल

**2**



● **हाईकोर्ट ने की डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर की याचिका पर सुनवाई**

**अमृत विचार:** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तरकाशी डिग्री कॉलेज में कार्यरत दंपती एसोसिएट प्रोफेसर को पिथौरागढ़ डिग्री कॉलेज से सम्बद्ध करने सहित उनके खिलाफ की जा रही जांच कार्यवाही पर रोक लगाने के मामले पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने सुनवाई के बाद अगली सुनवाई हेतु 7 जुलाई की तिथि नियत की है।

पूर्व के आदेश पर बुधवार को अनुसचिव सचिव की जगह पर उप सचिव और प्रिंसिपल सहित जांच अधिकारी कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए। खंडपीठ ने उन्हें फटकार लगाते हुए कहा कि बिना शिकायत की जांच करके कैसे उनको स्थानांतरित कर दिया। जो आप कोर्ट को बता रहे हैं, उसे शपथपत्र में क्यों नहीं कहा। इसको भी शपथपत्र में पेश करें। खंडपीठ ने आईओ से कहा कि क्यों नहीं आपका तबादला किया जाए। उनका स्थानांतरण करने से पहले की गई शिकायतों की विभागीय जांच की जानी थी। बिना जांच किए उनका स्थानांतरण कर दिया, वह भी गम्भीर आरोपों के साथ? अगर आरोप सही थे तो क्यों स्थानांतरण आदेश वापस लिया? उसे कारण बताकर शपथपत्र में क्यों नहीं लिखा।

मामले के अनुसार, उत्तरकाशी डिग्री कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रमेश सिंह व उनकी पत्नी ने याचिका दायर कर कहा कि उच्च शिक्षा विभाग ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के मौके पर 14 अप्रैल को कॉलेजों को खोलने व अम्बेडकर जयंती मनाने के निर्देश दिए थे किंतु कॉलेज के प्रधानाचार्य ने 14 अप्रैल के बजाय 12 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती मनाने का आदेश दिया था, जिसका याची ने विरोध किया, जिससे नाराज होकर प्रधानाचार्य ने दो साल पुराने झूठे यौन शोषण के आरोप में याचिकाकर्ता डॉ. रमेश सिंह को दीर्घ अवकाश पर भेज दिया जबकि यौन शोषण की न तो कहीं शिकायत है और न ही एफआईआर। डॉ. रमेश सिंह ने उक्त आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। तब हाईकोर्ट ने उक्त आदेश पर रोक लगा दी किन्तु 16 अप्रैल को उच्च शिक्षा विभाग के अनु सचिव ने एक आदेश जारी कर डॉ. रमेश सिंह व इसी कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर उनकी पत्नी को 300 किलोमीटर दूर पिथौरागढ़ कालेज से सम्बद्ध कर दिया।

## आधी बोतल पीकर खाया जहर, बाथरूम में मिला शव

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- **मुखानी थानाक्षेत्र में रहने वाले युवक ने टीपीनगर के एक होटल में लिया था कमरा**
- **परिजनों की मौजूदगी में दरवाजा तोड़कर निकाला शव, जांच में जुटी पुलिस**

**अमृत विचार :** हल्द्वानी कोतवाली की टीपीनगर चौकी क्षेत्र स्थित एक होटल में युवक ने कमरा लिया। कमरे में उसने पहले तो जमकर शराब पीकर और फिर जहर को गोलियां निगल लीं। अगले दिन पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो उसका शव बाथरूम में पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक मुखानी थानाक्षेत्र के हरिपुर नायक निवासी मनोज रौतेला (29) पुत्र ध्यान सिंह रौतेला यहां परिवार के साथ रहता था। बीते बुधवार को वह टीपीनगर चौकीक्षेत्र के देवलचौड़ स्थित हाईनेक्स होटल पहुंचा। उसने एक दिन के लिए रूम बुक किया। होटल स्टाफ के मुताबिक गुरुवार सुबह 10 बजे उसे कमरा खाली करना था, लेकिन जब एक बजे तक वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो स्टाफ उसके कमरे में पहुंचा। कमरा अंदर से बंद था। स्टाफ ने कई बार आवाज दी, लेकिन कमरे के अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। जिस पर होटल स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची। होटल में दर्ज कराए पते के आधार पर पुलिस ने मनोज के परिजनों से संपर्क कर उन्हें मौके पर बुलाया।

परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने होटल के कमरे का दरवाजा तोड़ा तो पाया कि मनोज का शव बाथरूम में पड़ा था। कमरे से पुलिस ने शराब की आधी खाली बोतल और सल्फास की डिब्बी बरामद की है। कोतवाल राजेश कुमार यादव का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। युवक ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसकी जांच की जा रही है।

## सड़क सुरक्षा के तहत रोड एजेंसियों की जवाबदेही तय

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अब लोनिवि, एनएच व अन्य रोड एजेंसियों की जिम्मेदारी भी तय की गई है। सभी विभाग सड़क किनारे अतिक्रमण के विरुद्ध एक्शन लेंगे। विभागों की ओर से अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया जाएगा। निर्धारित समय में अतिक्रमण नहीं हटाने पर कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि अभी तक सड़क किनारे अतिक्रमण पर नगर निगम की ओर से कार्रवाई की जाती थी। सड़क सुरक्षा की बैठक में निगम के साथ ही रोड एजेंसियों को जिम्मेदारी दी गई है। जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

यह भी निर्णय लिया गया कि गंभीर मरीज को लेकर एंबुलेंस के सड़क पर निकलने पर पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी जाएगी जिसके बाद एंबुलेंस बिना किसी बाधा के आसानी से सड़क पर दौड़ सकती है। इधर, बीते दिनों कैंची धाम मार्ग पर लगे जाम के कारण एक एंबुलेंस काफी देर तक जाम में फंस गई थी और व्यक्ति को देरी से इलाज मिलने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इसे ध्यान में रखते हुए सड़क सुरक्षा की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। जिसमें जिले के 8 स्कूलों को चिन्हित किया गया है, जिसके पास स्पीड ब्रेकर बनाए जाएंगे। इसी तरह नैनीताल शहर में आंतरिक मार्गों पर सार्वजनिक वाहन चलाए जाने का निर्णय लिया गया है। इधर, लोनिवि के ईई रत्नेश सक्सेना ने बताया कि सड़क किनारे किए जा रहे अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं। आरटीओ प्रवर्तन गुरदेव सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर विभाग की ओर से लगातार प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। साथ ही सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जागरुकता के लिए भी कार्य किया जा रहा है।

## मौत मामले में पांच माह बाद केस दर्ज

**हल्द्वानी :** करीब पांच माह पूर्व हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र के बेलबाबा मंदिर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने कार सवार को अपनी चपेट में ले लिया था। 31 जनवरी को हुए इस हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई थी। मार्च में मृतक की पत्नी ने पुलिस को तहरीर सौंपी और अब जून में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

मूलरूप से मल्लीताल नैनीताल की रहने वाले कनिष्का भट्ट ने पुलिस को बताया कि उनके पति मूलरूप से बीकानेर के रहने वाले हैं। बताया कि बीती 31 जनवरी की रात करीब 1 बजे उनके पति जयेंद्र सेवदा अपनी कार से हल्द्वानी से दिल्ली जा रहे थे। बेल बाबा मंदिर के पास ट्रक ने कार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में जयेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। उनका अंतिम संस्कार बीकानेर में किया गया। अंतिम क्रिया कर्म में व्यस्त रहने के कारण कनिष्का ने 7 मार्च को तहरीर सौंपी। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## जमीन का नक्शा बदला तो प्राधिकरण ने रिपोर्ट लिखाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** खरीदी गई जमीन की जमीनी हकीकत वास्तविक रूप में कुछ और थी, जबकि नक्शे में कुछ और। इस जमीन के नक्शे भी दो थे। पहले नक्शे में सबकुछ ठीक था, लेकिन दूसरे नक्शे में घालमेल कर दिया। ये घालमेल एक महिला ने अपने ही हाथ से कर दिया। मामले की प्राधिकरण ने जांच कराई तो जमीन की खरीदार महिला फंस गई। अब इस मामले में जिला स्तरीय प्राधिकरण की जेई ने आरोपी महिला के खिलाफ हल्द्वानी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

प्राधिकरण के मुताबिक गायत्रीनगर दमुवाढूंगा बंदोबस्ती निवासी जानकी शाह पत्नी अमित शाह की एक जमीन राजस्व ग्राम दमुवादूंगा बन्दोबस्ती में है, जिसका रकबा 265.70 वर्ग मीटर है। इस पर का वर्ष 2009 और 2016 में भवन मानचित्र भी बनवाया गया। बताया जा रहा है कि जानकी ने जब जमीन खरीदी होगी तो जमीन पर भूमि की पैमाइश कुछ और थी, लेकिन जब उन्होंने कब्जा लिया तो पैमाइश कुछ और मिली। इस पैमाइश को बजाय सीधे तरीके से ठीक कराने के जानकी ने जालसाजी की। जानकी शाह ने कपटपूर्ण तरीके से विक्रय विलेख में कूट रचना करते हुए दोनों मानचित्र स्वीकृत कराए। इसके लिए उन्होंने रजिस्ट्री में जमीन की पैमाइश को हाथ से बदल डाला। यानी बैनामे में कूट रचना और दस्तावेजों में जालसाजी करते हुए मानचित्र स्वीकृत कराए गए। मामला न्यायालय संयुक्त सचिव, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यलाय तक पहुंचा तो जांच हुई। जांच में सामने आया कि जानकी ने जमीन की लंबाई-चौड़ाई से रजिस्ट्री में छेड़छाड़ की थी। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय की जेई शिल्पी की तहरीर पर जानकी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## लोहारखाम ताल के संरक्षण की मांग को लेकर दिया धरना

संवाददाता, हल्द्वानी



बुद्ध पार्क में धरना देते लोहारखाम ताल कुंड बचाओं संघर्ष समिति के सदस्य।

**अमृत विचार:** लोहारखाम ताल के संरक्षण की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ताल का ध्यान नहीं दिया गया तो उग्र आंदोलन होगा।

गुरुवार को लोहारखाम ताल बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले क्षेत्रवासियों ने बुद्ध पार्क में धरना दिया। वक्ताओं ने कहा कि लोहारखाम ताल, डोबा और हरीशाताल के मध्य स्थित है, यह केवल एक जलाशय नहीं बल्कि क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर है। यहां हर साल वैशाखी पूर्णिमा पर मेला लगता है।इस कुंड में स्नान को गंगा स्नान के समान पुण्य माना जाता है। यह कुंड 75 गांवों की आस्था का केंद्र है। राज्य सरकार की अनदेखी की वजह से यह पवित्र स्थल बदहाल हो गया है। सड़क निर्माण से निकलने वाला मलबा इस ताल में फेंका जा रहा है जिससे न केवल ताल का स्वरूप बदल रहा है बल्कि भूस्खलन का भी खतरा बढ़ गया है। पहाड़ काट कर एक और सड़ब बना दी जिसे पवित्र कुंड को ज्यादा नुकसान हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण के मलबे का निस्तारण अन्यत्र करने को कहा है। उन्होंने ताल की सुरक्षा के लिए मजबूत सुरक्षा दीवार और चेकडैम के साथ पवित्र कुंड और ताल का संरक्षण करने की अपील की है। चेतावनी दी कि यदि जल्द ही तालाब संरक्षण के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की तो व्यापक जन आंदोलन होगा। इस दौरान मनोज मटियाली, दीपक मेवाड़ी, राजू मटियाली, तारा गौनिया, बृजेश गौनिया, दीपक गौनिया, नंदन गौनिया, लक्की भट्ट, हरीश मटियाली, नीरू मटियाली, उमेश भट्ट, अकेश आर्या, कमल आर्या आदि रहे।

## सलाखों के पीछे पहुंचा इवेंट मैनेजर से दुष्कर्म करने का आरोपी जीएम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



पुलिस की हिरासत में दुष्कर्म का आरोपी रोहित बेलवाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर के एक बड़े होटल में जीएम के पद पर तैनात रोहित बेलवाल को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उस पर दिल्ली में रहने वाली युवती से दुष्कर्म करने का आरोप है। इवेंट मैनेजमेंट करने वाली युवती को जीएम ने इवेंट कराने का झांसा देकर शहर बुलाया था। पुलिस ने आरोपी पुलिस चौकी बुलाकर उसकी गिरफ्तारी की। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

दिल्ली निवासी 27 वर्षीय युवती ने पुलिस को बताया था कि वह इवेंट मैनेजमेंट का काम करती है। मंगलवार को नैनीताल रोड स्थित एक बड़े होटल के जीएम सवाल्दे रामनगर निवासी रोहित बेलवाल ने उसे इवेंट कराने के नाम पर हल्द्वानी बुलाया। उसे दूसरे होटल में ठहराया। युवती हापुड़ निवासी अपनी एक सहेली के साथ आई थी। आरोप लगाया कि मंगलवार रात रोहित जबरन उनके कमरे में घुस गया। कमरे में बैठकर शराब पी और दुष्कर्म किया। युवती के चिल्लाने पर आरोपी रोहित मौके से फरार हो गया। युवती ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस का कहना है कि जब वह मौके पर पहुंचे तो युवती रो रही थी। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि युवती की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दबिश शुरू की गई। इधर, पुलिस ने आरोपी को चौकी बुलाकर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया और न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

### प्रदेश में 78 नए इंस्पेक्टरों के हुए तबादले

**हल्द्वानी :** पुलिस मुख्यालय ने बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी समेत दरोगा से इंस्पेक्टर बने 78 पुलिस अधिकारियों के तबादले कर डाले। नीरज भाकुनी भी हाल में ही पदोन्नत होकर सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर बने हैं। कुमाऊं में विकास कुमार का यूएस नगर से पिथौरागढ़, दीवान सिंह बिष्टका ऊधमसिंह नगर से चम्पावत, राजेश पाण्डे का यूएस नगर से पिथौरागढ़, देवेन्द्र गौरव का यूएस नगर से पिथौरागढ़, हरेन्द्र सिंह नेगी का नैनीताल से पिथौरागढ़, कैलाश चन्द्र जोशी का हल्द्वानी से पिथौरागढ़, धीरेन्द्र कुमार पन्तका यूएस नगर से एसटीएफ, विनोद जोशी का यूएस नगर से अल्मोड़ा, अशोक कुमार का यूएस नगर से अल्मोड़ा, जसवीर सिंह चौहान का ऊधमसिंह नगर से नैनीताल, सतीश कुमार शर्मा का यूएस नगरसे पिथौरागढ़, रजत सिंह कसाना नैनीताल से बागेश्वर, प्रकाश सिंह मेहरा का नैनीताल से अल्मोड़ा, विजय सिंह नैनीताल से बागेश्वर, सुशील कुमार का अल्मोड़ा से नैनीताल स्थानांतरण किया गया है। इनके अलावा कुल 78 इंस्पेक्टरों के तबादले किए गए हैं।

## सुभाष नगर और बमौरी में नहीं होने देंगे अन्याय: सुमित हृदयेश

संवाददाता, हल्द्वानी



महापंचायत को संबोधित करते हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सुभाष नगर में प्रशासन ने अतिक्रमण को लेकर 140 परिवारों को नोटिस दिए थे। इसके खिलाफ गुरुवार को सुभाष नगर स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में महापंचायत हुई।

विधायक सुमित हृदयेश ने प्रशासन की कार्रवाई को अमानवीय और तानाशाही रवैया बताया। कहा कि वर्षों से बसे परिवारों को उनके मकान तोड़ने का तुगलकी फरमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह केवल घरों को बचाने की नहीं, बल्कि इंसाफ और मानवीय अधिकारों की लड़ाई है। इसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठाएंगे और ज़रूरत पड़ी तो न्यायालय तक भी जाएंगे। विधायक सुमित हृदयेश ने बमौरी क्षेत्र का भी दौरा किया, जहां उन्होंने नाले के नाम पर उजाड़े जा रहे परिवारों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें भी हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कहा कि बमौरी क्षेत्र के साथ भी अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। राहुल छिम्वाल, दीप पाठक, पूरन चंद्र बवाड़ी, सतनाम सिंह चटवाल, मुकुल बल्यूटिया, हेम चंद्र जोशी, गोपाल दत्त जोशी, शशि वर्मा, हेमा कर्नाटक, ममता कुलौरा, सुनीता बुधानी, शांति देवी, बिमला तिवारी, नीमा चौहान, हेमा लटवाल, कन्नू सुयाल, कन्नू जोशी, कुंदन सिंह, जगदीश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### गौला में फावड़े-बेल्चों की खनखनाहट बंद, 128 करोड़ का मिला राजस्व

**हल्द्वानी :** गौला नदी में गुरुवार को फावड़े व बेल्चों की खनखनाहट बंद हो गई है। खनन सत्र 2024-25 में गौला नदी से 128 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है।

गौला नदी में लक्ष्य पूरा नहीं होने पर नदी में 19 जून तक खनन सत्र बढ़ाया गया था जो गुरुवार को समाप्त हो गया। वन विकास निगम से मिली जानकारी के मुताबिक गौला नदी से 39 .18 लाख घनमीटर और नंधौर नदी से 6 .38 लाख घनमीटर था। वन निगम ने इस लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है जिससे नंधौर नदी से 15 करोड़ और गौला नदी से 128 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। इस तरह दोनों नदियों से 143 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। इधर, गुरुवार की शाम तक गौला नदी से वाहनों से निकासी होती रही। इसके बाद नदी के सभी निकासी गेट बंद कर दिए गए। इसी के साथ वन विभाग ने गौला नदी में अवैध खनन की रोकथाम के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। गौला रेंज के वन क्षेत्राधिकारी चंदन सिंह अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को खनन सत्र संपन्न हो गया।

## सार-संक्षेप



साइकिलों के साथ मौजूद मेधावी विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### 15 मेधावी विद्यार्थियों को वितरित कीं साइकिलें

**रामनगर :** समर्थन ट्रस्ट बैंगलोर के तत्वावधान में टीएमएफ ग्रुप की ओर से छोई स्थित एक रिसॉर्ट में राजकीय इंटर कॉलेज ढिकुली के 15 मेधावी विद्यार्थियों को साइकिल एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। समर्थन ट्रस्ट के स्कूल कार्यक्रम समन्वयक उत्तर भारत मोहित सिंह व रामनगर के समाजसेवी शिखर भट्ट के सहयोग से बच्चों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रवक्ता दिनेश चंद्र सिंह रावत एवं 15 मेधावी विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। टीएमएफ ग्रुप की ओर से सीएसआर टीम लीडर पूजा समेत प्रबंधन मंडल ने विद्यार्थियों को यह पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य आसाराम निराला, बाल कल्याण समिति ढिकुली के अध्यक्ष इंजीनियर ललित मोहन छिमवाल, उपाध्यक्ष प्रोफेसर गोविंद सिंह रावत, ऑडिटर एनके नैनवाल, प्रभात सक्सेना, अखिलेश मैंदोला, हिमांशु बिनवाल, एसएमसी अध्यक्ष प्रकाश सती एवं पीटीए अध्यक्ष उमेश अधिकारी मौजूद रहे।



चकुलवा क्षेत्र में खेत में घूमते आवारा पशु। ● अमृत विचार

### चकलुवा में फसलों को बर्बाद कर रहे आवारा पशु

**कालाढूंगी :** चकलुवा क्षेत्र में आवारा पशुओं का आंतक दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों में प्रशासन के खिलाफ आक्रोश पनप रहा है। किसान वर्ग को अवारा पशुओं के कारण नुकसान झेलना पड़ रहा है। चकलुवा के रतनपुर, देवीपुरा, पूरनपुर व विदरामपुर के आसपास के ग्रामीण प्रवीन कुमार, भीम सिंह कुमटीया, बलविंदर सिंह, सन्नी, हैप्पी वालिया, रामू अटवाल, टीका राम, इंद्र अटवाल, हरीश अटवाल व विपिन चंद्र ने बताया कि आवार पशु उनकी फसल, सब्जी व पशुओं के चारे को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे उन्हें आर्थिक क्षति पहुंच रही है। दिन प्रतिदिन आवारा पशुओं की तादाद बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि किसान पहरा देने को मजबूर है। इसके बावजूद आवारा पशु उनकी फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। आरोप है कि कई बार अधिकारियों से समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की गई, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। इस कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन ग्रामीणों ने प्रशासन से इस समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की है।




कैंडल मार्च निकालते एमबीबीएस के विद्यार्थी व डॉक्टर। ● अमृत विचार

### अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**हल्द्वानी :** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए लोगों के लिए कैंडल मार्च निकाला गया। उल्लेखनीय है कि हादसे में यात्रियों के साथ ही कई डॉक्टरों की भी मृत्यु हुई थी। एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं ने कैंडल मार्च निकाला और श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान एसटीएच के एमएस डॉ. आरजी नौटियाल, डॉ. साधना अवस्थी, डॉ. दीपा देऊपा, डॉ. कुणाल समेत कई डॉक्टर भी मौजूद रहे।

# लाखों की लागत लगी, फिर भी ठप पड़े ट्रैफिक सिग्नल

## रामनगर के भवानी गंज व लखनपुर चौराहे पर लगाए गए थे सिग्नल

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** पर्यटक सीजन में जाम से निजात दिलाने के लिए यातायात नियंत्रण के नाम पर भवानीगंज और लखनपुर चौराहे पर लगाए गए ट्रैफिक सिग्नल पूरी तरह से सफेद हाथी बनकर रह गए हैं। इन दो सिग्नल को लगाने में लाखों रुपये लगाए गए। इसका खुलासा कानून के सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार की ओर से सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई जानकारी से हुआ।

यातायात के बढ़ते दबाव, वाहनों की बढ़ती संख्या व ट्रैफिक पुलिस की कमी का हवाला देते हुए सन 2021 में रामनगर में लखनपुर एवं भवानी गंज चौराहे पर सिग्नल लगाने की संस्तुति की गई। भवानीगंज में 8 लाख 13 हजार 846 की लागत से इसे लगाया गया। इतनी ही लागत से लखनपुर चुंगी पर भी ट्रैफिक सिग्नल लगाया गया, लेकिन लगने के कुछ ही दिन बाद इन सिग्नल ने काम करना बंद कर दिया और यातायात व्यवस्था अपने पुराने ढर्रे पर चलने लगी।



भवानी गंज चौराहे पर लगा सिग्नल।

इनका खरीद आर्डर देखने से पता चलता है कि इन सिग्नल की कोई भी गारंटी या वारंटी का क्लाज उसमें नहीं था। 8 लाख प्रति सिग्नल की खरीद में पुलिस ने इसकी जरूरत क्यों नहीं समझी, ये बात हैरान करने वाली है। सवाल यह है कि अगर ट्रैफिक जाम बना ही रहना था, तो फिर इतना पैसा क्यों बर्बाद किया गया। इसके लिए कौन जवाबदेह होगा।

कानून के रिटायर्ड प्रोफेसर कानून के रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार कहते हैं कि यदि कोई इमरजेंसी होती है तो जाम के चलते आम इंसान कैसे डॉक्टर के पास पहुंचेगा या एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड समय रहते कैसे अपने गंतव्य तक तक पहुंचेगी। यह बड़ा सवाल है। उन्होंने दो टूक कहा कि अगर ट्रैफिक सिग्नल में सुधार नहीं किया गया, तो वे इस मामले को लेकर जल्दी ही अदालत जाएंगे।

## सड़क हादसे में बैंक कर्मी की मौत

**रामनगर:** ग्राम बैलपड़ाव क्षेत्र में आईआरबी के समीप सड़क दुर्घटना में रामनगर निवासी एक बैंक कर्मी की मौत हो गई। रामनगर के ग्राम जोगीपुरा निवासी 31 वर्षीय जितेंद्र कुमार पुत्र खुशाली राम रुद्रपुर में आईसीआई बैंक में नौकरी करते थे। बुधवार की रात को वह अपनी कार से वापस रामनगर की ओर अपने घर आ रहे थे। इसी बीच बैलपड़ाव आईआरबी के समीप उनकी कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए तुरंत रामनगर के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। घटनास्थल बैलपड़ाव कालाढूंगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। मामले में अग्रिम कार्रवाई कालाढूंगी थाना क्षेत्र से की जाएगी।



जितेंद्र कुमार। (फाइल फोटो)



रामनगर में मदरसों की जांच के लिए जाती टीम। ● अमृत विचार

# मदरसे के सीसीटीवी कैमरे का कक्ष सील

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** प्रशासन की संयुक्त टीम ने रामनगर में गुरुवार को पांच मदरसों का औचक निरीक्षण किया। इस अभियान के तहत एक मदरसे के सीसीटीवी कैमरे के कक्ष को सील करने की कार्रवाई की गई।

चार स्थानों पर सभी चीज सही पाई गई और मदरसों का संचालन बंद पाया गया। मोहल्ला खताडी स्थित नूरी मस्जिद के पास एक मदरसे में संचालन की गतिविधियां संचालित करने की शिकायत मिली थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर इस मदरसे का निरीक्षण किया। मदरसा के दो मंजिल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरे कक्ष का निरीक्षण किया, तो मौके पर मौजूद संचालक ने सीसीटीवी कैमरे का पासवर्ड उपलब्ध नहीं कराया। इस कक्ष को सील करने की कार्रवाई की गई। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि अवैध मदरसों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। टीम ने तीन मदरसों को सील करने की कार्रवाई की है। टीम में तहसीलदार मनीषा मरकाना, सहायक अल्पसंख्यक अधिकारी जसविंदर सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी हवलदार सिंह, राजस्व उप निरीक्षक राहुल आर्य, राजस्व उप निरीक्षक दीपक टम्टा व हेड कांस्टेबल तालिब हुसैन आदि शामिल रहे।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर फल वितरित किए

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन दमुवाढूंगा स्थित आश्रय सेवा समिति में निराश्रितों व बुजुर्गों को फल वितरित कर मनाया गया।

महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने राहुल गांधी के दीर्घायु होने की कामना की। उन्होंने कहा कि राहुल के कुशल नेतृत्व में ही यह देश तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ सकता है, उनकी युवा सोच देश के युवाओं करण धारों को एक नया विजन देने में कामयाब होगी इस अवसर पर आश्रय सेवा समिति के अध्यक्ष प्रकाश डिमरी, महेश आनंद, चंदन भाकुनी, शंकर कोहली, गणेश टम्टा, अलका आर्य व पान नेगी मौजूद रहे।



रामनगर के मालधन क्षेत्र में आयोजित शिविर में जांच कराते लोग। ● अमृत विचार

### रामनगर में लगाया स्वास्थ्य शिविर

रामनगर : युवा कांग्रेस की ओर से ग्राम मालधन क्षेत्र में राहुल गांधी के जन्मदिन पर स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें 50 से ज्यादा लोगों ने आंख, दांत व अन्य जांच करवाई। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष नितिन शाह, विधानसभा अध्यक्ष अमित कुमार आदि मौजूद रहे। उधर, कांग्रेस कार्यालय में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया। भुवन शर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में महेंद्र प्रताप सिंह बिष्ट, अनिल खुलासा, वीरेंद्र लटवाल, महेश पांडे, नजाकत अली, अनीस खान, देश बंधु रावत, अनीस खान, ललित जोशी, ममता आर्य, खुर्शीद आलम मौजूद रहे।

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर काटा केक

भीमताल : कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भीमताल डॉठ में एकत्र होकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर केक काटकर मिष्ठान वितरण किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के उज्जवल राजनैतिक भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में नगर कांग्रेस अध्यक्ष डीके डालाकोटी, चेयरमेन सीमा टम्टा, पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चनोतिया, सभासद विमला देवी, रीना आर्य, गीता देवी, कमरूल निशा, नगर महिला अध्यक्ष हेमा दुम्का, जिला सचिव निर्मला आर्य, जीवती आर्य, विपिन सनवाल, नीरज कुमार, गोपाल दत्त पलाडिया, खुशीराम, सतीश टमटा, सभासद शुभम नैनवाल, इंद्रजीत बिष्ट, देवेंद्र सिंह मेहरा, हर्ष नालिया, निखिल रावत आदि मौजूद थे।

## जनता के लिए संघर्ष कर रहे हैं राहुल गांधी

**नैनीताल:** राहुल गांधी के जन्मदिन के मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष अनुपम कबडवाल व डॉ. भावना भट्ट के नेतृत्व में बीडी पांडे अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया। इस दौरान अनुपम कबड्वाल ने कहा कि नेता विपक्ष राहुल गांधी जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कार्यक्रम में शैला नेगी, सावित्री सनवाल, सुनीता आर्या, लता तरुण, रईसा चिश्ती, देवकी देवी, आशा भट्ट, पूर्व पालिकाध्यक्ष मुकेश जोशी, रईस अहमद, विमल चौधरी, प्रेम शर्मा, मनोज भट्ट, कैलाश अधिकारी, बंटू आर्या, अमन महिंद्रा, राजेंद्र सिंह कोटलिया, ललित सिंह बोरा, संजय कुमार, राजेंद्र व्यास, मनमोहन कनवाल, पूर्व छात्रसंघ सचिव अजय सिंह बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में दो घायल

**लालकुआं :** गुरुवार की दोपहर लगभग 1:45 बजे तीनपानी बरेली रोड से बाइक से जा रहे पप्पू श्रीवास्तव एवं शुभम गुरुद्वारा के सामने पहुंचे ही थे कि तभी उनके पीछे चल रहे डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। दोनों युवक सड़क पर आधा घंटे तक तड़पते रहे। इसी बीच कोतवाली पुलिस के जवान तरुण मेहता और आनंद पुरी ने 108 एंबुलेंस से दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए एसटीएच रवाना कराया।



छापेमारी में बरामद किए गए घरेलू सिलेंडर। ● अमृत विचार

# दो दुकानों से तीन घरेलू गैस सिलेंडर बरामद

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** प्रशासनिक टीम ने घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग के मामले में दो दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान दोनों दुकानों से तीन घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए गए। पूर्ति निरीक्षक दीपचंद बेलवाल ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गुरुवार को रामनगर प्रशासन अवैध मदरसों की जांच को लेकर अभियान चला रहा था। इसी दौरान जब प्रशासन की टीम मोहल्ला खताड़ी क्षेत्र में पहुंची, तो टीम की नजर दो दुकानों पर पड़ी। यहां घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। टीम ने तुरंत दोनों दुकानों की जांच की और मौके से तीन घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए।

उधर, एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि पूर्ति निरीक्षक को मौके पर बुलाकर सभी सिलेंडरों को जब्त करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही संबंधित दुकानदारों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पूर्ति विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं।

# लो वोल्टेज व बिजली कटौती की समस्या से दिलाए निजात

संवाददाता, हल्दूचौड़

**अमृत विचार:** लो वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग को लेकर मुख्य अभियंता राजेंद्र सिंह गुंजियाल को ज्ञापन दिया गया।

बरेली रोड पर लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर पूर्व ग्राम प्रधान मुख्य अभियंता राजेंद्र सिंह गुंजियाल से मिले। मुख्य अभियंता एक शिकायत को लेकर बरेली रोड पर आए थे। यहां पर गोरा पड़ाव में बिजली कटौती व लो वोल्टेज के समस्या को दूर करने की मांग की गई। उन्होंने बताया कि मोटाहल्दू में एक फीडर बना है, लेकिन मिनी औद्योगिक क्षेत्र से लाइन पास नहीं हो पाने के कारण कई समय से रोका गया है। इस विषय पर उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही समस्या दूर होगी। पूर्व ग्राम प्रधान रमेश चंद जोशी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर की कमी, विद्युत पोलों की कमी से परेशान हैं। इस दौरान अधिशासी अभियंता बेगराज सिंह, सहायक अभियंता पुष्कर सिंह मेहरा और रुक्मणी नेगी आदि मौजूद थे।



मुख्य अभियंता को ज्ञापन देते पूर्व ग्राम प्रधान व अन्य। ● अमृत विचार

### लाइन शिफ्टिंग को टीम ने किया निरीक्षण

**कालाढूंगी :** ग्रामीणों की शिकायत पर विद्युत विभाग के एसडीओ दीपक पाठक ने धनपुर गांव में झूलते तारों व लाइन शिफ्ट कराने को लेकर टीम के साथ निरीक्षण किया। प्रताप सिंह बोहरा, चंदन शाह, नवीन नेगी, नीरज जलाल, सावित्री देवी, कुदंन राम, प्रेम राम व बसपा नेता राजकपूर टम्टा ने बताया कि घरों के उपर झूलते बिजली की तारों से हादसा होने का खतरा बना है। एसडीओ ने घरों के उपर झूलते तारों को हटाने को बिजली के खंभे लगाने के लिए जगह चिन्हित करने लगे, लेकिन ग्रामीणों ने अपनी जमीन में पोल लगाने के लिए मना कर दिया। एसडीओ ने बताया कि जब तक सभी ग्रामीण सहयोग नहीं करेंगे, तब तक झूलते तारों को ठीक नहीं किया जा सकता है। तीन वर्षों से कई ग्रामीणों के विरोध के चलते कार्य नहीं हो पा रहा है। इस दौरान जेई होशियार सिंह भंडारी व रणजीत सिंह मौजूद रहे।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

Admission Open
Session 2025-26

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

समस्या | भीमताल विधानसभा के अंतर्गत अभी तक नहीं हो पाई मंडी समिति की स्थापना

# फल हल्द्वानी मंडी भेजने को मजबूर काश्तकार

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल विधानसभा के अंतर्गत मंडी व कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था नहीं होने से काश्तकारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फल काश्तकार भी अपने खर्चें पर अपने फलों को हल्द्वानी मंडी भेजने को मजबूर है।

विधानसभा के अंतर्गत विकासखंड भीमताल, धारी, ओखलकांडा व रामगढ़ का क्षेत्र आता है। एक नगर नगर पालिका भीमताल को छोड़कर सभी ग्रामीण क्षेत्र हैं। अधिकांश ग्रामीणों की आजीविका का मुख्य साधन कृषि है। यहां के फल की विश्व में पहचान है। ऐसे में फलों के सीजन के समय मांग से कई ज्यादा फलों का उत्पादन इस क्षेत्र में होता है, इसीलिए क्षेत्र को फल पट्टी भी कहा जाता है। इतने अधिक फल उत्पादन करने के बावजूद पूरी भीमताल विधानसभा में न तो कोई मंडी है और न ही कोई बड़ा कोल्ड स्टोरेज। ग्रामीणों की दशकों पुरानी मांग मंडी की और कोल्ड स्टोरेज की आज तक पूरी नहीं हो पाई है। जिसके चलते फल उत्पादकों को अपने फल अपने खर्चे पर हल्द्वानी मंडी भेजने पड़ते हैं। जहां मांग से अधिक फल पहुंचने पर उन्हें उनकी लागत भी नहीं मिल पाती है।



मैंने अपने कार्यकाल के दौरान कोल्ड स्टोरेज और मंडी का प्रस्ताव शासन को भेजा था। जिस पर कार्रवाई चल रही है। आशा है कि शीघ्र ही निर्माण होगा।
-**पुष्पा नेगी**, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामगढ़



मैंने अपने कार्यकाल में काश्तकारों को लाभ पहुंचे, इसके लिए ब्लॉक परिसर में समय-समय पर बाजार भी लगवाई। महिला समूह को प्रोत्साहित किया। भीमताल में मंडी निर्माण अति आवश्यक है। -**डॉ. हरीश बिष्ट**, पूर्व ब्लॉक प्रमुख, भीमताल



पूरी भीमताल विधान सभा की वर्षों पुरानी मांग अब तक लंबित है। फल और सब्जी के सीजन पर काश्तकारों को उनकी लागत भी नहीं मिल पाती है। मंडी बने तो काश्तकारों को बाजार माल भेजने में लागत कम आएगी और कोल्ड स्टेरोज बनने से आफ सीजन में बाजार में उपलब्धता बनी रहेगी।
-**राकेश वृजवासी**, सामाजिक कार्यकर्ता



काश्तकारों की मंडी और स्टोरेज की मांग जायज है। दोनों का यदि निर्माण होता है तो निश्चित तौर पर काश्तकारों को लाभ पहुंचेगा।
-**नितेश बिष्ट**, सामाजिक कार्यकर्ता

## सम्मेलन को लेकर किया जनसंपर्क

**रामनगर, अमृत विचार:** उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव एवं राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी ने बताया कि 21 व 22 जून को अग्रवाल सभा भवन रामनगर में क्षेत्रीय पार्टियों, जन संगठनों व बुद्धिजीवियों का सम्मेलन आयोजित होगा। बताया कि यह सम्मेलन सम्मेलन उत्तराखंड में राजनीतिक बदलाव के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इसके लिए तैयारियां की जा रही है। बताया कि उन्होंने इस संबंध में नैनीताल, हल्द्वानी व देहरादून में विभिन्न क्षेत्रीय पार्टियों के पदाधिकारियों, जन संगठनों व बुद्धिजीवियों से संपर्क किया और उन्हें सम्मेलन में पहुंचने के लिए आग्रह किया। सम्मलेन में कई संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे।

## सार-संक्षेप



प्रसाद वितरित करते शिव सैनिक। ● अमृत विचार

### शिवसेना का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**हल्द्वानी :** शिव सेना का 59वां स्थापना दिवस गुरुवार को मनाया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र नागर के नेतृत्व में शिवसैनिकों ने खीर का प्रसाद वितरित किया। इससे पूर्व उन्होंने कालू सिद्ध बाबा मंदिर में पूजा अर्चना की। नागर ने बताया कि 59 वर्ष पूर्व 19 जून 1966 में बालासाहब ठाकरे ने धर्म की रक्षा व जनसेवा के लिए शिव सेना का गठन किया था। शिव सैनिकों ने संकल्प लिया कि वह सनातन धर्म, गौ माता की रक्षा, महिला व गरीब असहायों मदद के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस दौरान अभिषेक कश्यप, हेमंत भय्यू, त्रिलोक सिंह, अनुज अग्रवाल, प्रमोद आर्य, पूरन सागर, सुनील गुप्ता, मोनू सिंह, सूरज आर्य, मुकेश बिष्ट, रमेश गुप्ता मौजूद रहे।



जल संस्थान में अधिशासी अभियंता को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते लोग।

### समस्या का पांच दिन में किया समाधान, अधिकारी सम्मानित

**हल्द्वानी :** इंदिरा नगर वार्ड-32 के लोगों ने लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का समाधान होने पर जल संस्थान के ईई, एई और जेई को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने समाधान के लिए हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश का भी आभार जताया। पूर्व पार्षद शकील अहमद सलमानी के नेतृत्व में पहुंचे लोगों ने बताया कि पिछले कई सालों से इंदिरा नगर क्षेत्र के सैकड़ों परिवार समस्या का सामना कर रहे थे। सालों बाद अब समस्या का समाधान हुआ है जिससे क्षेत्र के लोग खुश हैं। बताया कि जल संस्थान ने पांच दिनों के भीतर पेयजल लाइन बिछा दी। सलमानी ने कहा कि विधायक सुमित हृदयेश ने विधायक निधि से करीब 11 लाख रुपया स्वीकृत किया। इधर, विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जिन गलियों में अभी तक पानी नहीं पहुंच पाया है, वहां भी शीघ्र पानी पहुंचाया जाएगा। इस मौके पर वकील अहमद, अनस सलमानी, मसरूर अहमद, खलील अहमद, एजाज अली, नगमा, कमर जहां, रेशम, शबाना रहे।

### राइंका थारी में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया



स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते डॉक्टर्स।

**हल्द्वानी :** प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को थारी ग्राम सभा में राजकीय इंटर कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें जनजाति विशेष के लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही सिकल सेल दिवस के रूप में दिवस मनाया गया। सिकल सेल एनीमिया मुक्त अभियान के तहत थारी में बुक्सा जनजाति के लोगों की स्क्रीनिंग की जा रही है ताकि बीमारी का प्रारंभिक स्टेज पर पता लगाकर स्वास्थ्य लाभ दिया जा सके। यहां समाज कल्याण विभाग की ओर से भी विभिन्न विभागों के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। इस दौरान डॉ. अंकित कांडपाल, फार्मासिस्ट श्याम बिष्ट, आशा प्रबंधक बीना बोरा, महजबी, संजय पंत और शीला भाटिया मौजूद रहीं।



क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### ओलंपिक दिवस पर संवाद व क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**हल्द्वानी :** ओलंपिक दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शाम 4 बजे वरिष्ठ एवं कनिष्ठ खिलाड़ियों के मध्य संवाद गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें ओलंपिक दिवस के महत्व और खेलों की भूमिका पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपनिदेशक खेल रसिका सिद्दीकी ने की, जबकि जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, सुरेश चंद पांडे, विनय जोशी, शुभांगिनी साह और श्याम मनु भट्ट ने संवाद सत्र को संबोधित किया। वक्ताओं ने खेलों के प्रति समर्पण, ओलंपिक मूल्यों और युवाओं को खेल के माध्यम से समाज निर्माण में योगदान देने की आवश्यकता पर बल दिया। संवाद सत्र के उपरांत ओलंपिक विषय पर ओपन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कुल 124 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को ओलंपिक दिवस 23 जून को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर हाल ही में जॉर्डन में आयोजित प्रतियोगिता के गोल्ड मेडल विजेता काव्य पांडे, कांस्य पदक विजेता भूपेंद्र सिंह, त्रिलोक जीना, गोविंद लटवाल, मनीष वर्मा, विमला रावत, किरण मौर्य, रितिका जोशी, हेमलता शाह, नीता पोखरिया, कृपाल आर्य, कैलाश जोशी, बलवंत सिंह, भागवत मेर, तनुजा आर्य, अंकुश रौतेला, उमेश रावत, हिमांशु, राहुल सिंह सहित कई खिलाड़ी व खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

# मंगल पड़ाव में 50 करोड़ की लागत से बनेगा बहुमंजिला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स

## नगर निगम ने कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए प्राधिकरण को दिया अनापत्ति प्रमाण पत्र

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार:** मंगल पड़ाव क्षेत्र में प्रस्तावित बहुमंजिला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण का रास्ता अब पूरी तरह साफ हो गया है। नगर निगम ने कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए प्राधिकरण को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दे दिया है। इसके साथ ही प्राधिकरण की ओर से लगभग 50 करोड़ रुपए की डीपीआर तैयार कर ली गई है।

प्रस्तावित डीपीआर के अनुसार, यह शॉपिंग कॉम्प्लेक्स करीब 7,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनाया जाएगा, जिसमें 50 से अधिक दुकानें होंगी। साथ ही पार्किंग की व्यापक व्यवस्था भी की गई है, जिसमें 100 चारपहिया वाहनों और दोपहिया वाहनों के लिए पर्याप्त जगह सुनिश्चित की जाएगी। गौरतलब है कि पहले नगर निगम ने इस प्रोजेक्ट को तीन फेज में बनाने की योजना तैयार की थी। पहले फेज की डीपीआर 10 करोड़ रुपये की थी, जिसमें 2,000 वर्ग मीटर में निर्माण प्रस्तावित था। लेकिन बाद में निगम ने निर्माण की जिम्मेदारी प्राधिकरण को सौंप दी, जिसके बाद एकीकृत रूप से पूरी प्रोजेक्ट की डीपीआर तैयार की गई। इसके साथ ही निर्माण लागत भी बढ़ गई है।

गुरुवार को नगर निगम के एई नवल नौटियाल और प्राधिकरण के एई अभिषेक कुमार के बीच इस डीपीआर को लेकर अहम बैठक हुई। एई अभिषेक कुमार ने बताया कि डीपीआर तैयार हो चुकी है, जिसे प्राधिकरण सचिव की संस्तुति के बाद शासन को भेजा जाएगा। उल्लेखनीय है कि मंगल पड़ाव स्थित सब्जी मंडी क्षेत्र में नगर निगम की काफी जमीन मौजूद है, जहां पर वर्तमान में पुरानी और जर्जर दुकानें हैं। इन दुकानों की जगह अब आधुनिक और बहुमंजिला कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा, जिससे इस जगह की सुंदरता बढ़ने के साथ ही व्यापारिक गतिविधियों को भी नया आयाम मिलेगा। प्रोजेक्ट को स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों की ओर से भी समर्थन मिल रहा है, और उम्मीद की जा रही है कि शासन से मंजूरी मिलने के बाद इसका कार्य जल्द शुरू हो सकेगा।

**50** से अधिक दुकानें होंगी 7 हजार वर्ग मीटर में बनने वाले कॉम्प्लैक्स में

**01** सौ चौपहिया और दोपहिया वाहनों की होगी पार्किंग

**सड़क चौड़ीकरण की जद में आईं दुकानें भी होंगी शिफ्ट**

मंगल पड़ाव से रोडवेज तक सड़क चौड़ीकरण में निजी दुकानों सहित नगर निगम के स्वामित्व वाली करीब 14 दुकानें जद में आई हैं। साथ ही कुछ अन्य दुकानें भी ध्वस्तीकरण की जद में आ रही हैं। शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनने के बाद इन दुकानों को यहां शिफ्ट किया जाएगा। साथ ही चौड़ीकरण के बाद वर्तमान में मंगल पड़ाव के पास अस्थायी टिनशेड में चल रही दुकानों को भी यहां शिफ्ट किया जा सकता है।

# वन विभाग ने 10 रुपये का पौधा 100 रुपये में खरीदा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने वन विभाग पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कलसी का जो पौधा चार साल पहले 10 रुपये में खरीदा गया था वही कलसी का पौधा अब वन विभाग ने 100 रुपये में खरीदा है।



उन्होंने कहा कि देहरादून जिले के झाझरा क्षेत्र में मियावाकी पद्धति से पौधे लगाने के लिए तीन साल की अवधि में 52.40 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से खर्च का प्रस्ताव तैयार किया गया। यह वही तकनीक है जिससे साल 2020 में देहरादून के कालसी क्षेत्र में पौधे लगाए गए थे और उस समय जो खर्च आया था वो 11.86 लाख प्रति हेक्टेयर था। झाझरा प्रोजेक्ट में सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि 18333 पौधों के लिए 100 रुपये प्रति पौधे की दर से 18.33 लाख खर्च बताया गया है, जबकि 2020 में ऐसे ही एक मामले में कालसी प्रोजेक्ट में यही पौधे, 10 रुपये प्रति पौधा की दर से लगाए गए थे। यानी एक ही काम एक ही विभाग लेकिन खर्च 10 गुना हो गया। कहा कि इसी प्रकार मसूरी वन प्रभाग ने भी मियावाकी तकनीक से 5 वर्षों के लिए पौधारोपण का प्रस्ताव तैयार किया है, जिसकी लागत 4.26 करोड़ रुपये बताई गई है। यह काम 6 रेंजों में कुल 6 हेक्टेयर भूमि पर होना है, जबकि तय मानकों के अनुसार करीब 84 लाख रुपये ही पर्याप्त माने जाते हैं। इतना ही नहीं, मसूरी के प्रस्ताव में यह तक नहीं बताया गया कि कौन-कौन सी स्थानीय प्रजातियां लगाई जाएंगी, जो इस पद्धति की मूलभूत शर्त है।

**नर्सरी होने के बाद भी खरीद रहे पौधे**

**हल्द्वानी :** नेता प्रतिपक्ष आर्य ने कहा कि वन विभाग के पास खुद की तकनीकी रूप से सक्षम नर्सरी मौजूद हैं, तो फिर इतनी ऊंची दरों पर बाहर से पौधे खरीदने का प्रस्ताव क्यों दिया गया। पूर्व में भी उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सीएजी रिपोर्ट सदन में रखी गई थी रिपोर्ट में ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, जहां फंड का उपयोग गैर-जरूरी खर्चों के लिए किया गया, जिसमें आईफोन, लैपटॉप, और रेफ्रिजरेटर की खरीद शामिल है।

# बनभूलपुरा से नाबालिग का अपहरण, मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा थानाक्षेत्र से एक बार फिर अपहरण की खबर सामने आई है। इलाके में रहने वाली एक नाबालिग हिंदू लड़की का समुदाय विशेष के युवक ने अपहरण कर लिया। यह घटना तब हुई, जब लड़की की मां घरों में काम करने गई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लड़की व आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

महिला ने पुलिस को बताया कि वह परिवार पालने के लिए घरों में साफ-सफाई का काम करती है। परिवार में उनकी 17 वर्षीय बेटी भी है। बीती 18 जून की सुबह करीब 11 बजे वह काम पर चली गईं और जब लौटी तो पाया कि बेटी घर पर नहीं है। लड़की की खोजबीन शुरू हुई, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। पुलिस को तहरीर में उन्होंने शक जाहिर किया है कि गफूर बस्ती में रहने वाले आसिफ नाम के युवक ने ही उनकी बेटी का अपहरण किया है। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी का कहना है कि मामले में केस दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू कर दी गई है।

**किशोर हुआ लापता**

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा थानाक्षेत्र से एक किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पुलिस को दी तहरीर में इन्द्रानगर मलिक का बगीचा निवासी मो. अशरफ पुत्र अब्दुल कलाम ने लिखा, उनका पुत्र मो. अरहान 14 वर्ष का है और 17 की शाम करीब चार बजे से वह लापता है। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है।

# विधायक से की अधूरे टैंक की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर विधायक बंशीधर भगत कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे थे। इस बीच घुनी नंबर-2 में ओवरहेड टैंक के अधूरे निर्माण की समस्या उठी, इस पर विधायक ने जल संस्थान अधिकारियों को मौके पर बुलाया और अधूरा निर्माण जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

विधायक भगत ने गुरुवार को लामाचौड़ मंडल के बूथ संख्या 143, 166, 149 एवं 151 में बूथ बैठक की। इस बीच कार्यकर्ताओं ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों का पुनर्निमाण नहीं होने, घुनी नंबर 2 में निर्माणाधीन ट्यूबवेल एवं ओवरहेड टैंक का निर्माण अधूरा होने को लेकर नाराजगी जाहिर की। इस पर विधायक ने जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता विशाल सक्सेना को तत्काल मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। विधायक ने अधिकारियों के साथ खोदी गई सड़कों का स्थलीय निरीक्षण किया और बारिश से पूर्व सड़कों की मरम्मत के निर्देश दिए। फिर घुनी नंबर-2 में निर्माणाधीन ट्यूबवेल एवं ओवरहेड टैंक का जायजा लिया। क्षेत्रवासियों ने लंबे समय से निर्माण पूरा नहीं होने की शिकायत की। इस पर विधायक ने नाराजगी जाहिर की। जल संस्थान अधिकारियों ने करीब 25 लाख के पाइप की आवश्यकता बताई। इस पर विधायक ने सचिव शैलेश बगौली से फोन पर वार्ता की और किसी भी मद से 25 लाख की धनराशि देने को कहा। संदीप सनवाल, कमल नयन जोशी, गणेश साह, पंकज निगलटिया, नीरज बेलवाल, रमेश जोशी, खड़क सिंह बिष्ट, मंजू गौड़, हरीश बिष्ट, जगदीश पंत, बिशन सिंह नयाल, मोहन कैड़ा, प्रमोद बोरा, पूरन गौड़, राकेश शर्मा, बसंत दुर्गापाल रहे।



जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देश देते विधायक बंशीधर भगत ● अमृत विचार

# सेतु आयोग का मकसद तकनीकी व उद्यमशीलता से विकास करना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सेतु (स्टेट इंस्टीट्यूट फॉर इंपवारिंग एंड ट्रांसफार्मिंग उत्तराखंड) आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी ने राज्य सरकार के तकनीकी, नवाचार, उद्यमशीलता के माध्यम से विकास की रणनीति साझा की है।

गुरुवार को जिला उद्योग केंद्र सभागार में हुई प्रेस वार्ता में जोशी ने कहा कि सेतु आयोग का उद्देश्य युवाओं, किसानों और ग्रामीण अंचलों के लिए एक परिवर्तनकारी मंच के रूप में कार्य करना है। टाटा ट्रस्ट, बिल गेट्स फाउंडेशन, नैस्कॉम और महिंद्रा जैसी प्रमुख संस्थाओं के साथ विभिन्न क्षेत्रों में एमओयू किए गए हैं। इससे प्रदेश में तकनीकी सहयोग, कौशल विकास और नवाचार को नई गति मिलेगी। सेतु आयोग ने शहरी नियोजन को लेकर राज्य सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी गई है, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों की सफल योजनाओं का विश्लेषण कर सुझाव दिए गए हैं। जोशी ने बताया कि आने वाले कुछ समय में किसानों के लिए बड़ा लाभ मिलने वाला है। कई बड़ी कंपनियों से एमओयू किए गए हैं, जिससे किसानों को सीधे बाजार तक पहुंच मिलेगी। इससे उनकी आय में तेजी से बढ़ोतरी होगी और उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध होगा, जिससे देश-विदेश से ग्राहक उत्तराखंड की ओर आकर्षित होंगे।



प्रेस वार्ता करते सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी व अन्य। ● अमृत विचार

## पंचायत चुनावों में सक्रिय भूमिका निभाएगी पहाड़ी आर्मी: रावत



**हल्द्वानी :** पहाड़ी आर्मी के चीफ हरीश रावत ने आगामी पंचायत चुनावों को ग्राम स्वराज की स्थापना का ऐतिहासिक अवसर बताते हुए कहा कि पहाड़ का हर नागरिक इसमें सक्रिय भागीदारी करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पहाड़ी आर्मी का उद्देश्य सिर्फ चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि पंचायतों को सशक्त बनाकर गांवों का समग्र और टिकाऊ विकास सुनिश्चित करना है। हरीश रावत ने पंचायती राज अधिनियम में हो रहे संशोधनों को पंचायतों की स्वायत्तता पर हमला बताया। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझने की अपील की।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

**आयोजन** केंद्र की भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को मुखानी स्थित भाजपा कार्यालय में हुआ कार्यक्रम

# भाजपा ने लिया विकसित भारत बनाने का संकल्प

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** भाजपा की केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को मुखानी स्थित भाजपा कार्यालय में विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित की गई। इस का उद्घाटन लालकुआं के पूर्व विधायक नवीन दुम्का एवं जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने किया। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का चौतरफा विकास हो रहा है। भारत को वर्ष 2047 तक विश्वगुरु बनाने का लक्ष्य है, उसे पूरा किया जाएगा। अंत में कार्यक्रम संयोजक धीरज उप्रेती ने विकसित भारत के लिए संकल्प पत्र पढ़ा और सभी ने विकसित भारत का संकल्प लिया। प्रतिभा जोशी, विनीत अग्रवाल, बिन्देश गुप्ता, चित्रा सुयाल, शुभांशु पांडे, सुरेंद्र बिष्ट आदि रहे।





हल्द्वानी में विकसित भारत का संकल्प लेते भाजपाई। ● अमृत विचार



विधायक राम सिंह कैड़ा का स्वागत करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## प्रधानमंत्री मोदी की 11 वर्ष की उपलब्धियां स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गईं : कैड़ा

**हल्द्वानी :** भाजपा की केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में खनस्यूं में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प से सिद्धि तक का कार्यक्रम हुआ। इसका उद्घाटन करते हुए भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों की उपलब्धियां स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गई हैं। इन वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में प्रगति की है, अब देश दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन चुका है। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में 27 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। दिल्ली से अगर 1 रुपया चलता है, तो सीधे जनता के बैंक खातों में पहुंचता है। तीन तलाक, अनुच्छे 370, नोटबंदी जैसे निर्णय लिए गए। भारत सिर्फ शांति की बात ही नहीं करता बल्कि आतंकवाद के खिलाफ घर में घुसकर मुंहतोड़ जवाब देता है। विधायक ने कहा कि मोदी सरकार ने विकास को नई रफ्तार दी है, अगले कुछ वर्षों में भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में बड़े कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान दीपक बर्गली, शिवराज सिंह, श्याम सिंह मेहता, पान सिंह बिष्ट, चंद्र शेखर कफलटिया, भवान बोरा, रवि गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में चार लोग गिरफ्तार

**बाजपुर :** संपत्ति विवाद को लेकर लड़ाई-झगड़ा कर शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में केलाखेड़ा पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को अपर उपनिरीक्षक मोहित कुमार व कांस्टेबल गणेश लोबियाल ग्राम रामनगर से होकर ग्राम टांडाखेम पहुंचे तो वहां कुछ व्यक्ति घर के बाहर खड़े होकर गाली-गलौज कर लड़ाई-झगड़े पर उतारू थे, जिन्हें समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह और उग्र होकर शांति व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने लगे जिसके चलते पुलिस ने टांडा खेम निवासी सुंदर राम, बलदेव, ग्राम रामनगर निवासी मंगत व अमन को गिरफ्तार कर लिया, जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### वारंटी किए गिरफ्तार

**बाजपुर :** प्रभारी निरीक्षक थाना केलाखेड़ा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा न्यायालय बाजपुर के आदेशों के अनुपालन में गुरुवार को वारंटी ग्राम सरकड़ी केलाखेड़ा निवासी कुलदीप सिंह, ग्राम बाजावाला निवासी दलवीर सिंह, वार्ड-सात केलाखेड़ा निवासी सुभान अली को गिरफ्तार कर लिया है।

विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में उत्तराखंड गौ-सेवा आयोग के अध्यक्ष ने अधिकारियों को दिए निर्देश- अर्थदंड का निर्धारण करे नगर निगम

# गोवंश को छुट्टा छोड़ने वालों पर लगाएं अर्थदंड, पशुओं का करें पंजीकरण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड गौ-सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. पं. राजेंद्र प्रसाद अणथ्वाल ने जनपद के निराश्रित गो कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो गोवंश को छुट्टा छोड़ते हैं उनके खिलाफ अर्थदंड लगाएं। इसके लिए नगर निकाय अर्थदंड का निर्धारण करें। उन्होंने कहा कि पशु स्वामी पशुओं का पंजीकरण अवश्य करवाएं, ताकि पशु बीमा योजना व अन्य योजनाओं का लाभ ले सकें।

गुरुवार को विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक के दौरान उत्तराखंड गौ-सेवा आयोग के अध्यक्ष ने गौशालाओं का निर्माण सुरक्षित स्थानों पर बनाएं और गौशालाओं में पर्याप्त भूसा स्टोर अवश्य बनाया जाये। सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी गोवंश



अधिकारियों के साथ बैठक करते उत्तराखंड गौ-सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. पं. राजेंद्र प्रसाद अणथ्वाल। ● अमृत विचार

निराश्रित न रहे। इसलिए गौ संरक्षक के लिए प्राथमिकता से संवेदनशील होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि रात्रि में पशुओं की सड़क दुर्घटना संभावना अधिक होती है। इसलिए गौवंश दुर्घटनाओं से बचाव के लिए उनके गले में रेडियम रिफलेक्टर कॉलर लगाने का सुझाव दिया। इससे गौवंश के साथ ही मनुष्य की भी जान बचेगी। उन्होंने कहा कि जनपद ऊधमसिंह नगर में गोवंशों की दुर्घटना व गोकशी के प्रकरण सामने आ रहे हैं। जनपद उत्तर प्रदेश की सीमाओं से लगा है। इसलिए पुलिस व प्रशासन सीमाओं पर पैनी नजर रखे व बार्डर एरिया में लोगों का सत्यापन भी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस गौसेवकों के प्रति सकारात्मक नजरिया रखें व गौवंश अपराध रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी गौशाला संचालकों से पशुओं की टैगिंग करने एवं उत्तराखंड पशु कल्याण बोर्ड में अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी निकायों को हाइड्रोलिक एनिमल लिफ्टिंग वैन शीघ्र खरीदने के निर्देश भी दिए। साथ ही बार्डर एरिया पर पशु मेला लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के और मांस की सैंपलिंग भी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति व एनजीओ अपनी भूमि पर गौशाला निर्माण करता है तो वह अपनी 40 प्रतिशत धनराशि ही लगाएगा एवं 60 प्रतिशत धनराशि सरकार देगी।

### जिले में 8 हजार गोवंश चिह्नित, 5 गौशालाएं संचालित

**रुद्रपुर :** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशुतोष जोशी ने बताया कि जनपद में लगभग 8 हजार गोवंश चिन्हित हैं और 5 गौशालाएं संचालित हैं। जिसमें श्री राधे कृष्ण गौसदन ट्रस्ट बाजपुर में 1204, श्री गौलोक धाम कनकपुर में 171, श्री कृष्ण प्रणामी महराजा अग्रसेन गौशाला ट्रस्ट सितारगंज में 476, मां कामधेनु वात्सल्य सेवा धाम ट्रस्ट खटीमा में 234, श्री राधे कृष्ण गौसदन ट्रस्ट में 221 गौवंश शरणागत है। उन्होंने बताया कि स्थानीय निकायों द्वारा 8 गौशाला प्रस्तावित की गई हैं। जिसमें नगर निगम रुद्रपुर में लंबाखेड़ा, नगर निगम काशीपुर में कचनाल गुसांई, नगर पंचायत में महुआ डाबरा, नगर पालिका गदरपुर में बरीराई, जिला पंचायत द्वारा बाजपुर में गुलजारपुर, खटीमा में हल्दीघेरा, नगर निकाय सितारगंज के तहत खुनसरा, नगर निकाय किच्छा के तहत भूमि हस्तांतरण प्रकियाधीन प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी ने लंबाखेड़ा गौशाला के लिए 1.50 करोड़, सितारगंज खुनसरा के लिए 1.50 करोड़ व खटीमा हल्दीघेरा के लिए 3 करोड़ की धनराशि जिला माइनिंग फंड से उपलब्ध कराई गई है। गौ सदनों में गौवंश की टैगिंग कर उत्तराखंड पशु कल्याण बोर्ड पर अपलोडिग की जा रही है।

### संचालकों की भरण पोषण धनराशि आवंटन की मांग

**रुद्रपुर :** बैठक में गौसदन संचालकों ने शरणागत गोवंशों के औसत संख्या के सापेक्ष यथाशीघ्र भरण पोषण धनराशि आवंटन करने, गौसदन शरण क्षमता का निर्धारण कर गौसदनों में साईन बोर्ड लगाने, उरेडा के माध्यम से गौसदनों में सोलर रूफटॉप संयंत्रों को स्थापित करने, गोबर गैस बिजली उत्पादन संयंत्र स्थापित करने, पशु कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन कर गौसदन प्रतिनिधियों को प्रतिनिधि बनाने, गौशाला में सेवारत कार्मिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा एवं दुर्घटना बीमा की सुविधा, शिशु गौवंश के कानों में टैग न किए जाने की नीति बनाने व पंतनगर विश्वविद्यालय में दुर्घटनाग्रस्त घायल, रोगी गोवंश की आधुनिक चिकित्सा के लिए इंफरमरी की स्थापना करने का अनुरोध किया।

### ये रहे मौजूद

गौसेवा आयोग के सदस्य अश्वनी, नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल, डॉ.टीपी यादव, डॉ. एमके शर्मा, डॉ.कोमल सिंह, डॉ. पीके पाठक, डॉ.संजीव पंत, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत गणेश भट्ट, एसएचओ मनोज रतूड़ी, गौसदन प्रतिनिधि जगदीश गोयल, सुनील गर्ग, संदीप बंसल आदि मौजूद थे, जबकि सभी उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, निकाय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

# अंधाधुंध फायरिंग में युवक के हाथ में लगी गोली

18 जून की रात्रि साढ़े 10 बजे की है घटना, पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज, वीडियो वायरल, आरोपियों की तलाश

दुस्साहस

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** खेड़ा बस्ती में बुधवार की रात्रि उस वक्त गोलियों की तड़तड़ाहट से इलाका गूंज उठा, जब हथियारबंद कुछ युवकों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। एक युवक गोली लगने से घायल हो गया और आनन-फानन में युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। तनाव को देखते हुए इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

वार्ड-17 खेड़ा बस्ती निवासी मोहम्मद इमरान ने बताया कि 18 जून की रात्रि साढ़े 10 बजे घर के बाहर लड़ाई-झगड़े का शोर हो रहा था तो वह और उसके पिता मोहम्मद हारून घर के बाहर चौराहे पर आए। देखा कि बस्ती का ही रहने वाला नंदन उर्फ चंदन यादव, एजाज व रिजवी एक राय होकर अयान नाम के युवक को बेरहमी से पीट रहे थे। जब बीच बचाव की कोशिश की तो हमलावर आवेश में आए और चंदन नाम के युवक ने दोनों आरोपियों के कहने पर पिस्टल निकालकर जान से मारने की नीयत से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। मोहम्मद इमरान ने बताया कि इस दौरान एक गोली उसके दाहिने हाथ पर लगी और वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया। आनन-फानन में घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलते ही कोतवाल मनोज रतूड़ी, चौकी प्रभारी रंपुरा प्रदीप कुमार मय फोर्स के घटनास्थल पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद तनाव की स्थिति देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर वायरल सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



घायल युवक। ● अमृत विचार



फायरिंग करता युवक सीसीटीवी में कैद।

> विगत देर रात्रि खेड़ा बस्ती में गोलीबारी की दुस्साहिक वारदात हुई है। जिसमें इमरान नाम के युवक को गोली भी लगी है। गोलीबारी पिस्टल से हुई है। जिसकी पुष्टि सीसीटीवी फुटेज में भी हो रही है। ऐसे में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गिरफ्तारी के बाद पिस्टल लाइसेंसी थी या फिर अवैध असलहा यह देखा जा रहा है। इसके बाद ही आर्म्स एक्ट की कार्रवाई होगी।
>
> **-प्रशांत कुमार**, सीओ, सदर

### फायरिंग में बाल-बाल बची रामकली

**रुद्रपुर :** बुधवार की देर रात्रि जिस वक्त पिता-पुत्र ने बीच बचाव की कोशिश की तो आरोपी नंदन, एजाज व रिजवी इतने हैवान बन चुके थे कि उन्होंने पिस्टल से भीड़ पर ही अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। वहीं की रहने वाली रामकली नाम की महिला ने बताया कि युवक ताबड़तोड़ फायर कर रहे थे। एक गोली उसके सिर के बेहद करीब से निकली। यदि जरा सी गोली अपनी दिशा बदल लेती तो शायद गोली उसके सिर पर घुस जाती। गोलीबारी से इलाके में भय का वातावरण बना हुआ है।

### पुलिस की सक्रियता ने रोकी हिंसा

**रुद्रपुर :** बुधवार की देर रात्रि नंदन उर्फ चंदन नाम के युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर जिस इलाके में गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था। वह इलाका हिंदू-मुस्लिम बाहुल्य इलाका है। जिसकी सरहद भी बेहद ही करीब है और गोलीबारी के इलाके में अफवाह उड़ी कि हिंदू युवक ने मुस्लिम युवक को गोली मार दी। इसके बाद इलाके में सांप्रदायिक तनाव जैसी स्थिति पैदा होने लगी, लेकिन भारी पुलिस फोर्स घटनास्थल पहुंचा और अफवाह को नियंत्रित करते हुए दोनों ओर से जमा भीड़ को तितर बितर करते हुए स्थिति को नियंत्रित किया। वरना सांप्रदायिक की आग इलाके में फैल चुकी होती।

## जगतपुरा के लोगों ने कच्ची शराब के खिलाफ छेड़ी मुहिम

**रुद्रपुर:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके के जगतपुरा में कुछ दिनों से महिलाओं ने कच्ची शराब के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी है। इसके चलते 17 जून को भी महिलाओं ने इलाके के घरों में बिक रही शराब के खिलाफ अभियान चलाया और धावा बोल दिया। जिसे देखकर शराब तस्कर घर छोड़ कर भाग खड़े हुए और सूचना के आधार पर पुलिस ने कच्ची शराब बरामद कर मुकदमा दर्ज कर लिया।

ट्रांजिट कैंप के दरोगा अकरम अहमद ने मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया कि वह इलाके में रात्रि गश्त कर रहे थे। इस बीच वार्ड-पांच जगतपुरा के पार्षद राधेश शर्मा ने फोन कर सूचना दी कि महिलाओं के द्वारा एक घर पर धावा बोल कर कच्ची शराब पकड़ी है, लेकिन मुखर्जी नगर का शराब माफिया राहुल सरकार शराब छोड़कर फरार हो गया है। सूचना के आधार पर पुलिस जब मौके पर पहुंची तो पार्षद के अलावा सीमा बरोई, ओमियो मंडल, कविता विश्वास, भारती मंडल सहित कई महिलाएं खड़ी मिलीं। पुलिस ने मौके से 44 पाउच कच्ची शराब बरामद कर फरार आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मेयर से मिले प्रीत विहार व बराड़ नगर के स्थानीय लोग



मेयर से मुलाकात करते कॉलोनी के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

- सीलिंग के नाम पर ध्वस्तीकरण का उठाया मुद्दा
- मेयर बोले-जल्द डीएम और कुमाऊं कमिश्नर से होगी वार्ता

**अमृत विचार:** जिला विकास प्राधिकरण द्वारा सीलिंग की भूमि पर काबिज लोगों के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से भयभीत प्रीत विहार कॉलोनी और बराड़ नगर के लोग नगर निगम पहुंचे और मेयर विकास शर्मा से मुलाकात की। उन्होंने ध्वस्तीकरण का मुद्दा उठाते हुए समाधान निकालने का आह्वान किया। महापौर ने आश्वासन दिया कि जल्द ही डीएम और कुमाऊं कमिश्नर से वार्ता की जाएगी, लेकिन लैंड जिहाद या फिर अवैध कब्जा धारकों के खिलाफ कार्रवाई होगी। बावजूद वर्षों पुराने कब्जा धारकों को राहत दिलाने का प्रयास जारी रहेगा।

गुरुवार को मुलाकात के दौरान स्थानीय लोगों का कहना था कि पिछले कई सालों से हजारों परिवार प्रीत विहार व बराड़ नगर में रहते हैं और अपनी जमा पूंजी मकान निर्माण में लगा चुके हैं। अचानक जिला विकास प्राधिकरण सीलिंग की भूमि पर काबिज लोगों को अतिक्रमणकारी घोषित करने पर तुली है, जबकि कई कब्जे धारकों ने भूमि की रजिस्ट्री भी करवा दी है। जिस पर महापौर ने कहा कि डेमोग्राफिक बदली नहीं जाएगी, लेकिन अवैध कब्जा धारकों पर कार्रवाई जारी रहेगी। वर्षों पुराने कब्जा धारकों के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को रोका जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सीएम, डीएम और कमिश्नर से जल्द वार्ता कर समाधान निकाला जाएगा।


## हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

HINDUJA HOUSING FINANCE

कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015, ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com
असवानी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हलद्वानी-263132

आरएलएम-ब्रजेश अवस्थी-9918301885, आरआरएम- हरिश चंद यादव, 7060411785, सीएलएम- श्री रवि दीक्षित 9794347032, सीआरएम- अनिल कुमार, 9927028507

### सांकेतिक कब्जा सूचना

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के अधीन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (2002 का नं. 3) के नियम के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत निम्नलिखित कर्जदारों (तदोपरान्त कर्जदार एवं गारंटरों को संयुक्त रूप से ''कर्जदार'' कहा गया है) को निम्नांकित दिनांको को मांग नोटिस जारी किया था जिसमें उल्लेखित राशि प्रत्येक खाते के आगे वर्णित है उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार और गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमो के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत सम्पत्ति का कब्जा नीचे प्रत्येक खाते के सामने अंकित के अनुसार लिया है। विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, के प्रभार वास्ते निम्नलिखित राशि और उपरोक्तानुसार राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज, आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/गारन्टर के नाम एवं पता | मांग सूचना की तारीख / कब्जा सूचना की तिथि | बकाया राशि | अचल सम्पतियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | UP/UDA/RUDR/A000000146, सरजीत यादव और श्रीमती सुमन देवी, दोनों का पताः वार्ड नं. 03, आवास विकास, किच्छा, ग्रामीण, किच्छा, उत्तराखंड, भारत – 263148 | 24-02-2025 / 16-06-2025 सांकेतिक | ₹ 47,41,865/- दिनांक 18-02-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खसरा नं. 248 मिन, आर्य समाज कॉलोनी/आर्य समाज मंदिर, वार्ड नं. 3, यूएस नगर, यादव धर्म कांटा और आर्य समाज मंदिर, किच्छा, उत्तराखंड, 263148, सीमाः उत्तर-अशोक का घर दक्षिण-सोनू जड़िया का घर पूर्व-सड़क 18 फीट चौड़ा पश्चिम-राम अवतार शर्मा का घर |
| 2 | UP/UDA/RUDR/A000000178, श्री जितेंद्र सिंह और श्रीमती दक्षिणी देवी दोनोंः 45 सितारगंज, घुसरी, सितारगंज, ग्रामीण, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262405 | 24-02-2025 / 16-06-2025 सांकेतिक | ₹ 20,46,101/- दिनांक 18-02-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खेत नं. 113/2, एनए, ग्राम मगर्सदा, उपतहसील नानकमत्ता, यूएस नगर, जेपी राणा किराना स्टोर, सितारगंज, उत्तराखंड, 262405, सीमाः उत्तर-अन्य का घर दक्षिण-सड़क 30 फीट पूर्व-सड़क 30 फीट पश्चिम-अग अन्य की भूमि |
| 3 | UP/HDW/HDWN/A000000592, श्री गुरमेल सिंह और श्रीमती कृष्ण कौर, दोनोंः सलामती सितारगंज, सितारगंज, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262405 | 24-02-2025 / 16-06-2025 सांकेतिक | ₹ 20,21,486/- दिनांक 18-02-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खेत नं. 125/1, एनए, ग्राम ऐचाता, खटीमा रोड, नानकमत्ता, यू.एस.नगर, हरिमन सीड्स के सामने, सितारगंज, उत्तराखंड, 262311, सीमाः उत्तर-50 फीट सड़क दक्षिण-गुरविंदर सिंह का प्लॉट पूर्व-अन्य संपत्ति पश्चिम-लखविंदर सिंह की भूमि |
| 4 | UP/UDA/RUDR/A000000131 श्री शमशेर सिंह और श्रीमती गीता कौर, दोनों, मकान नं. 158 सितारगंज, गौठा सितारगंज, सितारगंज, ग्रामीण, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262405 | 24-02-2025 / 16-06-2025 सांकेतिक | ₹ 19,43,643/- दिनांक 18-02-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खाता नं. 35, एनए, ग्राम सलमत्ता, उपतहसील नानकमत्ता, यू.एस.नगर, गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह, सितारगंज, उत्तराखंड, 262405, सीमाः उत्तर-गुरमेज सिंह की भूमि दक्षिण-12 फीट सड़क पूर्व-12 फीट सड़क पश्चिम-सुच्चा सिंह का मकान |
| 5 | UP/UDA/RUDR/A000000231 श्री सुखविंदर सिंह और श्रीमती जसवन्त कौर, दोनोंः सिसईखेड़ा डोहरा घुसरी, सितारगंज, ग्रामीण, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262405 | 24-02-2025 / 16-06-2025 सांकेतिक | ₹ 10,17,988/- दिनांक 18-02-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खाता नं. 61, खेत नं. 215/1/2 मिन, गांव दोहारा, सिसईखेड़ा, नानकमत्ता उत्तराखंड 262405, सितारगंज, ग्रामीण, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262405, सीमाएंः उत्तर-कुलवंत सिंह का मकान, दक्षिण-हरदेव सिंह का मकान, पूर्व-10 फीट रोड, पश्चिम- महेंद्र सिंह का मकान |
| 6 | UP/UDA/RUDR/A000000177 श्री अंग्रेज सिंह और श्रीमती सुमित्रा कौर, दोनोंः खमरिया नानकमत्ता, ग्रामीण, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262311 | 01-02-2025 / 16-06-2025 सांकेतिक | ₹ 13,57,856/- दिनांक 28-01-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खाता नं. 55, खेत नं. 345/1 मिन, ग्राम खमरिया, तहसील नानकमत्ता, नानकमत्ता, ग्रामीण, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262311, सीमाः उत्तर- गुलजार सिंह का मकान, दक्षिण-भूमि परमजीत सिंह की, पूर्व-10 फीट सड़क पश्चिम-बलजीत सिंह का मकान |
| 7 | UP/HDW/STGJ/A000000052 (अब मृत) बलविंदर सिंह और श्रीमती रंजीत कौर, दोनोंः मकान नं. बी वार्ड नं.-3 आवास विकास किच्छा उधम सिंह नगर किच्छा ग्रामीण किच्छा उत्तराखंड-263148 | 26-06-2023 / 16-06-2025 सांकेतिक | ₹ 11,12,243/- दिनांक 10-12-2025 तक + ब्याज इत्यादि | बिक्री विलेख सं. 2272 दिनांक 19 नवंबर 2019 के अनुसार श्रीमती कौर के पक्ष में एक आवासीय संपत्ति जिसका माप 130.11 वर्ग मीटर (25/56) है, खसरा संख्या- 1008 मिन राजस्व गांव पूर्व-सोनेरा में स्थित है। तहसील-किच्छा जिला-यूएस नगर नीचे के रूप में सीमाबद्ध है, जिसे प्रश्नगत संपत्ति कहा जाता है)-, सीमाः पूर्व-6.09 मीटर चौड़ा रास्ता पश्चिम-सेलर की भूमि उत्तर-सेलर की शेष भूमि दक्षिण-धर्मवीर का प्लॉट |

दिनांक : 19-06-2025, स्थान : हल्द्वानी

प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड


# गाय को राज्य माता का दर्जा दिलाएं



एडीएम को ज्ञापन देते बृजवासी गौ रक्षक सेना के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

- बृजवासी गौ रक्षक सेना के पदाधिकारियों ने उठाई मांग
- एडीएम के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन

**अमृत विचार :** गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिलाने का मुद्दा उठाते हुए बृजवासी गौ रक्षक सेना भारत ने सीएम को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गौ माता को राज्य माता का दर्जा मिलना चाहिए। कारण उत्तराखंड देवों की भूमि है। उन्होंने आगाह किया कि यदि मांग पर गौर नहीं हुआ तो जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।

गुरुवार को गौ रक्षक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत धर्मदास महाराज की मौजूदगी में शिष्टमंडल डीएम कार्यालय पहुंचा और सीएम को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा। उन्होंने प्रदेश सरकार से गौ माता को राज्य माता का दर्जा देने, बेसहारा गौवंशीय पशुओं को सरकारी गौशाला भेजने, सांसद-विधायक की पेंशन बंद गौ सेवा में समर्पित करने, सभी चारधाम यात्रा के लिए इलेक्ट्रॉनिक ट्राली की व्यवस्था लागू करने का मुद्दा उठाया।

इसके अलावा चार धाम के तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और गौ माता का इस्तेमाल कर आवारा छोड़ने वाले पशुपालकों पर कठोर कार्रवाई करने का मुद्दा उठाया। इस अवसर पर दूधिया मंदिर बाबा शिवानंद महाराज, प्रेम पाल गंगवार, पंकज गुप्ता, रामधारी गंगवार, जोगेंद्र सिंह चौहान, हेमंत कुमार, ओमवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नरेंद्र शर्मा, राहुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## 56 पाउच कच्ची शराब की तस्करी करते युवक को पकड़ा

**किच्छा:** पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम थाना अंतर्गत क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान फ्लाई ओवर के नीचे एक संदिग्ध युवक काले बैग के साथ आता नजर आया। पुलिस टीम ने शक होने पर आरोपी को रोक लिया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम पता सिरौली कला, वार्ड नंबर 17, थाना पुलभट्टा निवासी हरदेव सिंह बताया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के काले रंग के बैग से कच्ची शराब के 56 पाउच बरामद कर कब्जे में ले लिए। पुलिस के अनुसार आरोपी हरदेव सिंह ने बताया कि उसके द्वारा सस्ते दाम पर शराब खरीद कर फुटकर में महंगे दाम पर बेची जाती है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।


**पीएम श्री अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इण्टर कालेज, खटीमा (ऊधमसिंहनगर)**

उत्तराखण्ड शासन

PM SHRI

दूरभाष-05943250150

ई मेल tgic.khatima@gmail.com, tgickhatima@rediffmail.com

**विज्ञप्ति**

पीएम श्री अटल उत्कृष्ट थारू रा०इ०का० खटीमा उधम सिहं नगर में निम्न पदों की मानदेय पर आवश्यकता है ।

योगा शिक्षक - एक

संगीत शिक्षक - एक

बैण्ड शिक्षक - एक

उक्त पदों के लिए विज्ञापन तिथि से एक सप्ताह में आवेदन करें।

दिनांक : 19 जून 2025

प्रधानाचार्य


उत्साह | प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुरू होने पर विधायक बेहड़ का लोगों ने किया स्वागत

# ग्राम नजीमाबाद में पीएचसी का किया शुभारंभ

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधानसभा अंतर्गत ग्राम सभा नजीबाबाद - धौराडैम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (टाइप - ए) का फीता काटकर उद्घाटन किया। ग्रामीणों ने विधायक बेहड़ का आभार व्यक्त करते हुए उनका भव्य स्वागत किया।

ग्राम नजीबाबाद धौराडैम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के उद्घाटन अवसर पर विधायक बेहड़ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फिलहाल यह स्वास्थ्य केंद्र किराए के भवन में संचालित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग को भूमि हस्तांतरित कर दी गई है। जल्द ही करीब 5 करोड़ की लागत से स्वास्थ्य केंद्र का भवन बनने के बाद पद भी सृजित किए जाएंगे। कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने स्वास्थ्य केंद्र के लिए विधायक निधि से एक एंबुलेंस उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पूर्व में स्वास्थ्य सुविधा न होने के कारण ग्रामीणों को इमरजेंसी उपचार के लिए किच्छा एवं शक्तिफार्म क्षेत्र में जाने को मजबूर होना पड़ता था। समय लगने के साथ ही मरीजों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब स्वास्थ्य केंद्र खुलने के बाद ग्राम बखपुर, ग्रामसभा सूर्य नगर, नजीमाबाद, तिलियापुर, गऊघाट, डंपी फॉर्म, कोर्ट खर्रा, दीवान झाला, धौराडैम आदि दर्जनों ग्रामों के हजारों ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह, स्थानीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. कनक, डॉ. जहीर अहमद, डॉ. रश्मि, डॉ. दीप्ति, डॉ. प्रकाश रावत, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, हाजी सरवर यार खान, राजेश प्रताप सिंह, किन्नू शुक्ला, दर्शन कोली आदि मौजूद रहे।



किच्छा के नजीमाबाद में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ करते विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार



केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट की ओर से आयोजित समारोह में सम्मानित विद्यार्थियों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार



समारोह में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के कुलपति डॉ.सतपाल सिंह बिष्ट को सम्मानित करते अमृत विचार के यूनिट हेड अजय सक्सेना व कमल बिष्ट।

# केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

## मीडिया पार्टनर अमृत विचार के साथ हुए सम्मान समारोह-2025 में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान, चंपावत व पीलीभीत से भी पहुंचे विद्यार्थी

ब्यूरो, खटीमा

**अमृत विचार** : केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह-2025 में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

गुरुवार को केआईटीएम इंस्टीट्यूट में मीडिया पार्टनर अमृत विचार की सहयोग से हुए सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के कुलपति प्रो. डॉ. सतपाल सिंह बिष्ट, विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा, अमृत विचार समाचार पत्र के यूनिट यूनिट हेड अजय कुमार सक्सेना एवं केआईटीएम के एमडी कमल सिंह बिष्ट, निदेशक ज्योति बिष्ट ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि प्रो. बिष्ट ने कहा कि अभिभावक, शिक्षक बच्चों की भावनाओं को समझते हुए उनकी इच्छा अनुसार प्रोफेशनल शिक्षा में सहयोग करें। केआईटीएम इंस्टीट्यूट की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों को करियर चयन करने में महत्वपूर्ण जानकारियां मिलती हैं। खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा ने मेधावी विद्यार्थियों को लगन, ईमानदारी से मां-पिता, प्रदेश व देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। अमृत विचार के यूनिट हेड अजय कुमार सक्सेना ने छात्र- छात्राओं से शिक्षाविदों की ओर से दी गई जानकारी को आत्मसात कर भविष्य संवारने की अपील की।

केआईटीएम के एमडी कमल बिष्ट ने कहा कि केआईटीएम डिग्री कॉलेज उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करता हैं, भविष्य में भी ऐसे ही प्रोत्साहित करेगा। इस अवसर पर ऊधम सिंह नगर, चंपावत एवं पीलीभीत के सरकारी व निजी विद्यालयों से पहुंचें 400 से अधिक छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अभिभावकों, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक- शिक्षिकाओं को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अंत में निदेशक ज्योति बिष्ट ने अतिथियों का आभार जताते हुए सम्मान समारोह में छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम संचालन हिमांशु बिष्ट एवं एमडी कमल बिष्ट ने किया।



समारोह का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार



कुलपति डॉ. सतपाल बिष्ट का बुके देकर स्वागत करते केआईटीएम ग्रुप के एमडी कमल बिष्ट।

### इन स्कूलों ने सम्मान समारोह में लिया हिस्सा

**खटीमा** : सम्मान समारोह में हिंद पब्लिक स्कूल, ट्रेफोड पब्लिक स्कूल, डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी, खीमा बिष्ट इंटर कॉलेज, राम कुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नोजगे पब्लिक स्कूल, सिटी कान्वेंट पब्लिक स्कूल, स्प्रिंग फील्ड पब्लिक स्कूल, नोजगे पब्लिक स्कूल ट्विंकल, राणा प्रताप इंटर कॉलेज, सराफ पब्लिक स्कूल, खीमा जोशी इंटर कॉलेज, हेल्पलाइन पब्लिक स्कूल, रेनबो पब्लिक स्कूल, ज्ञानदीप एकेडमी, एसजीए चकरपुर केजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सरस्वती पब्लिक स्कूल छिनकी फॉर्म, चारूबेटा इंटर कॉलेज, पुष्पा प्रियंका सरस्वती विद्या मंदिर, नंदा कॉन्वेंट स्कूल, जीआईसी विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, जीआईसी सितारगंज, गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज नानकमत्ता आदि विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



सम्मान समारोह में मौजूद विद्यार्थी व अभिभावक। ● अमृत विचार

### भारी बारिश में भी नहीं डिगा छात्र-छात्राओं का हौसला

**खटीमा** : सम्मान समारोह में छात्र–छात्राओं एवं अभिभावकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। गुरुवार को भारी बारिश के होने के बाद भी उनका हौसला नहीं डिगा। बल्कि बारिश में भी पूरे जोश व दमखम के साथ विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। स्वयं अभिभावक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थी खुश नजर आए।

### पढ़ाई के लिए कभी समझौता नहीं करना चाहिए, ऐसे आयोजनों से बच्चे संवार सकते हैं भविष्य : प्रो. बिष्ट

**खटीमा, अमृत विचार** : सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. सतपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि एक ही छत पर मिलने वाली तमाम जानकारियों से छात्र–छात्राएं अपना भविष्य संवार सकते हैं। पढ़ाई में किसी प्रकार से समझौता नहीं करना चाहिए। अभिभावकों को बच्चों की प्रवृत्ति जानकर ही उनकी रुचि के अनुसार पढ़ाई का निर्णय लेना चाहिए। कुलपति प्रो बिष्ट केआईटीएम डिग्री कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान पत्रकारों से हुई वार्ता में कहा कि बच्चे कम उम्र में गलत निर्णय लेकर नशे की तरफ बढ़ते हैं इसलिए जरूरी है कि माता–पिता बच्चों को समय दें। बच्चों की पढ़ाई में अभिभावक शिक्षकों का सहयोग करें। यह बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए भी जरूरी है। मौजूदा समय में कोई भी विषय ऐसा नहीं है जिसमें रोजगार के अवसर नहीं हैं, जरूरत उस दिशा में काम करने की है। कार्यक्रम में भुवन चन्द्र पंत, विनोद चन्द्र, विनोद राजपूत, किरन शर्मा, राखी गुप्ता, मनीष सिंह, इंदर गोस्वामी, विवेक सक्सेना, हिमांशु भट्ट, बिट्टू राणा, प्रभात राणा, ओम प्रकाश मौर्या, सूरज गुंसाई, खड़क सिंह गैड़ा, मो. इश्तयाक, प्रवेश सिंह राणा आदि मौजूद थे।

# नौकरी का झांसा देकर युवती से अश्लील हरकत

- आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज
- पहाड़ से सिडकुल में नौकरी की तलाश में आई थी युवती

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना पंतनगर इलाके में नौकरी का झांसा देकर एक 19 वर्षीय युवती से घिनौनी हरकत करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पिथौरागढ़ की रहने वाली एक 19 वर्षीय युवती ने बताया कि वह पहाड़ से सिडकुल में नौकरी की तलाश में आई थी और उसकी मुलाकात सिडकुल के पारले चौक पर संजय शुक्ला नाम के एक युवक से हुई। युवक ने उसे जल्द ही नौकरी दिलाने का वादा किया। 14 जून को आरोपी युवक संजय की कॉल आयी और नौकरी के सिलसिले में 15 जून की दोपहर साढ़े 3 बजे सिडकुल चौक पर बुलाया। इसके बाद अपनी कार में बैठाने के बाद उसका बायोडाटा सहित शैक्षिक दस्तावेज भी लिए और फिर कार में इधर-उधर घुमाने लगा। आरोप था कि युवक कार घुमाते हुए दिनेशपुर मार्ग ले गया और गर्लफ्रेंड बनाने की बात कहते हुए उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। साथ ही छेड़छाड़ भी की। जब वह चिल्लाने लगी तो आरोपी ने उसका मुंह दबा दिया। बार-बार चिल्लाने की धमकी देने पर आरोपी ने उसे रोडवेज पर छोड़ कर फरार हो गया। पीड़िता का कहना था कि इस घिनौनी हरकत करने के बाद से वह मानसिक अवसाद से गुजर रही है। पुलिस ने संजय शुक्ला नाम के युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जबकि आरोपी युवक फरार हो चुका है।

# 81 लाख की साइबर ठगी का मुख्य आरोपी सुशील गिरफ्तार

- साइबर क्राइम सेल ने दिल्ली द्वारका से दबोचा
- ऑनलाइन साइबर ठगी के नाम पर हुई थी ठगी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** एसटीएफ की साइबर क्राइम सेल ने चिकित्सक से 81 लाख की साइबर ठगी करने के मुख्य आरोपी को दिल्ली के द्वारका से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से कई मोबाइल, सिम कार्ड और उपकरण बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

गुरुवार को एसएसपी एसटीएफ नवनीत कुमार ने बताया कि फरवरी 2025 में खटीमा के एक चिकित्सक को अज्ञात व्यक्ति की व्हाटसअप कॉल आयी और उसने ऑनलाइन शेयर मार्केटिंग में निवेश करने की जानकारी दी। साथ ही प्रलोभन दिया कि कम निवेश पर कई गुना मुनाफा होता है। जिसके बाद साइबर ठगों ने डॉक्टर से 81 लाख की साइबर ठगी की घटना को अंजाम दे डाला। मार्च 2025 में साइबर क्राइम थाना स्टेशन रुद्रपुर में मुकदमा पंजीकृत होने के बाद साइबर सेल की टीम ने अपनी तफ्तीश प्रारंभ कर दी।

तफ्तीश के दौरान मोबाइल सर्विलांस एवं आधुनिक तकनीक के माध्यम से पता चला कि 81 लाख की साइबर ठगी का मास्टर माइंड इकलौता है और वह खुद ही साइबर ठगी का संचालन करता है। तफ्तीश में गांव रामपुर हरी थाना मीनापुर मुजफ्फरपुर बिहार को चिह्नित कर लिया। 18 जून को सुरागरसी के आधार पर टीम ने दिल्ली के द्वारका में दबिश देकर आरोपी सुशील कुमार को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से एक मोबाइल, एक आधार कार्ड-पैन कार्ड, नौ डेबिट कार्ड, छह कंपनियों के सिम कार्ड व एक चेक भी बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।



साइबर क्राइम सेल की हिरासत में शातिर साइबर ठग। ● अमृत विचार

## आरोपी सुशील पर 13 राज्यों में दर्ज हैं मुकदमे

- 30 से अधिक दर्ज हैं मुकदमे करोड़ों का है लेनदेन
- ऑनलाइन मार्केटिंग, नौकरी का झांसा है फंडा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 81 लाख की साइबर ठगी के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी वास्तव में साइबर क्राइम थाना सेल के लिए बहुत बड़ी कामयाबी है। कारण पकड़ा गया आरोपी सुशील का भी लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। जब साइबर की टीम ने आपराधिक मामले खंगालने शुरू किए तो आरोपी के खिलाफ एक नहीं, बल्कि 13 राज्यों में साइबर ठगी के मुकदमे पंजीकृत मिले।

साइबर क्राइम स्टेशन प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि जिस वक्त 81 लाख रुपये की साइबर ठगी का प्रकरण सामने आया था। उस वक्त यह नहीं मालूम था कि गिरफ्तार आरोपी ही इकलौता साइबर क्रिमिनल होगा। जिसके खिलाफ उत्तराखंड, यूपी ही नहीं, बल्कि देश के 13 राज्यों में आपराधिक इतिहास मिलेगा। गिरफ्तारी के बाद जब पड़ताल की तो पाया कि आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, कांजीपुरम, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, बंगलूरू, उत्तराखंड, तेलंगाना, केरल, दिल्ली, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश यानी 13 राज्यों में 30 से अधिक साइबर ठगी के मुकदमे पंजीकृत हैं। पड़ताल में जब आरोपी के कई खातों को खंगाला गया तो पता चला कि चार से पांच माह के अंदर करीब 8 से नौ करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। आरोपी खुद ही कंप्यूटर ऐप के माध्यम से साइबर ठगी को अंजाम देता था।

### सोशल मीडिया में करते हैं फर्जी निवेश ऑफर

**रुद्रपुर** : आरोपी सुशील कुमार की गिरफ्तारी के बाद पता चला कि मास्टरमाइंड यूट्यूब, टेलीग्राम, सब्सक्राइब पर फर्जी वेबसाइट बनाकर फर्जी निवेश ऑफर का प्रचार प्रसार करता था। साथ ही लोक लुभावने ऑफर दिखाकर निवेश करने के लिए मजबूर कर देते थे। इसके अलावा आरोपी खुद को पुलिस का अधिकारी, वकील, न्यायिक अधिकारी बनकर भी रौब दिखाकर साइबर ठगी को अंजाम देता था।

### धैर्यता, समझदारी ही है रोकथाम

**रुद्रपुर** : साइबर क्राइम के उपाधीक्षक अंकुश मिश्रा ने कहा कि आधुनिकता की दौर में कंप्यूटर संसाधनों के माध्यम से साइबर ठगी करना इतना आसान नहीं है, जितना उस वक्त पीड़ित की धैर्यता और समझदारी अहम है। कारण अक्सर साइबर ठग पहले प्रलोभन देते हैं और बातचीत में व्यक्ति की मानसिकता को भांप लेते हैं। जब प्रलोभन में फंसता नहीं है तो उसे चिह्नित कर सीबीआई या फिर डिजिटल अरेस्ट जैसा फंडा अपनाते हैं और साइबर ठगी कर देते हैं, लेकिन यदि व्यक्ति धैर्य व समझदारी का परिचय देता है तो कभी भी ठगी का शिकार नहीं होगा।

फॉलोअप

### ड्रोन के माध्यम से भी बाघ की गतिविधि की ली गई जानकारी, सफलता नहीं मिली

# बाघ की लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास जारी

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** वन रेंज अधिकारी खटीमा के निर्देश के क्रम में खटीमा रेंज व पीलीभीत टाइगर रिजर्व की टीम द्वारा बाघ प्रभावित क्षेत्र जादोपुर तथा गंगापुर में संयुक्त रूप से गस्त की गई। कैमरा ट्रैप को भी चेक किया गया और ड्रोन के माध्यम से बाघ प्रभावित क्षेत्र की निगरानी की गई बावजूद इसके टीम को सफलता नहीं मिली।

आपको बता दें कि बाघ की लोकेशन को ट्रेस करने के लिए मौके पर तीन सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं ताकि बाघ की गतिविधि का पता चल सके। गुरुवार को वन विभाग की टीम द्वारा बाघ की लोकेशन को पता करने के लिए तमाम प्रयास किए गए लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। गौरतलब है कि बुधवार की सुबह खटीमा के ग्राम सभा जादोपुर इलाके में खेत में धान की रोपाई करते समय एक मजदूर पास के ही ट्यूबवेल पर पानी पीने गया था जहां पर पहले से ही घात लगाए बाघ ने उस पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। मौके पर मौजूद लोगों ने शोरगुल किया तो बाघ वहां से अन्यत्र चला गया। वहीं घटना के बाद से ही वन विभाग की टीम द्वारा प्रभावित क्षेत्र में गश्त कर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसके साथ ही घटनास्थल के आसपास कैमरा ट्रैप, सीसीटीवी कैमरे तथा ड्रोन आदि से बाघ के लोकेशन को ट्रेस करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को भी बाघ की लोकेशन को ट्रेस करने में किए गए प्रयासों में कोई सफलता नहीं मिली। वहीं आसपास के ग्रामीणों को भी वन विभाग द्वारा सचेत और सतर्क कर दिया गया है। इस दौरान वन बीट अधिकारी जीत प्रकाश, सुखविंदर सिंह, वाचर दीपक कश्यप तथा पीलीभीत की वर्ल्ड लाइव टीम मौजूद रही।



खटीमा के जादोपुर में कैमरों को चेक करती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

### घर के बाहर की गई ताबड़तोड़ फायरिंग, आरोपी फरार

**सितारगंज** : ग्राम बमनपुरी निवासी रंजीत सिंह पर मंगलवार रात जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराकर बताया कि 18 जून को वह अपने साले मंजिन्दर सिंह को सरकड़ा से छोड़ने के बाद घर लौटा था। रात करीब 9 बजे जनताफार्म निवासी लवप्रीत सिंह, नकुलिया निवासी साबी खिंडा, शेरा व गुरमन उसके घर के बाहर पहुंचे और गाली–गलौच करते हुए उसे नाम लेकर बाहर बुलाने लगे। जब रंजीत बाहर नहीं आया तो आरोपियों ने घर के गेट पर लातें मारनी शुरू कर दीं। जैसे ही वह गेट की ओर गया, लवप्रीत और साबी खिंडा ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। रंजीत किसी तरह नीचे झुककर जान बचाकर घर के अंदर भागा। फायरिंग की आवाज से परिवार के सदस्य भी डरकर घर में छिप गए। रंजीत ने तत्काल कॉल कर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन आरोपी तब तक फरार हो चुके थे। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों को जब पुलिस को सूचना देने की भनक लगी, तो उन्होंने दोबारा आकर धमकी दी।

# वॉलीबॉल खेलने के दौरान विवाद

- दर्जन भर आरोपियों ने किया धारदार हथियार से जानलेवा हमला
- पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** वॉलीबॉल खेलने के दौरान दो पक्षों में हुआ मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि समझौता होने के बावजूद आरोपी पक्ष के दर्जन भर लोगों ने योजना के तहत धारदार हथियार से हमला कर दो सगे भाइयों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 12, नूरी मस्जिद, किच्छा निवासी साजिद ने बताया कि विगत 5 जून को वार्ड स्थित खाली खेत में वॉलीबॉल खेलने के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया था। दोनों पक्ष वार्ड 12 के निवासी होने के चलते स्थानीय बुद्धिजीवियों ने पंचायत कर दोनों पक्षों में समझौता कराकर विवाद समाप्त करा दिया। आरोप है कि समझौता होने के बावजूद घटना की रंजिश के तहत 6 जून की रात्रि करीब 9 बजे पीड़ित मोहम्मद साजिद एवं उसके भाई मोहम्मद मेहरबान को काम से घर लौटते समय आरोपियों ने घेर लिया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी सलमान, जाहीर, राशिद, अबरार, रागिब, जावेद, अफरोज, जुनैद, जुबेद, कय्यूम, तौसीफ, जीशान, इमरान, रिजवान, इरफान, नाजिम, अफरोज, जाहिद आदि आरोपियों ने धारदार हथियारों एवं लाठी डंडों से दोनों भाइयों पर जानलेवा हमला कर दिया। दोनों भाइयों को जान से मारने की बात कहने के बाद आरोपी सलमान एवं जुनैद ने धारदार हथियार से पीड़ित के भाई मेहरबान के सिर पर वार कर दिया। इसके बाद मेहरबान लहूलुहान होकर नीचे गिर गया। आरोप है कि बेहोशी एवं घायल अवस्था में भी आरोपी लगातार हमला करते रहे। पीड़ित ने मौके से भाग कर अपनी जान बचाई और परिवार वालों के साथ मौके पर पहुंचकर घायल अवस्था में पीड़ित तथा भाई मेहरबान को इलाज के लिए किच्छा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने दोनों को गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रुद्रपुर रेफर कर दिया। फिलहाल पुलिस में पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

यत् सुखं सेवमानोपि धर्मार्थाभ्यां न हीयते।
कामं तदुपसेवेत न मूढव्रतमाचरेत्। ॥

व्यक्ति को यह छूट है कि वह न्यायपूर्वक ओर धर्म के मार्ग पर चलकर इच्छानुसार सुखों का भरपूर उपभोग करें, लेकिन उनमें इतना आसक्त न हो जाए कि अधर्म का मार्ग पकड़ ले।

## संपादकीय

# रक्षा सहयोग पर सहमति

विश्व व्यवस्था में तेजी से हो रही उठापटक के बीच दुनिया के विकास, दुनिया को समझने का तरीका साफ तौर पर बदल गया है। इससे भारत और यूरोपीय संघ भी अछूते नहीं रहे हैं। वास्तव में आज भारत और यूरोप के बीच साझेदारी का महत्व है। यूरोपीय संघ के साथ रणनीतिक साझेदारी मजबूत बनाने में क्रोएशिया का समर्थन एवं सहयोग जरूरी है। कनाडा से वापस लौटते वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का क्रोएशिया दौरा भारत की यूरोपीय रणनीति के लिए अहम है। प्रधानमंत्री मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक के साथ वार्ता की। दोनों देशों ने रक्षा सहयोग योजना तैयार करने पर सहमति जताई। इस दौरे में रक्षा सहयोग, निवेश, तकनीक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर कई समझौते हुए। भारत और क्रोएशिया के संबंध पुराने हैं। क्रोएशिया ने 1991 में यूगोस्लाविया से अलग होकर स्वतंत्रता की घोषणा की। भारत ने मई 1992 में क्रोएशिया को औपचारिक रूप से मान्यता दी और 9 जुलाई 1992 को भारत से राजनयिक संबंध स्थापित हुए। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा है, जो दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। क्रोएशिया छोटा देश है परंतु भौगोलिक रूप से महत्वपूर्ण है। यूरोपीय संघ और नाटो में उसकी राजनीतिक पकड़ भी है। यह यूरोप का महत्वपूर्ण समुद्री प्रवेश द्वार है, जो यूरोप को निर्यात करने के लिए महत्व रखता है। क्रोएशिया की चीन पर कम निर्भरता और उसके बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के प्रति संदेह इसे भारत के लिए एक अच्छा भागीदार बनाते हैं। यानी क्रोएशिया भारत के लिए एक भरोसेमंद साथी साबित हो सकता है।

क्रोएशिया में भारतीय समुदाय पिछले तीन वर्षों में तेजी से बदला है। वहां जनसांख्यिकीय स्थिति बहुत बदल गई है। वहां अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने के लिए बहुत से विदेशी श्रमिकों को नियोजित किया जा रहा है। द्विपक्षीय संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ क्रोएशिया में बढ़ते भारतीय प्रवासी हैं। 2023 में दोनों देशों के बीच 337.68 मिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ। दोनों देशों के बीच आर्थिक जुड़ाव, हालांकि मामूली पैमाने पर है, लेकिन इसमें वृद्धिशील प्रगति देखी गई है। जानकारों के मुताबिक पीएम मोदी का यह दौरा भारत की यूरोपीय रणनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है। भारत के रुख की बड़ी वजह उसके व्यावहारिक भू-राजनीतिक हित भी हैं, बहुपक्षीय सहयोग की भारत की नीति यहां अहम हो जाती है। साथ ही इस यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिलेगी।

# भारत-कनाडा रिश्तों का नया दौर



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की टिप्पणियां भी उल्लेखनीय रही हैं। उन्होंने भारत की वैश्विक भूमिका की सराहना करते हुए उसे ऊर्जा संक्रमण, टेक्नोलॉजी और भू-राजनीति में एक अहम भागीदार बताया। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि भारत के बिना वैश्विक समस्याओं का समाधान संभव नहीं।

भारत और कनाडा के संबंधों में हाल के समय में एक नया मोड़ आया है। जी-7 शिखर सम्मेलन में भागीदारी के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कनाडा यात्रा ने इस द्विपक्षीय संबंध को पुनर्जीवित करने की दिशा में नई शुरुआत की है। यह यात्रा कई मायनों में प्रतीकात्मक ही नहीं बल्कि व्यावहारिक दृष्टिकोण से भी ऐतिहासिक मानी जा रही है। बीते वर्षों में भारत और कनाडा के रिश्तों में जो ठहराव आया था, उसका कारण केवल राजनयिक मतभेद नहीं थे बल्कि गहरे राजनीतिक तनाव और सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं भी थी। प्रधानमंत्री मोदी की कनाडा यात्रा ने न केवल इन अवरोधों को दूर करने की पहल की बल्कि भविष्य में सहयोग के व्यापक द्वार भी खोल दिए हैं। प्रधानमंत्री की यह यात्रा मात्र 23 घंटे की थी लेकिन इसका प्रभाव बहुआयामी रहा। यह यात्रा ऐसे समय हुई, जब कनाडा की राजनीति में परिवर्तन हुआ है और मार्क कार्नी के रूप में एक नया नेतृत्व सामने आया है। ट्रूडो सरकार के दौर में भारत और कनाडा के बीच खालिस्तान समर्थक गतिविधियों को लेकर भारी तनाव रहा। भारत की कई बार की चेतावनी और शिकायतों के बावजूद ट्रूडो सरकार ने इन्हें नजर अंदाज किया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों देशों के राजनयिक संबंध लगभग ठप पड़ गए थे।

हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद ट्रूडो द्वारा भारत पर लगाए गए आरोपों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। भारत ने इन आरोपों को सिरे से नकारा और कनाडा की धरती से भारत विरोधी गतिविधियों को प्रोत्साहन देने की प्रवृत्ति को मुख्य समस्या बताया लेकिन अब जब कनाडा की खुफिया एजेंसी सीएसआईएस ने खुद यह स्वीकार कर लिया है कि खालिस्तानी तत्व कनाडा से भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं, तब जाकर भारत की वर्षों पुरानी चिंता को औपचारिक मान्यता मिली है। मार्क कार्नी के नेतृत्व में कनाडा की नीति में स्पष्ट बदलाव देखा जा रहा है। भारत के साथ संबंध सुधारने की कोशिशों में ईमानदारी और व्यावहारिकता दोनों दिख रही है। प्रधानमंत्री मोदी और कार्नी की कनैनिस्किस में हुई मुलाकात इस नई दिशा की शुरुआत का प्रतीक बनी। इस बैठक में न केवल उच्चायुक्तों की पुनर्नियुक्ति पर सहमति बनी बल्कि वर्षों से रुकी पड़ी व्यापार वार्ता को पुनः शुरू करने का भी निर्णय लिया गया। दोनों देशों ने डिजिटल ट्रांजिशन, खाद्य सुरक्षा, टेक्नोलॉजी और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग गहराने पर सहमति जताई।

जी-7 सम्मेलन के दौरान भारत और कनाडा के नेताओं की मुलाकात ने दिखा दिया कि दोनों देश अब अपने संबंधों को एक नए आधार पर पुनर्निर्माण करना चाहते हैं। यह आधार है आपसी सम्मान, संप्रभुता की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों की साझेदारी और वैश्विक मंचों पर संयुक्त सहयोग। उच्चायुक्तों की बहाली केवल एक कूटनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि विश्वास बहाली की दिशा में पहला ठोस कदम है।

प्रधानमंत्री की इस यात्रा के बाद कनाडा सरकार द्वारा खालिस्तानियों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानना और इसके सार्वजनिक रूप से स्वीकार करना एक बड़ा कूटनीतिक बदलाव है। यह केवल बयान भर नहीं बल्कि भारत के पक्ष को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वैधता देने जैसा है। यह बदलाव भारत-कनाडा संबंधों में नया आत्मविश्वास भरता है। इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण पक्ष ऑपरेशन 'प्रोजेक्ट पेलिकन' रहा, जिसमें कनाडा और अमेरिका में सक्रिय खालिस्तानी समर्थक ड्रग नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ। इस ऑपरेशन ने इस बात को स्पष्ट कर दिया कि खालिस्तान समर्थक न केवल विचारधारा बल्कि संगठित आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल हैं। इन गतिविधियों से प्राप्त धन भारत विरोधी अभियानों में लगाया जा रहा था। ऐसे मामलों में कार्रवाई कर कनाडा ने यह संकेत दिया है कि अब वह भारत की सुरक्षा चिंताओं को गंभीरता से ले रहा है।

जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत की भागीदारी भी एक प्रमुख संकेत है। यह प्रधानमंत्री मोदी की इस मंच पर छठी उपस्थिति थी। भारत की इस निरंतर भागीदारी ने उसे वैश्विक मंचों पर एक स्थायी और प्रभावी आवाज बना दिया है। सम्मेलन में भारत ने वैश्विक दक्षिण के मुद्दों, आतंकवाद, स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन और टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण जैसे मुद्दों पर अपनी स्पष्ट भूमिका प्रस्तुत की। यह भारत की उस भूमिका को रेखांकित करता है, जो वह 21वीं सदी की वैश्विक राजनीति में निभाना चाहता है। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद पर अपनी मजबूत स्थिति को एक बार फिर दोहराया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आतंकवाद और उसे प्रोत्साहन देने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई आवश्यक है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी भी उन्होंने साझा की, जिससे यह संदेश गया कि भारत अपनी सुरक्षा के लिए कठोर और निर्णायक कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा।

जी-7 सम्मेलन के दौरान भारत और कनाडा के नेताओं की मुलाकात ने दिखा दिया कि दोनों देश अब अपने संबंधों को एक नए आधार पर पुनर्निर्माण करना चाहते हैं। यह आधार है आपसी सम्मान, संप्रभुता की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों की साझेदारी और वैश्विक मंचों पर संयुक्त सहयोग। उच्चायुक्तों की बहाली केवल एक कूटनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि विश्वास बहाली की दिशा में पहला ठोस कदम है। इससे वीजा, व्यापार, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसी सेवाएं सामान्य होंगी और प्रवासी भारतीयों को राहत मिलेगी। यह संबंध दोनों देशों के लाखों नागरिकों के हितों से जुड़ा है। कनाडा में भारतीय मूल के लगभग 30 लाख लोग रहते हैं, जिनमें सिख समुदाय की बड़ी भागीदारी है। यह जनसंपर्क दो देशों के बीच एक जीवंत सेतु की भूमिका निभाता है। अतीत की घटनाओं के कारण जो अनिश्चितता बनी थी, वह अब दूर होती दिख रही है।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की टिप्पणियां भी उल्लेखनीय रही हैं। उन्होंने भारत की वैश्विक भूमिका की सराहना करते हुए उसे ऊर्जा संक्रमण, टेक्नोलॉजी और भू-राजनीति में एक अहम भागीदार बताया। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि भारत के बिना वैश्विक समस्याओं का समाधान संभव नहीं। उनका यह दृष्टिकोण स्पष्ट करता है कि कार्नी की सरकार भारत को एक साझेदार के रूप में देखती है, न कि समस्या के रूप में। अंतर्राष्ट्रीय अपराध और आतंकवाद के खिलाफ एक संयुक्त कार्य समूह स्थापित करने की दिशा में बातचीत भी एक सकारात्मक पहल है। इससे यह संभावना बनती है कि दोनों देश न केवल द्विपक्षीय मुद्दों पर बल्कि वैश्विक अपराध नियंत्रण में भी साझेदारी करें। भारत की ओर से यह अपेक्षा रहेगी कि कनाडा अपनी धरती पर भारत विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए ठोस और दिखने योग्य कदम उठाए।

प्रधानमंत्री मोदी की कनाडा यात्रा एक ऐसे संबंध को फिर से जीवित करने की दिशा में पहला ठोस कदम बनी है, जो कभी निकटता का प्रतीक रहा था। यह कहना गलत नहीं होगा कि दोनों देश अब अतीत की कड़वाहट को पीछे छोड़कर भविष्य की ओर देख रहे हैं। विश्व आज कई जटिल संकटों से गुजर रहा है, यूक्रेन युद्ध, गाजा संघर्ष, ईरान-इजरायल तनाव जैसे मुद्दों ने वैश्विक संतुलन को अस्थिर किया है। ऐसे में भारत और कनाडा जैसे लोकतांत्रिक देशों का सहयोग न केवल द्विपक्षीय स्तर पर बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भी आवश्यक है। भारत का संतुलनकारी रुख, मध्यस्थता की क्षमता और नैतिक नेतृत्व इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान देता है।

बहरहाल, कनाडा और भारत के बीच उच्चस्तरीय संवाद पुनः प्रारंभ हो चुका है। दोनों देशों ने यह स्वीकार किया है कि उनकी साझेदारी केवल आर्थिक लाभों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि यह रणनीतिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग के व्यापक आयामों को भी समाहित करे। संबंधों के इस नए अध्याय को सफल बनाने के लिए दोनों देशों को निरंतर प्रयास करने होंगे। पारस्परिक विश्वास को मजबूत करना, सुरक्षा चिंताओं को समझना और वैश्विक चुनौतियों के समाधान में साझेदारी निभाना ही वह रास्ता है, जिससे भारत और कनाडा अपने संबंधों को एक नई ऊंचाई तक ले जा सकते हैं। यह यात्रा इस मार्ग की शुरुआत है लेकिन असली काम अभी बाकी है।

## प्रसंगवश

# बढ़ती उम्र के साथ बढ़ रही हैं बीमारियां

विश्व स्वास्थ्य संगठन की आंकड़े बताते हैं कि बीते पांच दशकों के दौरान भारत में इंसान की औसत उम्र यानि जीवन प्रत्याशा में 22 साल का इजाफा हुआ और यह 70.42 साल हो गई। इसी के साथ आम आदमी का दवाई और अस्पताल का खर्च बढ़ता जा रहा हैं। सबसे बड़ी बात अधिकांश बीमारियां जीवन शैली से जुड़ी हैं जिनमें खान-पान की अनियमितता या गुणवत्ता से उपजे रोग सर्वाधिक हैं।

बीते एक दशक के दौरान भारत में घर से बाहर खाने, सड़क के किनारे स्नेक्स या पेय पदार्थ लेने का चलन बढ़ा है। सोशल मीडिया पर सड़क पर बिकने वाले खानों की तारीफ के हजारों चैनल हैं और इनको देख कर स्वाद-परीक्षा करने वाले करोड़ों में। हाल ही में केंद्र सरकार ने मोटापा के खिलाफ एक अभियान शुरू किया है जिसमें भोजन में तेल, चीनी और नमक की मात्रा काम अकरने पर जोर दिया जा रहा है। जरूरी यह भी है कि भोजन बेचने वाले छोटे-बड़े स्थानों पर खाना बनाने की सामग्री की गुणवत्ता, रसोई-स्थल की साफ सफाई और भोजन परोसने के तरीकों और बर्तनों के प्रति सतर्कता की दिशा में जागरूकता और कार्य किया जाए। "लैंसेट" का शोध बताता है की बीमारियों का बोझ बढ़ाने वाले 11 मुख्य कारकों में छ आहार संबंधी हैं। जान आकर आश्चर्य होगा की अब बड़ी आबादी पेट भरने के बनिस्पत स्वाद और फेशन के लिए बहुत सा आहार ले रही हैं जिसका असर सबूत अनाज, फल-सब्जी और देरी उत्पाद के साथ साथ मांसाहार पर भी दिखता है। विटामिन और सूक्ष्म पोषक की मात्रा भोजन में कम हो रही है, वहीं गैरजरूरी वसा और कार्बोहाएड्रेड बढ़ रहा है, जिससे मोटापा और उसके साथ की रोग शरीर में घर बना रहे हैं।



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

फ्रंटियर्स इन न्यूट्रीशन नाम की पत्रिका में छपी एक एक बड़ी रिसर्च बताती है कि जो लोग ऐसी चीजें खाते हैं जिनसे शरीर में सूजन बढ़ती है (जैसे तली-भुनी और प्रोसेस्ड चीजें), उनमें लीवर की गंभीर बीमारी होने का खतरा 16 प्रतिशत ज्यादा रहता है, जिसमें क्रोनिक लिवर डिजीज (सीएलडी) शामिल है। कुछ साल पहले हैदराबाद के उस्मानिया मेडिकल कालेज की एक टीम ने शहर में एक सर्वे किया तो पता चला की स्ट्रीट फूड में मतवाले हैदराबादी असल में स्वाद के साथ जहर निगल रहे हैं अध्ययन में पता चल की हर छठा हैदराबादी सड़क का खाना खाने के बाद बीमार पड़ता है। शहर में भेलपुरी के 45.3 प्रतिशत नमूने आंतों को नुकसान पहुंचाने वाले बैक्टिरिया से दूषित थे। चीनी फास्ट फूड तो जहर का दूसरा नाम पाया गया। इसके 90-92 प्रतिशत नमूनों में बेसिलस सेरेयस पाया गया, जो खाद्य विषाक्तता का बड़ा कारण होता है। मुंबई में मेट्रापोलिस हेल्थकेर द्वारा किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि मुंबई के 88 प्रदूषित सड़क खाद्य नमूने बैक्टीरिया से दूषित थे और 70 खाद्य नमूनों में से 61 में बैक्टीरिया पाए गए, जिनमें कोलीफॉर्म और फीकल स्ट्रेप्टोकोकस शामिल थे।

पिछले साल दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में अक्टूबर 2024 में हेपेटाइटिस ए के अचानक मामले बढ़ कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गए। इस पर हुए अध्ययन में 145 नमूनों में से 70 से अधिक लोग हेपेटाइटिस ए के शिकार पाए गए जिसका मुख्य कारण असुरक्षित भोजन और पानी का सेवन था। कुछ महानगर तो बस बानगी हैं शहर छोटा हो या कस्बा, सास, चटनी आदि का सेवन खतरे से खाली नहीं होता। फिर ऐसी रेहड़ियां नाले के किनारे होती हैं, जूठे डिस्पोजेबल वहीं पड़े होते हैं जिनमें आवारा पशु मुंह मारते हैं, पास में यातायात चलता रहता है और धूल उड़ती है। इस तरह का भोजन धीरे-धीरे शरीर को ऐसी बीमारियों के चपेट में पहुंचा देता हैं, जहां जेब में छेद होना और खाने में दवा की मात्रा जिंदगीभर के लिए जुड़ जाना आम बात हैं। भारत में सड़क का खाना सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण और मजबूरी भी है। बहुत से मेहनतकश लोगों की आर्थिक स्थिति और काम के हालत ऐसे नहीं होते कि समय पर, घर का भोजन कर सकें या फिर बाहर महंगे रेस्टोरेंट का बोझ उठाया सकें। लेकिन इसके सेवन से जुड़ी स्वास्थ्य जोखिमों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उचित निगरानी, शिक्षा, और जागरूकता के माध्यम से इन जोखिमों को कम किया जा सकता है।

# श्रम शक्ति के समक्ष बढ़ते तापमान का संकट



डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

धधकते, तपते मौसम में औद्योगिक, निर्माण से लेकर रेस्तराओं और गोदामों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कार्य करना आसान नहीं है।

जलवायु परिवर्तन और बढ़ता तापमान एक ऐसी सच्चाई है जिसे आज चाह कर भी झुठलाया नहीं जा सकता। देखा जाए तो यह बढ़ता तापमान उन मेहनतकश लोगों का कहीं ज्यादा इम्तिहान ले रहा है जो कड़ी धूप और खुले आकाश तले पसीना बहाने को मजबूर हैं। इसकी पुष्टि अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने अपनी नई रिपोर्ट 'इंश्योरिंग सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क इन चेंजिंग क्लाइमेट' में भी की है। रिपोर्ट का कहना है कि अपने जीवन में काम के दौरान किसी न किसी मोड़ पर 241 करोड़ श्रमिकों को भीषण गर्मी का सामना करने को मजबूर होना पड़ेगा। इसका मतलब है कि दुनिया के 71 फीसदी श्रमिक या तो बढ़ते तापमान की वजह से गर्मी की मार झेल रहे हैं या उन्हें अपने काम के दौरान कभी न कभी इसका सामना करना पड़ेगा।

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन यानी आईएलओ की एक रिपोर्ट, 'कार्यस्थल पर गर्मीः सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए निहितार्थ' में पाया गया है कि गर्मी एक मूक हत्यारा है जो दुनिया भर में बढ़ती संख्या में श्रमिकों के स्वास्थ्य और जीवन के लिए खतरा बन रही है। मानवीय गतिविधियों के कारण होने वाली ग्लोबल वार्मिंग प्रति दशक 0.26 डिग्री सेल्सियस की दर से बढ़ रही है। शहरों में जब लोग एसी के रिमोट से टेंपरेचर ऊपर-नीचे कर रहे होते हैं, उसी दौरान मजदूर कहीं खेत या किसी घर की दीवारों की ईंट उठाते हुए पसीना बहा रहे होते हैं।

धधकते, तपते मौसम में औद्योगिक, निर्माण से लेकर रेस्तराओं और गोदामों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कार्य करना आसान नहीं है। हालांकि सबसे बड़ा संकट खुले में काम करने वाले श्रमिकों के लिए है। देश की करीब 90 फीसदी श्रम शक्ति अनौपचारिक क्षेत्र से जुड़ी है। ज्यादातर मामलों में इन श्रमिकों को चिलचिलाती धूप, बारिश, आंधी-तूफान के बीच खुले में काम करना पड़ता है। उनके लिए न तो पर्याप्त सुविधाएं हैं और न ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम। ऐसे में इन किसानों, श्रमिकों को हर दिन अपना और अपने परिवार का पेट भरने के लिए खतरों से दो-चार होना पड़ता है।

'लेबरिंग थ्रू द क्लाइमेट क्राइसिस' नाम से एक रिपोर्ट वर्कर्स कलेक्टिव फॉर क्लाइमेट जस्टिस-साउथ एशिया और ग्रीनपीस इंडिया ने तैयार की है जो असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की गर्मी से जुड़ी चिंताओं पर रोशनी डालती है। इसमें अनुमान लगाया गया है कि तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की आमदनी में 19 फीसदी की कमी आती है और भीषण गर्मी उन्हें कठिन विकल्पों में से चुनाव करने को मजबूर करती है। यानी या तो वो ख़ुद को सुरक्षित करने का जतन करें या आजीविका कमाएं। इस रिपोर्ट में ये भी रेखांकित किया गया है कि गर्मी सिर्फ़ आजीविका पर ही असर नहीं डालती बल्कि श्रमिकों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है।

वन अर्थ द्वारा 2022 में 68 देशों में किए गए अध्ययन जिसका शीर्षक राइजिंग टेम्परेचर इरोड ह्यूमन स्लीप है, के अनुसार विश्व स्तर पर लोगों की नींद प्रभावित हुई, जिससे पता चला है कि गर्म तापमान की वजह से लोग कम नींद ले पाते हैं। बुजुर्ग, महिलाएं और कम आय वाले देशों के लोग इससे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। 2099 तक, बढ़ता तापमान एक साल में प्रति व्यक्ति की 50-58 घंटे की नींद कम कर सकता है।

आइएलओ की 2019 की रिपोर्ट 'वर्किंग ऑन ए वार्मर प्लेनेट–द इम्पैक्ट ऑफ़ हीट स्ट्रेस ऑन लेबर प्रोडक्टिविटी एंड डिसेंट वर्क' में चेतावनी दी गई है कि भारत में हीट स्ट्रेस के कारण 2030 में 5.8 प्रतिशत काम के घंटे कम होने की उम्मीद है। अपनी बड़ी आबादी के चलते देश 2030 में 3.4 करोड़ लोगों को अपनी नौकरियां खोनी पड़ सकती हैं।

विश्व बैंक की 2022 की एक और रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि 2030 तक, पूरे भारत में सालाना 16 से 20 करोड़ से ज्यादा लोगों के घातक गर्मी की चपेट में आने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारतीय शहर जलवायु पैटर्न में होने वाली तब्दीलियों के प्रति तेजी से संवेदनशील होते जा रहे हैं, जिससे असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को बड़ा खतरा है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का हस्तक्षेप बेहद महत्वपूर्ण है। आयोग ने राज्यों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि वे कमजोर लोगों, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बाहरी कामगारों, बुजुर्गों, बच्चों और बेघर लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाएं, जो पर्याप्त आश्रय और संसाधनों की कमी के कारण जोखिम में हैं।

## सोशल फोरम

# अंधकार कोई प्रतीक नहीं

समाज, अपनी जटिलता और विरोधाभासों के साथ, एक ऐसा दृश्य रचता है, जिसमें प्रकाश और अंधकार एक-दूसरे से अजनबी बने रहते हैं। जो लोग विशेषाधिकारों की रोशनी में जीते हैं-संपत्ति, शिक्षा, अवसर और मान की विरासत के साथ-उनके लिए जीवन एक स्वाभाविक सहजता में बहता है। वे चमकते नगरों, स्वचालित सुविधाओं, और स्वीकृति से सजे मंचों के अभ्यस्त हैं। इस उजाले की चकाचौंध में वे यह देखने से चूक जाते हैं कि समाज के एक बड़े हिस्से के लिए यह प्रकाश कभी पहुंचा ही नहीं। उनके लिए अंधकार कोई प्रतीक नहीं, बल्कि यथार्थ है-जीवन का कठोर, कटु और उपेक्षित यथार्थ।



अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

इतिहास गवाह है कि जिन लोगों ने अंधकार को झेला है, उन्होंने ही उस प्रकाश की तीव्रता को सबसे पहले महसूस किया है, जो दिखने में उजाला होता है, पर भीतर से तिरस्कार और वंचना से भरा होता है। उन लोगों ने सत्य को अपनी त्वचा की सिलवटों में जिया है, और अब जब वे जाग रहे हैं-पढ़ रहे हैं, लिख रहे हैं, संगठित हो रहे हैं-तो वे किसी करुणा की याचना नहीं करते। वे पूछते हैं, प्रश्न उठाते हैं, और अपने अनुभवों के आधार पर उस सत्य की पुनर्रचना करते हैं, जो लंबे समय तक केवल विशेषाधिकारियों के शब्दों में बंधा रहा।

यह पुनर्रचना कोई विद्रोह नहीं, बल्कि न्याय की मांग है। यह मांग बताती है कि एकांगी दृष्टि से गढ़े गए समाज को अब उन आंखों से भी देखना होगा, जो अंधेरे की आदत में पारदर्शी हो गई हैं। उन्हें न ज्ञान की जरूरत है, न कृपा की-उन्हें चाहिए मान्यता, भागीदारी और वह सम्मान, जो किसी भी सामाजिक संरचना को नैतिक बनाता है। और यह भी याद रखा जाना चाहिए कि किसी राष्ट्र की आधुनिकता केवल तकनीकी प्रगति या बाज़ार की चमक में नहीं मापी जा सकती। वह इस बात से मापी जाती है कि उसमें रहने वाले सभी नागरिकों को गरिमा, अवसर और विकास का अधिकार है या नहीं। अगर कुछ लोग आगे बढ़ भी जाएं, पर समाज के बड़े हिस्से को पीछे छोड़ दिया जाए, तो वह राष्ट्र समग्र रूप से न तो शक्तिशाली बन सकता है, न ही स्थायी रूप से सुखी।

**-फेसबुक वॉल से**

# हर तरफ युद्ध, नागरिक अभिशप्त



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

इजराइल के समर्थक ट्रंप का रुख कभी भी स्पष्ट नहीं रहा है। पहलगाम हमले के बाद जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव गहरा गया था तब भी ट्रंप ने यही नीति अपनाई, जिसे कोई नहीं समझ पाया।

ईरान और इजराइल लगातार संघर्षरत हैं। इजराइल से अमेरिका के अपने स्वार्थ बंधे हुए हैं। दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंध हैं। जिसमें संयुक्त सैन्य अभ्यास, सैन्य अनुसंधान सबसे महत्वपूर्ण है। इजराइल इस बात को अच्छी तरह जानता है कि अगर अमेरिका को पश्चिम एशिया में अपने हितों की रक्षा करनी है तो इजराइल का साथ देना होगा। अगर अमेरिका चाहता तो ईरान पर इजराइल के हमले को रोक सकता था पर उसने ऐसा नहीं किया।

डोनाल्ड ट्रंप ने बिना शर्त समर्पण की चेतावनी दी। जिसे खारिज करते हुए ईरान के प्रमुख नेता 86 वर्षीय अयातुल्ला खामेनेई ने कहा है कि अगर अमेरिका इजराइल और ईरान के बीच में युद्ध में कूदा तो परिणाम गंभीर होंगे। खामेनेईका साफ कहना है कि ईरान कभी भी आत्मसमर्पण नहीं करेगा।

युद्ध में आम जनता बेमौत मारी जाती है। ईरान में भारत के भी हजारों लोग फंसे हैं। जिनमें मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले और तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र छात्राएं हैं। युद्ध के चलते यातायात के हवाई मार्ग बंद हैं। अपने नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की जिम्मेदारी भारत सरकार की बनती है जिसके लिए वह प्रयासरत है। छात्रों को बसों के जरिए सुरक्षित स्थानों में भेजा जा रहा है और जिनका कहीं जाना संभव नहीं है उन्हें घर के भीतर ही सुरक्षित रहने के निर्देश मिले हैं। पर सोचना यह है कि आज इंसान घर के भीतर भी कहां सुरक्षित है। अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना ने इस याद को और ताजा कर दिया है। मेडिकल के भी सारे छात्र भी तो अपने हॉस्टल और मेस में खुद को सुरक्षित समझ रहे थे। रॉकेट और मिसाइल के उपयोग ने हर पल हमारी सुरक्षा पर दांव लगाया है। कई छात्र आर्मेनिया की तरफ बढ़ रहे हैं। भारत ने हमेशा अलग-अलग देशों में युद्ध के दौरान भारतीय नागरिकों के साथ ही साथ पड़ोसी देशों के नागरिकों को भी बाहर निकाल कर संवेदनशीलता का परिचय दिया है और इसी का कर्ज उतारते हुए ईरान के पड़ोसी देश आर्मेनिया इस मुश्किल की घड़ी में इंसानियत के नाते भारतीय छात्रों को मदद को आगे आ रहा है। गाजा संघर्ष, यूक्रेन-रूस युद्ध और बहुत सारे देशों के संघर्ष में नागरिकों की दुर्दशा हम देखते आए हैं। अपने कुटिल स्वार्थ की पूर्ति के लिए राजनेता देश को युद्ध की भेंट चढ़ा देते हैं। ऐसे में आम नागरिक अभिशप्त जीवन जीते हैं।

इजराइल के समर्थक ट्रंप का रुख कभी भी स्पष्ट नहीं रहा है। पहलगाम हमले के बाद जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव गहरा गया था तब भी ट्रंप ने यही नीति अपनाई, जिसे कोई नहीं समझ पाया। वहीं पाकिस्तान के सेवा प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने भारत पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु युद्ध रोकने के लिए ट्रंप को शांति का नोबेल दिए जाने की मांग की और बीते कुछ दिनों पहले ट्रंप द्वारा उन्हें व्हाइट हाउस में आमंत्रित भी किया गया था। भारत संघर्ष विराम में अमेरिका या किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता या भूमिका से लगातार इनकार करता रहा। ये सच है कि अखंडित एकता को अगर अपनी शक्ति बना लें तो हम एक मजबूत लोकतंत्र हैं, हमें अमेरिका की जी हुजूरी करने की कोई जरूरत नहीं है। हालांकि इस संदर्भ में भारतीय प्रधानमंत्री ने जी 7 शिखर सम्मेलन में अमेरिका और पश्चिमी देशों का नाम लिए बिना निशाना साधते ते हुए कहा कि अपने हितों की बात जहां पर हो, वहां पर देश पर तुरंत प्रतिबंध लगा दिया जाता है और आतंकवाद का समर्थन करने वाले देश को पुरस्कृत किया जाता है। बाद में टेलीफोन वार्ता के दौरान ट्रंप ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को सीधा समर्थन देने की घोषणा की है।

इस संदर्भ में बहुत पहले पढ़ी गई भूतपूर्व अमेरिकी राजनीतिज्ञ हेनरी किसिंजर की यह पंक्तियां आज के संदर्भ में सटीक बैठती हैं, "यूनाइटेड स्टेट्स हेज़ नो परमानेंट फ्रेंड्स और एनिमीज़. ओन्ली इंटरेस्ट्स." उन्होंने यह भी कहा था कि अमेरिका का दुश्मन होना खतरनाक है लेकिन दोस्त होना घातक है। याद रहे कि किसिंजर को 1973 में शांति का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था। ट्रंप को भी मिल जाए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं। फिलहाल वर्तमान हालात के संदर्भ में भी चीन और रूस के नजरिए को भी भांपने की जरूरत है। जहां तक पाकिस्तान की बात है वह निश्चित ही चीन के इशारों पर नाचेगा। हैरानी की बात यह है कि संयुक्त राष्ट्र एक मोहरा बनकर रह गया है जिस उद्देश्य से इसकी स्थापना हुई थी उसे पूरा करने में यह हमेशा से नाकाम रहा है। न जाने कब तक युद्ध की आग में धधकती रहेगी धरती। पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और संवर्धन के मुद्दों का क्या होगा? निर्दोष आम नागरिकों की जिंदगी का क्या होगा? यह सब सवाल भविष्य के पर्दे के पीछे हैं जिनसे शक्तिशाली राष्ट्रों का कुछ लेना-देना नहीं क्योंकि वे सिर्फ धमकी देना और विस्तार वाद की नीति जानते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# किसानों और मजदूरों की मांगों के समर्थन में कांग्रेस ने दिया धरना

## प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लों की अगुवाई में सैकड़ों लोग एसडीएम कार्यालय पहुंचे

संवाददाता, बाजपुर



बाजपुर में एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना देते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** किसानों व मजदूरों की मांगों के समर्थन में उत्तराखंड किसान कांग्रेस की ओर से धरना दिया गया। साथ ही मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। गुरुवार को किसान कांग्रेस से जुडे.सैकड़ों लोग प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लों की अगुवाई में प्रदर्शन करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे और किसानों मजदूरों की मांगों के समर्थन में धरना दिया।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश के किसानों मजदूरों के हित में कारखाने स्थापित कर रोजगार दिया। लेकिन भाजपा सरकार ने 11 वर्षों में जनहित के सभी उपक्रम बेच दिए हैं और अब सहकारिता क्षेत्र की प्रथम चीनी मिल जिसे किसानों ने वर्ष 1958-59 में तीन सौ रुपये प्रति शेयर डालकर खड़ा किया था सरकार इसे भी सितारगंज की भांति निजी हाथों में देने की तैयारी कर रही है। कर्मचारियों के वेतन में कटौती की जा रही है। इसी के साथ बिजली बिल माफ करने, मजदूर हित में आसवानी को संचालित करने, किसानों को समय से यूरिया, एनपीके, डीएपी समय से उपलब्ध कराने व कालाबाजारी को रोकने की मांग की गई। इस मौके पर कांग्रेस नेता बरुण कपूर, इन्द्रपाल सिंह उर्फ पिंटू राणा, किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हरमीत सिंह बडैच, जोरावर सिंह भुल्लर, जिलाध्यक्ष नवदीप सिंह कंग, जसविंदर सिंह जस्सी, लाल सिंह थापकनलगला, पूर्व अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य कामरान खान, हाजी अमीर अहमद, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पवन शर्मा, नगराध्यक्ष सत्यवान गर्ग, फुरकान, डीके जोशी, बबली जोशी, जगजीत सिंह संधू ,अग्रेज सिंह, हरप्रीत सिंह निज्जर,राकेश लखेड़ा, अमर रंधावा, आदित्य चानना, अभिषेक तिवारी, महेश कुमार आशू, विक्रम सिंह लड्डू कंचन आदि मौजूद रहे।

### बीस गांव की समस्या हल हुई तो सीएम का करेंगे स्वागत

**बाजपुर :** किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लों ने कहा कि राजनीतिक विचारधारा अलग हो सकती है लेकिन जनहित सर्वोपरि है। सीएम पुष्कर सिंह धामी यदि जल्द ही बीस गांव की समस्या का समाधान कर देते हैं तो किसान कांग्रेस सार्वजनिक रुप से सीएम का भव्य स्वागत करेगी। वहीं उन्होंने कहा कि चीनी मिल में उनके पूर्वजों का योगदान है इसे निज हाथों में नहीं जाने दिया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष चीनी मिल व आसवनी का प्रकरण विधान सभा में उठाएंगे।



बाजपुर में कार्यकर्ताओं को सेवा की शपथ दिलाते दर्जा राज्यमंत्री मंजीत सिंह राजू।

# मोदी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों की जानकारी दी

- दर्जा राज्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को सेवा की शपथ दिलाई

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** दर्जा राज्यमंत्री (गन्ना) मंजीत सिंह राजू की अगुवाई में बेरिया दौलत में 'विकसित चौपाल भारत का अमृतकाल- सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के 11 वर्ष' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते 11 वर्षों में जनभागीदारी, तकनीकी नवाचार और पारदर्शी शासन के माध्यम से देश को एक सशक्त और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

इस मौके पर राजू ने कहा कि 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' की यह यात्रा हर भारतवासी की भागीदारी से और भी सशक्त बन रही है। इस दौरान कार्यकर्ताओं को सेवा की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद गोरक्षा विभाग के प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस, नैनीताल जिले के प्रभारी राजेश कुमार, बाजपुर मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव, गुरदीप सिंह, राजू वाल्मीकि, प्रमोद राजहंस, लकी सोही, अजीत पाल सिंह, मंडल महामंत्री बबलू गौतम आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



बाल संत समागम में मौजूद बच्चे।

### विशाल निरंकारी बाल संत समागम में प्रेरणादायक प्रस्तुतियां

**काशीपुर :** निरंकारी भवन में एक विशाल निरंकारी बाल संत समागम एवं इंग्लिश मीडियम समागम का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा भरपूर उत्साह के साथ प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दी गईं। बीते दिन कार्यक्रम का प्रारंभ प्रात: सेवा दल की रैली से हुआ। सत्संग का कार्यक्रम बच्चों के द्वारा अवतार वाणी, हरदेव वाणी के गायन से आरंभ किया गया। सत्संग के महत्व पर छोटी-छोटी लघु नाटिकाएं करके सभी का मन मोह लिया। इस दौरान लघु कवि दरबार का भी आयोजन किया गया। मंच संचालन करते हुए गौरव ने कहा कि बाल संगत एवं इंग्लिश मीडियम संगत के साथ-साथ शिक्षा के मार्ग पर भी बच्चों को आगे बढ़ते चले जाना है। समागम की अध्यक्षता क्षेत्रीय संचालक प्रवीण अरोड़ा ने की।

### मुख्य सचिव से मिला सफाई कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल

**जसपुर :** उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी संघ के कर्मचारियों ने राज्य के मुख्य सचिव से देहरादून में मुलाकात की। उन्होंने सचिव को नौ सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन देकर कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया। संघ के प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह राही ने बताया कि बृहस्पतिवार को प्रदेश अध्यक्ष राम अवतार राजौर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने देहरादून में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन से मुलाकात कर नौ सूत्रीय मांग का एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें नगर निकायों में ठेका प्रथा को पूर्ण रूप से समाप्त करने, पर्यावरण मित्रों को पदोन्नत करने, हाईकोर्ट आदेशानुसार दैनिक वेतन भोगी, संविदा, उपनल, आउटसोर्स एवं मोहल्ला स्वच्छता समिति आदि कर्मचारियों को नियमित करने, बढ़ते क्षेत्रफल के आधार पर राज्य में 20 हजार पर्यावरण मित्रों की नियुक्ति करने की मांग की। इस पर मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य की नगर निकायों में कार्यरत सभी पर्यावरण मित्रों को नियमित करने की शासन स्तर पर कार्रवाई चल रही है।

### अंश के निशुल्क सफल ऑपरेशन पर परिजन खुश



ऑपरेशन के बाद मां के साथ अंश।

**खटीमा :** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम बी के द्वारा अंश नाम के बच्चे का नि:शुल्क ऑपरेशन कराया गया। अंश का नाम सुनपहर आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत है। बच्चे के सफल ऑपरेशन से इसकी माता आरती और पिता अमित के चेहरे पर खुशियां लौट आई हैं। नागरिक अस्पताल की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा आंगनबाड़ी में 5 साल तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें अंश की जांच के दौरान सिर में पानी (मैक्रोसेफली) की समस्या थी। टीम ने अंश को 24 मार्च को रुद्रपुर डीईआई सेंटर के लिए रेफर किया गया। हायर सेंटर में बच्चे की नि:शुल्क सफल सर्जरी कराई गई।

# निविदाओं को लेकर ठेकेदारों में रोष व्याप्त

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** सिंचाई कार्य मंडल रुद्रपुर में निविदाओं को लेकर ठेकेदारों में रोष व्याप्त है। ठेकेदार वेलफेयर सोसाइटी काशीपुर की आपात बैठक में अधीक्षण अभियंता पर गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही निविदा को निरस्त कर पहले की तरह दो निविदाएं आमंत्रित करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेजे गए पत्र में सोसाइटी के पदाधिकारियों ने बताया कि 13 फरवरी 2025 को नाबार्ड मद में गदरपुर विकासखंड की लोअर भाखड़ा नहर और गूलों की लाइनिंग कार्य के लिए 10 निविदाएं आमंत्रित की गई थीं। इनमें से 5 को पास कर शेष 5 को बिना किसी स्पष्ट कारण के निरस्त कर दिया गया। इसके बाद 1 अप्रैल 2025 को दोबारा इन्हीं 5 निविदाओं को आमंत्रित किया, जिसमें से 3 को स्वीकृति मिली और शेष 2 को फिर से बिना कारण रद्द कर दिया गया। सोसाइटी का आरोप है कि 29 मई 2025 को इन दो निविदाओं को जोड़कर एक नई निविदा बनाई गई, जिससे खास ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने की मंशा जाहिर होती है।

ठेकेदारों का कहना है कि उन्हें सूत्रों से जानकारी मिली है कि अधीक्षण अभियंता इस कार्य को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कर रहे हैं। बैठक में अध्यक्ष अशोक शर्मा, उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, सचिव उमेश पांडे, कोषाध्यक्ष मोहन तिवारी आदि मौजूद रहे।

# बाल श्रम उन्मूलन के लिए चला अभियान

- प्रतिष्ठानों, होटल, ढाबों, दुकानों वर्कशॉप में हुई जांच
- अभियान का उद्देश्य बाल किशोर को शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ना

संवाददाता, रुद्रपुर




होटल में पूछताछ करती श्रम विभाग की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बाल श्रम एवं किशोर श्रम के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए जिला टास्क फोर्स टीम के साथ श्रम विभाग ने रुद्रपुर क्षेत्र में एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य बालकों एवं किशोरों को श्रम कार्यों से मुक्त कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ना है।

गुरुवार को अभियान के दौरान विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, होटल, ढाबों, दुकानों, वर्कशॉप आदि की औचक जांच की गई। इस दौरान सभी प्रतिष्ठान स्वामियों, सेवायोजकों को श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2016 के तहत 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम कराना अपराध है। किशोरों (14 से 18 वर्ष) को भी खतरनाक कार्यों में लगाना कानूनन दंडनीय है।

श्रम विभाग के श्रम प्रवर्तन अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि उल्लंघन कराने वाले सेवायोजक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का प्रावधान है। 6 माह से 2 वर्ष तक की सजा न्यूनतम 20 से 50 हजार तक का अर्थदंड या दोनों से दंडित किए जाने का भी प्रावधान है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी बाल या किशोर श्रमिक कार्यरत पाए जाएं तो इसकी सूचना तुरंत श्रम विभाग को दें या चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर भी कॉल कर सकते हैं। ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। यह अभियान भविष्य में भी सतत रूप से जारी रहेगा।

अभियान के दौरान चाइल्ड लाइन एवं पुलिस विभाग ह्यूमन ट्रैफिकिंग और गैर सरकारी संस्था आईएसडी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



जसपुर में एसडीएम से मुलाकात करते विधायक आदेश सिंह।

### किसानों की भूमि पैमाइश को एसडीएम से मिले विधायक

**जसपुर :** भूमि पैमाइश में आ रही परेशानियों से किसानों में आक्रोश है। उनकी मांग पर विधायक ने एसडीएम से मुलाकात कर समस्या के समाधान की मांग की। विधायक आदेश सिंह चौहान बृहस्पतिवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने यहां एसडीएम चतर सिंह चौहान को बताया कि उनके क्षेत्र में किसानों की भूमि की पैमाइश न किए जाने की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। शुल्क जमा करने के बाद भी किसान राजस्व अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। क्षेत्र में पिछले दो वर्ष से चकबंदी मार्ग एवं हदबंदी की लगभग सो शिकायतें विचाराधीन हैं। इस कार्य को सेवानिवृत्त अमीन देखते थे लेकिन जब से कानूनगो को यह कार्य सौंपा गया है तभी से किसान परेशान हैं। उन्होंने बताया कि नोटिस के बाद भी पैमाईश नहीं हो रही है। एसडीएम ने राजस्व निरिक्षक धनेश शर्मा को बुलाकार पेमाइश से जुड़े सभी पुराने मामलो को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। वहां नगर अध्यक्ष मो .इख्तियार मौजूद रहे।

# बेहड़ ने लालपुर में गुरुद्वारा कमेटी को भेंट किया फ्रीजर

संवाददाता, किच्छा



किच्छा के लालपुर में गुरुद्वारा कमेटी को फ्रीजर भेंट करते विधायक बेहड़।

**अमृत विचार :** विधायक तिलक राज बेहड़ ने लालपुर स्थित गुरुद्वारा नानकसर ठाठ में शव रखने के लिए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को फ्रीजर भेंट किया।

गुरुद्वारा परिसर में प्रधान सेवक बाबा सुखचैन सिंह को फ्रीजर सौंपते हुए उन्होंने कहा कि लालपुर क्षेत्र में शव रखने के लिए फ्रीजर की व्यवस्था नहीं थी तथा उनके संज्ञान में मामला आने के बाद उन्होंने सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए यहां फ्रीजर की व्यवस्था की है। विधायक बेहड़ ने विधानसभा अंतर्गत ग्राम पक्की खमरिया में जिला योजना के तहत 19.50 लाख रुपए की लागत से 200 मीटर सीसी सड़क, ग्राम सैंजनी में विधायक निधि से 4.25 लाख की लागत से सीसी सड़क निर्माण, ग्राम पक्की खमरिया में 4.96 लाख की लागत तथा मेहराया में 2.41 लाख की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। ग्राम सैंजनी स्थित गुरुद्वारा साहिब में विधायक बेहड़ ने 1.65 लाख रुपए की लागत से पेयजल हेतु लगाए गए वाटर कूलर का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर पक्की खमरिया में ग्रामीणों ने तलवार भेंटकर विधायक का स्वागत किया एवं बाबा सुखचैन सिंह ने सरोपा भेंट कर सम्मानित किया।

### काम के दौरान राजमिस्त्री घायल

**बाजपुर :** काम के दौरान एक राजमिस्त्री ग्लाइंडर मशीन के ब्लेड की चपेट में आकर घायल हो गया, जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। रामनगर निवासी शकील अहमद यहां दूसरी कॉलोनी में एक आवास निर्माण का काम कर रहा है। बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह करीब 9 बजे कुछ काटते वक्त ग्लाइंडर मशीन फिसल कर हाथ पर लग गई जिससे हाथ का काफी हिस्सा कट गया है। अचानक हुई इस घटना से वहां मौजूद श्रमिकों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में ही शकील को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# 22 जून को होगी वन दरोगा की परीक्षा

- सुबह 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक आयोजित होगी परीक्षा
- परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में लगेगी धारा 163

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित वन दरोगा की लिखित परीक्षा 22 जून को आयोजित होगी। परीक्षा सुबह 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक होगी।

गुरुवार को प्रभारी उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने बताया कि परीक्षा के लिए आदर्श राजकीय कन्या इंटर कॉलेज पंतनगर, अमर इंटरनेशनल कॉलेज भूरारानी, भंजुराम अमर इंटर कॉलेज फाजलपुर महरौला, जनता इंटर कॉलेज सिविल लाइन, अटल उत्कृष्ट एएनझा इंटर कालेज रामपुर रोड, इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी भगवानपुर काशीपुर रोड में आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि थाना रुद्रपुर व नगर निगम क्षेत्र में परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा के शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं निष्पक्ष आयोजन के उद्देश्य से दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 163 (बीएनएसएस) प्रभावी रहेगी। जिसके तहत सभी परीक्षा केंद्रों एवं उनके चारों ओर 500 मीटर की दूरी के अंदर कोई व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा। यह प्रतिबंध परीक्षा देने वाले छात्रों एवं ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों, अधिकारियों, सुरक्षाबलों पर लागू नहीं होगा।

### महापौर ने स्वामी उपेंद्रानंद जी महाराज से लिया आशीर्वाद



उपेंद्रानंद जी महाराज से आशीर्वाद लेते महापौर शर्मा।

**रुद्रपुर :** महापौर विकास शर्मा ने रविंद्र नगर स्थित श्री मनकामेश्वर मंदिर में नैमिषारण्य से पधारे श्री उपेंद्रानंद जी महाराज से भेंट कर आशीर्वाद लिया। साथ ही नगर आगमन पर उनका स्वागत किया। गुरुवार को महापौर ने मंदिर के महंत स्वामी श्री नारायण चैतन्य जी महाराज के साथ मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही मंदिर में होने वाले निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए नगर निगम की ओर से मंदिर के निर्माण कार्यों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मंदिर के विकास के लिए नगर निगम के स्तर से जो भी संभव होगा वह किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर के सभी प्रमुख मंदिरों को सजाने और संवारने का उन्होंने संकल्प लिया है। अटरिया मंदिर से इसकी शुरुआत हो चुकी है। इस दौरान विजय फुटेला, सुरेश मदान, अजय फुटेला, अशोक अरोड़ा, सुभाष खंडेलवाल, अनीता फुटेला, बल्ला माता, आस्था फुटेला, शशि अरोड़ा मौजूद रहे।

**आयोजन** भारत विकास परिषद के तत्वावधान में महिला पतंजलि योग समिति, बाजपुर द्वारा तीन दिवसीय योग शिविर लगाया

# मोटापे को कम करने के लिए विभिन्न योगासन कराए

संवाददाता, बाजपुर



बाजपुर के आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में योग शिविर के पहले दिन शिरकत करते अतिथि एवं साधक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद के तत्वावधान में महिला पतंजलि योग समिति, बाजपुर द्वारा तीन दिवसीय निश्शुल्क योग शिविर का आयोजन गुरुवार से शहर के मध्य स्थित आदर्श कन्या इंटर कालेज के विशाल प्रांगण में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र खत्री, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार, उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सुरेंद्र कुमार जैन, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष संजीव कुमार कश्यप, संरक्षक कुलदीप चौधरी, महिला पतंजलि योग समिति की तहसील प्रभारी चंचल चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। योग शिक्षक कुलदीप चौधरी और चंचल चौधरी के निर्देशन में वरिष्ठ योग साधक साधिकाओं के साथ शिविर के प्रतिभागियों ने मोटापे को कम करने के लिए योगासन किए। काशीपुर से महिला पतंजलि योग समिति की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्या कमला रिखाड़ी और जिला प्रभारी कुसुम शर्मा के नेतृत्व में आईं वरिष्ठ नागरिकों ने संगीतमय सूर्यनमस्कार और जटिल आसनों की प्रस्तुति दी। योग के साथ जुड़ने के बाद अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि तीन प्रकार से कैसे ध्यान आसानी से किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में कुलदीप चौधरी, चंचल चौधरी और महिला पतंजलि योग समिति के पदाधिकारी प्रदीप कौर निज्जर, जसप्रीत कौर, नीलम बंसल, कल्पना सक्सेना, अंजना मित्तल को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्या कमला रिखाड़ी और जिला प्रभारी कुसुम शर्मा द्वारा योग सेवा के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के सचिव जितेंद्र कुमार शर्मा, सीमा कंबोज, सती रावत, पूनम सिंह, हंसी, पुष्पा रौतेला, कमला मनराल, आशा मौर्य, गीता कश्यप, गुजन, रमा पंत, अशोक मित्तल, गुरमीत सिंह निज्जर, संजय गोयल, ईश्वर गुप्ता, पवन गोयल, आत्म देव शर्मा, अजय गोयल, राजेश विश्वकर्मा, इंद्रपाल राणा, जसप्रीत कौर, ममता ग्रोवर, कल्पना सक्सेना, प्रदीप कौर आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं से योग अपनाने पर जोर

- राजकीय महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता, बाजपुर



बाजपुर के पीजी कॉलेज में कार्यक्रम में हिस्सा लेते प्राध्यपक एवं विद्यार्थी।

**अमृत विचार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2025 को सफल बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्रभारी प्राचार्या डॉ. मनुहार आर्य ने कहा कि योग को अपनाकर हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने महिलाओं को आगे आकर योग को अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सैनी ने योग के अर्थ, उत्पत्ति एवं लाभ के बारे में विस्तार से बताया। योग विभाग प्रभारी डॉ. सूरजपाल सिंह ने कहा कि हम योग से असाध्य रोगों को भी ठीक कर सकते हैं। एनसीसी प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से योग को विश्व स्तर पर एक नई पहचान प्राप्त हुई है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्राची फर्त्याल, महाराज बानो, दीपा आर्य, डॉ. जया कांडपाल, डॉ. दर्शन सिंह, डॉ. जय सिंह, वंदना बंसल, संध्या चौरसिया, ललित कुमार आदि मौजूद रहे।

# रैक के नीचे दबे 12 श्रमिक, किशोरी की मृत्यु

## मशरूम प्लांट के अंदर 24 श्रमिक कर रहे थे कार्य, एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची, राहत व बचाव कार्य जारी

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** मशरूम प्लांट (फैक्ट्री) में रैक में गिरने से काम कर रहे श्रमिक दब गए। जिनमें एक किशोरी की मृत्यु हो गई, जबकि 12 से 13 लोग घायल बताए जा रहे हैं। इनमें से नौ घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है, जिसे पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा जाएगा। वहीं घटना से पूरे पूरे प्रदेश में हड़कंप मच गया और देर रात तक जनपदभर के अधिकारी बाजपुर पहुंच गए।

केलाखेड़ा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम भव्वानगला में रवि नेहरा ने मशरूम उत्पादन का प्लांट लगा रखा है। गुरुवार को नजदीकी ग्राम टांडा डालचंद के 24 महिला-पुरुष प्लांट में में काम कर रहे थे। बताया जाता है कि देर सायं करीब सात बजे अचानक जैबिक खाद से भरे कट्टों की रैक दोनों तरफ से प्लांट के अंदर काम कर रहे श्रमिकों के ऊपर गिर गई और 12 श्रमिक रैक के नीचे दब गए, जिससे वहां चीखपुकार मच गई। एकाएक घटना की सूचना से प्लांट के बाहर मौजूद लोग दौड़ पड़े। इसी बीच गांव में सूचना पहुंची तो ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। इसी बीच सूचना मिलने पर केलाखेड़ा थाने की पुलिस पहुंच गई और रैकों के नीचे दबे लोगों को बाहर निकालकर 108 एंबुलेंस से घायलों को बाजपुर के सरकारी अस्पताल के साथ ही निजी चिकित्सालयों में भर्ती कराया गया। सरकारी अस्पताल में पहुंचे घायलों में से हिना (15) पुत्री ओमपाल को चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों विजयपाल (17) पुत्र ओमपाल, राधा (16) पुत्री पूरन, जय सिंह (15) पुत्र विजयपाल, लक्ष्मी उर्फ पोला (15) पुत्री बलराम, भोली (18) पत्नी भगवानदास, गणेश (20) पुत्र सोमपाल, रेशमा (15) पुत्री पूरन, ओमप्रकाश (55) पुत्र करनैल को प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं घायल प्लांट स्वामी रवि नेहरा को काशीपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एएसपी अभय प्रताप सिंह, सीओ विभव सैनी, कोतवाल बाजपुर प्रवीण सिंह कोश्यारी एवं एसडीएम डा.अमृता शर्मा, तहसीलदार बाजपुर अक्षय कुमार भट्ट घटना स्थल एवं सरकारी अस्पताल पहुंच गए। एसएसपी ने घायलों का हालचाल जाना और उन्हें तुरंत 108 एंबुलेंस लगाकर हायर सेंटर भेजने की व्यवस्था करवाई। सरकारी अस्पताल में हंगामा कर रहे मृतका के स्वजन को समझा-बुझाकर शांत किया गया।



घटना के बाद शोकाकुल परिजन। ● अमृत विचार



रैक गिरने से घायल हुए श्रमिकों को निकालते लोग। ● अमृत विचार

# जिले में आपत्तियों की सुनवाई के बाद आरक्षण सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन




संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर आपत्तियों की सुनवाई के बाद विभिन्न पदों एवं स्थानों पर वर्गवार आरक्षण निर्धारण की सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। जिले की 373 ग्राम पंचायतों, सात क्षेत्र पंचायतों और 35 जिला पंचायत क्षेत्रों के आरक्षण की अंतिम सूची प्रकाशित कर दी गयी है।

गुरुवार को जिला मजिस्ट्रेट नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि आरक्षण निर्धारण की अनंतिम सूची पूर्व में प्रकाशित की गई थी, जिस पर शासनादेश के अनुसार 16 व 17 जून को गठित समिति के समक्ष प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई की गई। समिति ने विस्तृत विचार-विमर्श के बाद सभी आपत्तियों का विधिसम्मत निस्तारण किया गया।

इसके बाद ही ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और जिला पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्रों के प्रधान, प्रमुख एवं अन्य पदों पर आरक्षण व्यवस्था को अंतिम रूप से तय कर दिया गया है। वहीं अब त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर जल्द ही चुनाव कार्यक्रम घोषित होने की संभावना है। जिसको लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। आरक्षण सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद अब उम्मीदवारों ने तैयारियों के साथ रणनीति बनानी भी शुरू कर दी है।

### त्रिस्तरीय पंचायत की फाइनल आरक्षण सूची जारी

**खटीमा** : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आरक्षण सूची में लगाई गई आपत्तियों की सुनवाई की बाद भारी फेरबदल किया गया है। जिसमें विकासखंड की ग्राम पंचायतों की 11 सीटें बदली गई हैं। जबकि क्षेत्र पंचायत की तीन और जिला पंचायत की दो सीटों को बदला गया है। सीटों के बदलने से एक बार फिर कहीं खुशी और कहीं ग़म का माहौल पैदा हो गया है। आरक्षण सूची पर आपत्तियों की सुनवाई के बाद जो अंतिम सूची जारी की गई है। उसमें खाली महुवट की सीट को अनुसूचित जाति से अनुसूचित जाति महिला, भूड़ा किशनी जो अनुसूचित जनजाति से अनुसूचित जनजाति महिला, भूड़िया थारू को अनुसूचित जनजाति महिला से अनुसूचित जाति, सैजना को अनारक्षित से अनुसूचित जनजाति, जोगीठेर नगला को अनुसूचित जाति से अनुसूचित जनजाति, पूरनापुर को महिला से अनुसूचित जनजाति, नदन्ना को अनारक्षित से महिला, खेतलसंडा मुस्तजर और प्रतापपुर को महिला से अनारक्षित, दियां को अनुसूचित जनजाति महिला से महिला तथा कुटरा को अनुसूचित जनजाति से अनारक्षित किया गया है। वहीं क्षेत्र पंचायत की उलधन सीट को अनुसूचित जनजाति से महिला, नौगवां नाथ को महिला से अनुसूचित जनजाति और प्रतापपुर को महिला से अनारक्षित किया गया है। वहीं जिला पंचायत सदस्य की गांगी सीट को अनुसूचित जनजाति से महिला तथा नगला तराई को अनुसूचित जाति से अनारक्षित की गई है। सीटों के भरी फेरबदल से कहीं रोष व्यक्त किया गया है तो कहीं खुशी का भी इजहार किया गया।

## सार-संक्षेप

### सिडकुल जाते समय युवक पर मगरमच्छ का हमला

**शक्तिफार्म** : बैगुल नदी होकर सिडकुल जाते समय युवक को मगरमच्छ ने हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घायल का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शक्तिफार्म में उपचार कराया। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 5 टैगोर नगर निवासी हरि वैद्य बुधवार को सुबह करीब 10 बजे साइकिल से निर्मल नगर से कुछ दूर बैगुल नदी होकर सिडकुल काम पर जा रहा था। नदी में उतरते ही मगरमच्छ ने हरि पर हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। वहां से गुजरते लोगों ने युवक को मगरमच्छ ने बचाया। मगरमच्छ के हमले से उसका एक पैर जख्मी हो गया। सूचना मिलने पर भाजपा नेता रमेश राय ने एम्बुलेंस से घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति फार्म लाकर उपचार कराया तथा वन विभाग को सूचना दे दी।

### हज यात्रा के इच्छुक आवेदक जल्द बनवाएं नया पासपोर्ट

**जसपुर** : उत्तराखंड राज्य हज समिति ने वर्ष-2026 की हज यात्रा के इच्छुक आवेदकों से पासपोर्ट तैयार करने को कहा है। यात्रा की आवेदन प्रक्रिया इसी वर्ष जुलाई में शुरू हो सकती है। उत्तराखंड राज्य हज समिति के अधिशासी अधिकारी मोहम्मद आरिफ ने बताया कि हज-2025 संपन्न हो गया है। राज्य के हाजियों का सऊदी अरब से वतन वापसी का सिलसिला अलग-अलग फ्लाइट से जारी है। जो 10 जुलाई तक चलेगा। हज कमेटी ऑफ इंडिया के मुताबिक हज-2026 की यात्रा की घोषणा इसी वर्ष जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में होने की उम्मीद है। राज्य के इच्छुक हज आवेदकों को 31 दिसंबर 2026 की वैद्यता वाला पासपोर्ट तैयार रखना होगा। नए पासपोर्ट आवेदकों को उपनाम एवं अंतिम नाम के कॉलम को जरूरी भरना होगा। ताकि हज-2026 के लिए नुसुक मसार पोर्टल पर परेशानी न हो। जिन पासपोर्ट धारकों की वैद्यता 31 दिसंबर 2026 से पूर्व समाप्त हो रही हो ऐसे इच्छुक हज आवेदकों को नए पासपोर्ट बनवाना जरूरी होगा।



बाजपुर कोतवाली में एसआई देवेंद्र मनराल का घेराव करते अधिवक्ता।

### हादसे के आरोपी कार चालक की गिरफ्तारी की मांग

**बाजपुर** : कुछ दिन पहले सड़क किनारे बाइक सहित खड़े अधिवक्ता अनिल यादव व उनके साथी विशाल को टक्कर मारने वाले आरोपी थार कार चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर गुरुवार को कोतवाली पहुंचे अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन बाजपुर के अध्यक्ष राजेश पांडेय की अगुवाई में एसआई देवेंद्र सिंह मनराल का घेराव किया। इस मौके पर बार एसोसिएशन बाजपुर के सचिव योगेश पाठक, सोहन लाल गोयल, अजीम अहमद चौधरी, विकास कश्यप, सूरज शर्मा, हीरा शर्मा, बहादुर भंडारी, कृष्ण लाल मौर्य, अशोक कंबोज, कृष्णा सिंह, वसीम अकरम, सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

### बंद पड़े घर से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी

**रुद्रपुर** : कोतवाली इलाके में पुलिस को चुनौती देते हुए चोरों ने छतरपुर गांव में बंद पड़े मकान पर धावा बोलकर लाखों की चोरी को अंजाम दे डाला। छतरपुर निवासी दीपक गिरि अपने परिवार के साथ पहाड़ स्थित अपनी ससुराल गया था और घर पर ताला लगा हुआ था। जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने बुधवार की देर रात्रि घर पर धावा बोल कर ताला तोड़ा और अलमारी में रखी 10 हजार की नगदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। गुरुवार की सुबह जब पड़ोसियों ने ताला टूटा हुआ देखा तो मामले की सूचना पुलिस और मकान स्वामी को दी। जिसके बाद मकान स्वामी ने नजदीक रह रहे रिश्तेदारों को घटना से अवगत कराया। पड़ताल की तो पता चला कि चोरों ने 20 लाख की चोरी को अंजाम दिया है।

# छीपी बिरादरी के पदाधिकारियों के चुनाव की सरगर्मी हुई तेज



जसपुर में निर्विरोध चुने गए नायब सेक्रेटरी का स्वागत करते अध्यक्ष नफीस अहमद।

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** मुस्लिम छीपी वेलफेयर सोसाइटी की शहर कमेटी के पदाधिकारियों के चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। तीन अलग-अलग पदों के लिए सात लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। 21 जून को चुनाव होगा।

मुख्य चुनाव अधिकारी अतीकुर्रहमान रहबर ने बताया कि बुधवार की रात नामजदगी के दिन नायब सदर के लिए खादिम अली नूरी एवं शाहिद अली ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इसी तरह शहर सेक्रेटरी के लिए इस्लाम हुसैन सहारा, हाजी बाबू रहमतुल्लाह एवं खजानची पद के लिए मो.सलीम, हाजी मो.अकरम व मोबीन अहमद ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

### निर्विरोध नायब सेक्रेटरी बने मुबीन अहमद

जसपुर : मुस्लिम छीपी वेलफेयर सोसाइटी की शहर कमेटी के नायब सेक्रेटरी पद पर मोहल्ला चौहान निवासी मास्टर मुबीन अहमद को निर्विरोध चुना गया। मुख्य चुनाव अधिकारी अतीकुर्रहमान रहबर ने इसकी घोषणा की। बताया कि बीती 21 मई को हाजी नफीस अहमद ने पूर्व अध्यक्ष को 258 मतों से हराकर जीत हासिल की थी। शेष पदाधिकारियों के लिए 21 जून को मतदान होगा।

### देवरानी का मकान हथियाने की नीयत से जेठानी ने किया हमला

**किच्छा** : पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में देवरानी के मकान पर कब्जा करने की नीयत से जेठानी एवं उसकी बहन ने घर में घुसकर पीड़िता पर हमला बोल दिया और घर खाली नहीं करने पर भविष्य में जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने अपनी तथा दो छोटे बच्चों की जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए थाना पुलिस से कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी बहनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 18, सिरौली कला, थाना पुलभट्टा निवासी मंतशा ने बताया कि विगत 24 मई की सुबह करीब 9 बजे पीड़िता घर पर अकेली थी। इस दौरान उसकी जेठानी इशरत जहां अपनी बहन मैसर जहां के साथ पीड़िता के घर आ गई और लात घूंसों से पीड़िता के बाल पकड़कर बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना में पीड़िता गंभीर रूप से घायल हो गई। मंतशा ने बताया कि मकान उसके नाम पर दर्ज है, बावजूद इसके जेठानी इशरत जहां द्वारा पीड़िता को घर से निकालकर मकान पर कब्जा करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। बताया कि पीड़िता के पति काम से बाहर गए हुए हैं जिसके चलते जेठानी द्वारा आए दिन मारपीट की जाती है। फिलहाल पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी बहनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# छेड़छाड़ का आरोपी पूर्व बैंक मैनेजर गिरफ्तार

- **एक महिला भी पकड़ी, 16 जून की है घटना**
- **किशोरी को कमरा दिखाने के बहाने ले गए थे आरोपी**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक किशोरी के साथ अश्लील हरकत करने के आरोपी पूर्व बैंक मैनेजर और महिला सहयोगी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। आरोपी उसे कमरा दिखाने के बहाने ले गए थे और घिनौनी हरकत को अंजाम देने की कोशिश की थी।

थाना ट्रांजिट कैंप निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर देते हुए बताया था कि 16 जून की शाम 4 बजे भदईपुरा निवासी कुमकुम शर्मा नाम की महिला उसकी 16 वर्षीय भांजी को रुद्रपुर स्थित एक किराए का कमरा दिखाने साथ ले गई थी। आरोप था कि इसी दौरान आदर्श कॉलोनी निवासी पूर्व बैंक मैनेजर एवं वर्तमान ज्वैलर्स कारोबारी राकेश कुमार कमरे में दाखिल हुआ। किशोरी को अंदर का कमरा दिखाने के बहाने ले गया और अश्लील हरकत शुरू कर दी। जब नाबालिग ने चीखने चिल्लाने की कोशिश की तो आरोपी महिला ने मोबाइल से वीडियो बनाई और ब्लैकमेल किया कि यदि आवाज निकाली तो वीडियो वायरल कर बदनाम कर दिया जाएगा। बावजूद नाबालिग वहां से फरार हो गई और घटना की जानकारी दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए बुधवार की शाम को ही नामजद आरोपी पूर्व बैंक मैनेजर राकेश कुमार व कुमकुम शर्मा को गिरफ्तार कर गुरुवार की सुबह न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। इस दौरान बाजपुर विधानसभा में अनेक स्थानों पर कार्यक्रम हुए। इस मौके पर उत्तराखंड किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र सिंह लाडी, नेता प्रतिपक्ष क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य के विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी, ब्लाक अध्यक्ष पवन शर्मा व समस्त कांग्रेस टीम द्वारा सरकारी अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए तथा राहुल गांधी की दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर निवर्तमान ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख जोराबर सिंह भुल्लर, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नवदीप सोनू कांग, छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष बलबीर सिंह, अनवार अहमद, आदित्य चानना, पार्वती देवी, लाल सिंह, फुरकान अहमद, यावर, बृजेश, सियाराम आदि आदि मौजूद रहे।



बाजपुर के सरकारी अस्पताल में मरीजों को फल वितरित करते कांग्रेसी।



खटीमा में केक काटकर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता।

### कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्मोत्सव

**खटीमा** : कांग्रेस कमेटी खटीमा के कार्यकर्ताओं ने लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस को हर्षोल्लास से मनाए हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। उन्होंने कांग्रेस कार्यालय पर केक काटा और सितारगंज रोड स्थित कुष्ठ आश्रम में पहुंचकर फल वितरित किया। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य बॉबी राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद, मान सिंह, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र आर्या, प्रदेश महामंत्री रमेश रौतेला, नासिर खान, भूपेंद्र गंगवार, जगदीश चंद, सुनील चंद, उमेद ऐरी, प्रदेश सचिव कांग्रेस सेवादल रेहान अंसारी, मीडिया संयोजक उमेश चंद, प्रदीप कुमार, सलमान, फईम, साहिल, अरशान, संतराम, करन आदि मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-7

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी स्थान पर प्रवेश हेतु लिखित अनुमतिपत्र, आज्ञापत्र 2. बिना टिकट लिए

3. 1. लौटाना, वापस करना 2. उलटाना, बदलना।

6. 1. कलकल की आवाज़ होना 2. शरीर में गरमी की अनुभूति होना 3. कुलबुलाना (शरीर का)।

7. 1. झाड़ी, झुरमुट 2. बालों का जूड़ा, जुट्टी 3. पौधों या झाड़ियों का झुरमुट 4. घास-फूस का पूला, जूरी 5. समूह, झुंड 6. झोंटा।

8. गंधी, इत्रफ़रोश, गंधद्रव्य, सुगंधित पदार्थ।


**ऊपर से नीचे**

2. 1. कुलबुलाने की अवस्था

4. 1. चारों ओर से ठीक एवं दुरुस्त 2. चुस्त, फुरतीला।

5. निरुपाधि।

7. 1. जोखिम 2. ज़िम्मेदारी, जवाबदेही, उत्तरदायित्व।




### वर्ग पहेली -6 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 झ | | 2 उ | 3 प | जा | ति | |
| न | | | रं | | | |
| क | | | प | | 4 बू | ढ़ा |
| 5 ना | मी | गि | रा | मी | | |
| | | | नु | | 6 शी | राँ |
| | | | 7 ग | जा | ल | |
| 8 सं | घ | टि | त | | न | |

## सुडोकू-14

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 1 | | | | 3 | 9 | |
| | | | 6 | | | 8 | | |
| 3 | 8 | 6 | | | 5 | | | 7 |
| | 1 | | | 8 | 9 | | | |
| | 2 | 5 | | | | 1 | 8 | |
| | | | 1 | 7 | | | 3 | |
| 9 | | | 3 | | | 6 | 1 | 5 |
| | | 4 | | | 1 | | | |
| | 5 | 8 | | | | 2 | 4 | |

### सुडोकू - 13 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 9 | 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 |
| 7 | 4 | 8 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 5 |
| 6 | 1 | 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 4 | 8 |
| 9 | 8 | 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 5 | 2 |
| 4 | 2 | 5 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 |
| 5 | 9 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 8 | 1 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 8 | 9 | 5 | 3 | 6 |
| 8 | 3 | 4 | 6 | 5 | 1 | 2 | 9 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :20 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी-09 .49 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**- ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-रेवती 09 .45 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष**: आज महिलाओं को सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक प्रयोग करना चाहिये। पारस्परिक संबंधों को दूसरों के कारण प्रभावित न होने दें। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। छात्र पढ़ाई को लेकर लापरवाह न रहें। उच्च अधिकारी आपके स्थानान्तरण को लेकर विचार कर सकते हैं।

**वृष**: आज आपके मनोबल में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। एसिडिटी जैसी समस्या हो सकती है। अविवाहित लोगों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिल सकते हैं। व्यापार में आप विस्तार करने का विचार बना सकते हैं।

**मिथुन**: आज कार्यक्षेत्र में नए तरीकों को अपना सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। घर का वातावरण बहुत ही अच्छा रहने वाला है। भावनात्मक संबंध काफी गहरे होंगे। छोटी कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। व्यावसायिक सम्बन्ध काफी मजबूत हो सकते हैं।

**कर्क**: आज पैतृक व्यवसाय में अच्छी सफलता मिलेगी। नए लक्ष्यों को निर्धारित करने और उन्हे साधने की कोशिश करेंगे। घर का वातावरण बहुत ही शान्तिपूर्ण रहेगा। आपकी दिनचर्या बेहद संतुलित रहेगी। विद्यार्थी अध्ययन के प्रति एकाग्र रहेंगे।

**सिंह**: आज आपके काम थोड़े मंद गति से होंगे। शरीर में आलस्य और सुस्ती छा सकती है। परिजनों का पर्याप्त सहयोग नहीं मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में उलझ सकते हैं। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है।

**कन्या**: आज मित्रों के माध्यम से कोई अच्छी खबर मिल सकती है। संपत्ति के विक्रय को लेकर आ रही बाधा दूर होगी। आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। लोग आपकी सोच और कार्यप्रणाली से काफी सहमत रहेंगे। मन में विचारों की अधिकता रहेगी।

**तुला**: आज कारोबार के विस्तार की योजना बना सकते हैं। घर के लिए नई वस्तुएं खरीद सकते हैं। समय का सार्थक उपयोग कर पायेंगे। रचनात्मक कार्यों में आपकी विशेष रुचि रहेगी। आज तले हुए भोजन का सेवन न करें।

**वृश्चिक**: आज आप संतान की शिक्षा पर अधिक ध्यान देंगे। सही रणनीति के साथ कार्य करने से आपको लाभ मिलेगा। खर्चों पर नियंत्रण करने का प्रयास करेंगे। प्रेमी जन के साथ घनिष्ठता का आनन्द लेंगे। मन में प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी। दूसरों के भरोसे बैठकर काम न करें।

**धनु**: आज अपनी बातों को लेकर अड़ियल रवैया अपनाने से बचना चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। हल्की-फुल्की बीमारियां आपको परेशान कर सकती हैं। जीवनसाथी आपसे कुछ उपहार की अपेक्षा रख सकता है।

**मकर**: आज विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। प्रबल इच्छाशक्ति से नए कार्यों को शुरू कर सकते हैं। अधिकारी आपका उत्साहवर्धन कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। नए क्लाइंट्स के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**कुंभ**: आज आपको नजदीकी सम्बन्धियों के सहयोग से अभिभूत होंगे। अपनी परेशानियों को दोस्तों के साथ शेयर करें आपको बहुत अच्छा लगेगा। फाइनेन्स से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। आज खाली समय में पसन्दीदा संगीत का आनन्द उठा सकते हैं।

**मीन**: आज कार्यक्षेत्र में योग्यता और कुशलता का परिचय देंगे। उच्च पदों पर आसीन लोगों के लिए दिन राहत भरा रहने वाला है। पूर्व में किए गए वादों पर खरे उतरेंगे। घरेलू खर्चों में कमी आयेगी। परिवार में आपसी सहयोग और सौहाद्र का वातावरण रहेगा।

# खनन से मिला 10 करोड़ से अधिक का राजस्व

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** टनकपुर के शारदा नदी के डाउन स्ट्रीम में खनन निकासी कार्य बंद हो गया है। 20 जनवरी से 18 जून तक चले खनन से वन विकास निगम को 10 करोड़, दो लाख 32 हजार 234 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। खनन के अंतिम दिन गुरुवार को शारदा नदी का जल स्तर बढ़ने से निकासी का कार्य नहीं हो पाया।

इस सीजन में खनन कार्य के लिए 608 वाहनों के रजिस्ट्रेशन हुए थे, जिसमें शक्तिमान, डंपर और ट्रैक्टर शामिल थे। शुरूआत में 500 वाहनों से निकासी की गई। पिछले कुछ माह से सिर्फ 200 वाहन ही खनन कार्य में लगे हुए थे। प्रबंधक खनन मुदित आर्य ने बताया कि गुरुवार को खनन कार्य बंद हो गया है। इस सीजन में दो लाख, 37 हजार, 240 घन मीटर की निकासी हुई। जबकि लक्ष्य दो लाख, 70 हजार, 376 घनमीटर का रखा गया था। उन्होंने बताया कि इस बार खनन कार्य से दो करोड़ से अधिक का राजस्व मिला है। गुरुवार को भी खनन होना था, लेकिन एनएचपीसी ने शारदा नदी का जल स्तर बढ़ने पर खनन की अनुमति नहीं दी। इधर, खनन कार्य बंद होने से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के मजदूरों की घर वापसी शुरू हो गई है। स्थानीय मजदूर भी घरों को रवाना हो गए हैं। मजदूर अस्थायी झोपड़ियां बनाकर शारदा नदी के डाउन स्ट्रीम में जनवरी माह से रह रहे थे।

### राहुल गांधी के राजनैतिक भविष्य व दीर्घायु की कामना की, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह हमेशा देश के निराश्रितों की उठाते हैं आवाज

# कांग्रेसियों ने राहुल गांधी के जन्मदिवस पर मरीजों को बांटे फल

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को अल्मोड़ा में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर उनके दीर्घायु की कामना की।

इस मौके पर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा देश के निराश्रितों की आवाज उठाते हैं। उनके लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। हम सब राहुल गांधी के उज्ज्वल राजनैतिक भविष्य की कामना करते हैं। कहा कि आज राहुल गांधी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में यूथ कांग्रेस के साथ जुड़ रहा है। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मरीजों को फल वितरित कर राहुल गांधी के दीर्घायु की कामना की। यहां कांग्रेस प्रदेश सचिव लता तिवारी, किरन आर्य, जया जोशी, तारा तिवारी, फेमिना खान, दीपा जोशी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



अल्मोड़ा जिला अस्पताल में राहुल गांधी के जन्मदिन पर मरीजों को फल बांटते कांग्रेस कार्यकर्ता।



रानीखेत में राहुल गांधी का जन्मदिवस मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### राहुल गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

**रानीखेत, अमृत विचार :** कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत के लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का जन्मदिन सादगीपूर्ण तरीके के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने एकत्र होकर केक काटा और राहुल गांधी की दीर्घायु तथा स्वस्थ जीवन की कामना की। वक्ताओं ने राहुल गांधी के नेतृत्व, उनकी राजनीतिक सोच और देश के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। कहा कि राहुल गांधी गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं की आवाज उठाने वाले नेता हैं, जिन्होंने सदैव संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की है। वक्ताओं ने राहुल गांधी के विचारों को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष अरुण रावत, पीसीसी सदस्य कैलाश पांडेय, ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल देव, चिलियानौला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश बोरा, महेश आर्या, कुलदीप कुमार, प्रेम अधिकारी, अम्बादत्त पंत, विश्व विजय सिंह माहरा, श्याम सिंह मेहरा, रुद्र प्रताप सिंह माहरा, पंकज थापा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### अभियान में पुलिस ने सात को किया गिरफ्तार

**पिथौरागढ़ :** पिथौरागढ़ पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें शराब पीकर वाहन चलाने और सार्वजनिक स्थलों पर हुड़दंग मचाने वाले शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देशन में जिलेभर में कार्रवाई की गई। जिसमें कुल 121 लोगों के खिलाफ चालान और जुर्माने की कार्रवाई हुई। अलग– अलग थाना क्षेत्रांतर्गत पुलिस द्वारा विमल महर को शराब पीकर वाहन चलाने, यातायात बाधित करने पर हेमंत, रोशन और दिव्यांशु को, वड्डा क्षेत्र में जगदीश और राजेंद्र, डीडीहाट में उमेद सिंह बोरा को सरेआम उत्पात मचाने पर धारा 172 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान लगातार जारी रखने की बात कही है।

### खराब बीज व कीटनाशक बेचने पर हो कार्रवाई

**बनबसा :** गौरव सैनानी कल्याण समिति के अध्यक्ष कैप्टन भानी चंद ने किसानों को खराब बीज और कीटनाशक दवाइयों को बेचने वाले विक्रेताओं पर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बाजार में बिकने वाले बीज और कीटनाशक दवाइयों की गुणवत्ता कई बार अच्छी नहीं होती है। जिसकी वजह से किसानों को फसलों में भारी नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से समय–समय पर दुकानों में रखे गए बीज और कीटनाशक दवाइयां की जांच करने व दोषी विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने नेपाल देश के ग्राहकों को बेचे जाने वाले बीज और कीटनाशक की भी जांच की मांग की है।

### शारीरिक शोषण करने का आरोपी गिरफ्तार

**पिथौरागढ़ :** गंगोलीहाट क्षेत्र निवासी एक महिला ने थाने में तहरीर दी कि उसकी नाबालिग पुत्री का उसके शिक्षक द्वारा उसे घर में अकेला देखकर उसका शारिरिक शोषण किया गया है। थाना गंगोलीहाट में आरोपी शिक्षक के खिलाफ धारा 351(3)/65(1)/75 बीएनएस व 5/6 पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया। थानाध्यक्ष गंगोलीहाट हीरा सिंह डांगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है।

# टेंडर के बाद ही होगा डोभा-चौसली सड़क का काम

### धरने के बाद हरकत में आया प्रशासन, बिना टेंडर के साढ़े दस करोड़ की सड़क कार्य शुरू करने का था आरोप

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** डोभा-चौसली मोटर मार्ग का बिना टेंडर निर्माण का विरोध कर कांग्रेसियों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन स्थगित हो गया है। गुरुवार को लोविनि ईई और एसडीएम के लिखिल आश्वासन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपना धरना-प्रदर्शन स्थगित किया। अब टेंडर प्रक्रिया के बाद ही सड़क का निर्माण कार्य किया जाएगा।

दरअसल, अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाइवे के पास क्वारब पहाड़ी की समस्या के वैकल्पिक समाधान के लिए सरकार की स्वीकृति पर लोनिवि की ओर से करीब साढ़े दस करोड़ रुपये की लागत से सड़क का निर्माण किया जाना है, लेकिन निर्माण कार्य बिना टेंडर प्रक्रिया के शुरू कर दिया है।

जिसके विरोध में विधायक मनोज तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेसी लोनिवि कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरने में बैठ गए। आरोप लगाया कि विभाग ने नियमों को ताक में रख बिना टेंडर सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया।

इधर, भारी विरोध-प्रदर्शन के बाद गुरुवार को ईई हर्षित गुप्ता और एसडीएम सदर संजय कुमार प्रदर्शनकारियों से वार्ता को पहुंचे। इस दौरान लिखित आश्वासन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपना धरना-प्रदर्शन स्थगित किया। वहीं, निर्माण कार्य को रोक दिया गया है। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री पूरन रौतेला, महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, आनंद सिंह बिष्ट, प्रदीप बिष्ट, पारितोष जोशी, कमल बिष्ट, रोहित रौतेला, महेश आर्या, गोविंद मेहरा, गीता मेहरा, लता तिवारी, देवेंद्र बिष्ट, निर्मल रावत, राजेंद्र बाराकोटी, पवन मेहरा, कार्तिक साह, मनोज वर्मा, आनंद सिंह बगड़वाल, तारा चंद्र जोशी, निजाम कुरैशी, विनोद वैष्णव, दीपेश कांडपाल, बाल कृष्ण रावत, किरन आर्या, अमर बिष्ट, नवाज खान समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



अल्मोड़ा लोनिवि कार्यालय में गुरुवार को धरने पर बैठे कांग्रेसी। ● अमृत विचार



सड़क निर्माण को लेकर धरना देते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### सड़क को लेकर गरजे ग्रामीण, दिया धरना

**पिथौरागढ़, अमृत विचार :** जिला मुख्यालय के नजदीकी क्षेत्र जाख पुरान होते हुए रामेश्वर तक नेशनल हाईवे के वैकल्पिक मार्ग का निर्माण किए जाने की मांग को लेकर क्षेत्र के लोगों ने जिलाधिकारी कार्यालय के समीप धरना देते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि यह सड़क पूरे क्षेत्र के साथ ही जिला मुख्यालय के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए जल्द से जल्द सड़क का निर्माण किया जाए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी धरनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समर्थन दिया। पूर्व दर्जा राज्य मंत्री महेंद्र सिंह लूंठी ने कहा कि सरकार द्वारा इस सड़क के लिए धन भी स्वीकृत कर दिया गया था, लेकिन उसके बाद इस फैसले को पलट दिया गया, जोकि क्षेत्र वासियों के साथ विश्वासघात है। उन्होंने कहा कि अगर जल्दी ही सरकार जाख रामेश्वर मोटर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू नहीं करती है, तो वह क्षेत्र की जनता को साथ लेकर बाजार बंद कराने के साथ ही आंदोलन करेंगे।

# मैराथन में निकिता व भूमित ने मारी बाजी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत अभियान के तहत गुरुवार को जागरूकता मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ के बालक वर्ग में भूमित बिष्ट और बालिका वर्ग में निकिता कनवाल ने सबसे तेज दौड़ लगा बाजी मारी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित मैराथन दौड़ का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व स्वास्थ्य निदेशक डॉ. जेसी दुर्गापाल ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस मौके पर विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शशि शर्मा ने बताया कि मैराथन के माध्यम से 22 को आयोजित होने वाले 'वृहद स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान' के लिए आम जनमानस को सिमकनी मैदान में एकत्र होकर श्रमदान में सहभागिता को प्रेरित किया गया। उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि वृहद स्वच्छता अभियान में अधिकाधिक सहभागिता करें। जिसे स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के सपने को साकार किया जा सके। यहां कोच हीरा कनवाल, अधिकार मित्र भावना तिवारी, नीमा बिनवाल, संदीप सिंह नयाल, पंकज भगत आदि रहे।



अल्मोड़ा में मैराथन दौड़ में भाग लेते प्रतिभागी। ● अमृत विचार

# जिलाधिकारी ने किया 'योग महिमा' पुस्तक का विमोचन

- तीलू रौतेली पुरस्कार प्राप्त रीता गहतोड़ी द्वारा लिखित पुस्तक की भाषा सरल और काव्य शैली प्रभावशाली, योग के विभिन्न पहलुओं को करती है उजागर

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने तीलू रौतेली पुरस्कार प्राप्त एवं स्वागतम ईजा समिति की अध्यक्ष रीता गहतोड़ी द्वारा लिखित पुस्तक 'योग महिमा' का विमोचन किया। पुस्तक में कविताओं के माध्यम से योग की महत्ता को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

रीता ने बताया कि इस पुस्तक में बच्चों के लिए योग से संबंधित कविताएं शामिल की गई हैं। पुस्तक में सरल भाषा और प्रभावशाली काव्य शैली के माध्यम से योग के विभिन्न पहलुओं को उजागर किया गया है। इस अवसर पर डीएम ने रीता गहतोड़ी के साहित्य सृजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पुस्तक योग के प्रचार-प्रसार में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि मन की शुद्धि और आत्मचिंतन का माध्यम है। यह पुस्तक विद्यार्थियों और युवाओं को योग से जोड़ने में प्रेरणादायी सिद्ध होगी। इस अवसर पर रीता ने डीएम को पुस्तक की प्रति भेंट की।



चम्पावत में रीता गहतोड़ी की पुस्तक का विमोचन करते डीएम नवनीत पांडेय।

## दो मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन बंद

**पीलीभीत, अमृत विचार:** उत्तराखंड के चम्पावत स्थित मां पूर्णागिरी धाम जाने के लिए पूर्व में संचालित की गई दो मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया है। इज्जतनगर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि चम्पावत प्रशासन की ओर से अवगत कराया गया है कि पूर्णागिरी अंतर्गत राजमार्ग संख्या 108 के बाटनागाड़ में भूस्खलन हो गया है, जिससे आवागमन में समस्या हो रही है।

इसके मद्देनजर गाड़ी संख्या 05307/05308 टनकपुर-बरेली-टनकपुर और गाड़ी संख्या 05451/05452 कासगंज-टनकपुर-कासगंज का संचालन बंद किया जा रहा है। इसके अलावा गाड़ी संख्या 55323 पीलीभीत-टनकपुर, जो मेला के कारण समय परिवर्तित कर संचालित हो रही थी, उसे गुरुवार से पूर्व निर्धारित समय 12:35 बजे चलाया जाएगा।

# ग्रामीण क्षेत्रों में भी दौड़ेगी कूड़ा गाड़ी

- खनिज फाउंडेशन न्यास निधि से पोषित अल्मोड़ा को मिला वाहन
- डीएम और सीडीओ ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों को भी अब स्वच्छ बनाने को लेकर पहले शुरू हो गई है। जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि से पोषित कूड़ा वाहन जिला पंचायत को सौंपा गया है। जिसका संचालन विशेष स्वच्छता दल के माध्यम से किया जाएगा।

गुरुवार को कलक्ट्रेट में एक कार्यक्रम के दौरान डीएम आलोक कुमार पांडे ने कूड़ा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कहा कि साफ-सफाई सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। कहा कि अब केवल नगरीय क्षेत्रों में ही नहीं, बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी प्रभावी कूड़ा निस्तारण की आवश्यकता स्पष्ट रूप से महसूस की जा रही है। इसे देखते हुए यह वाहन और विशेष स्वच्छता दल अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे और जिले को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने में अपना योगदान देंगे। यहां सीडीओ दिवेश शासनी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आदि मौजूद रहे।



कूड़ा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम। ● अमृत विचार

# गौरीकुंड मार्ग खोलने को दिया एसडीएम को ज्ञापन



एसडीएम को ज्ञापन देते समिति अध्यक्ष पुनीत सिंह कुटियाल व महासचिव नगेंद्र सिंह।

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार:** आदि कैलाश यात्रा के दौरान गौरीकुंड मार्ग पर दुर्घटना के बाद से बंद है। प्रशासन ने इनर लाइन परमिट में यात्रियों को गौरीकुंड न जाने का निर्देश जारी किया था। अब श्रद्धालु इस मार्ग को फिर से खोलने की मांग कर रहे हैं। आदि कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष पुनीत सिंह कुटियाल व महासचिव नगेंद्र सिंह कुटियाल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यात्रियों की धार्मिक भावना का सम्मान करते हुए प्रशासनिक निगरानी में मार्ग का सर्वे कर उसे सुरक्षित बनाकर पुनः खोला जाए। इससे सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

## भूपाल के निधन पर शोक जताया



**टनकपुर :** टनकपुर से लगे गांव आमबाग के समाजसेवी व व्यवसाई भूपाल चन्द के निधन पर तमाम संगठनों व व्यापारियों ने दुख व्यक्त किया है।

मूलरूप से जनपद पिथौरागढ़ के उखड़ी शेरी निवासी 62 वर्षीय भूपाल चन्द की पिछले 13 जून को तबीयत खराब होने पर उनके परिजन उन्हें बरेली उपचार के लिए ले गए। उन्होंने बुधवार को महाजन हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। उनके भतीजे मनोज चन्द व प्रमोद चन्द ने उन्हें शारदा किनारे मुखाग्नि दी।

निधन पर मुख्यमंत्री प्रतिनिधि दीपक चन्द रजवार, पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य उर्मिला चन्द, पूर्व ग्राम प्रधान कमला चन्द, पूरन चन्द, राजेंद्र चन्द, किशन चन्द, सुरेश चन्द, जगदीश चन्द, हरीश चन्द देऊपा, हरीश आदि ने दुख व्यक्त किया है।

## अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश किए रद

**टनकपुर, अमृत विचार :** चम्पावत जिले में आगामी मानसून के दौरान संभावित आपदाओं से प्रभावी रूप से निपटने के लिए जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नवनीत पांडेय ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि जनपद में तैनात समस्त राजकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश अगली सूचना तक निरस्त किए जाते हैं। कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी पूर्व स्वीकृति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। यदि किसी अपरिहार्य कारणवश अवकाश आवश्यक हो, तो अपने स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए द्वितीय अधिकारी का नाम प्रस्तावित करते हुए ही अवकाश का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही मुख्यालय से अनुपस्थित रहने की अनुमति होगी। डीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि स्वीकृत अवकाश की अवधि में भी संबंधित कार्मिकों की मोबाइल पर उपलब्धता अनिवार्य होगी। उक्त आदेशों की अवहेलना करने वाले कार्मिकों के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम के अंतर्गत कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## दो फरार अभियुक्त लूट के माल के साथ गिरफ्तार

**टनकपुर, अमृत विचार :** पिछले दिनों हुई लूटपाट मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे नगदी व अन्य सामान बरामद किया है। 17 जून को अजय सिंह मेहता द्वारा कोतवाली में आकर तहरीर दी गई। जिसमें उन्होंने अज्ञात युवकों द्वारा उसके साथ मारपीट कर उसका मोबाइल फोन, पर्स लूट कर ले जाने के सम्बन्ध में दी गयी। तहरीर के आधार पर प्रभारी निरीक्षक चेतन सिंह रावत ने पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा उक्त घटना में कुशल सुरागरसी पतारसी करते हुए पूर्व में अभियुक्त अमीर उर्फ लाला पुत्र अमीर खान निवासी मो. लाल इमली पड़ाव तहसील के पीछे टनकपुर जनपद चम्पावत को सालवनी जंगल टनकपुर से छीनीगोठ को जाने वाले रास्ते के पास से गिरफ्तार किया था। घटना में शामिल दो अन्य युवक जो फरार चल रहे थे दोनों को भी गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई। कोतवाल रावत ने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से 3 हजार नगद, एक भूरे रंग का पर्स, वादी का आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड व एटीएम कार्ड बरामद किया है।

अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

डायरिया (दस्त) के दृष्टिगत, क्या करें क्या न करें।

डायरिया को हिन्दी और आम बोलचाल की भाषा में दस्त (Loose Motion) भी कहते हैं।

डायरिया के लक्षण
- अत्यधिक पतला पानी जैसा मल त्याग होना।
- पेट में दर्द की शिकायत होना।
- शरीर में पानी की कमी होना तथा अत्यधिक प्यास लगना।
- पानी की कमी से हाथ-पैर की मांसपेशियों में दर्द होना।
- बुखार आना।
- मल के साथ खून आना।
- बदहजमी की शिकायत होना
- कभी कभी मतली के साथ उल्टी होना।

डायरिया से बचाव व इलाज हेतु क्या करें -
- शुद्ध व ताजा पानी का सेवन करें अथवा 20 मिनट पानी को उबाल कर रखे तथा फिर प्रयोग करें।
- अच्छी तरह पका हुआ, ताजा एवं सुपाच्य भोजन का सेवन करें।
- बार-बार हाथों को साबुन से धोएं तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।
- चाय, कॉफी, सोडा, चॉकलेट एवं शराब के सेवन करने से बचें।
- डायरिया होने पर अधिक फाइबर, मसालेदार, तैलीय और मीठी चीजों के सेवन से बचें।
- डायरिया होने पर ओ.आर.एस. घोल का प्रयोग अवश्य करें।
- डायरिया के लक्षण दिखाये देने पर तुरन्त डॉक्टर से परामर्श कर उचित इलाज कराएं।

एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आई०डी०एस०पी०)

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ऊधम सिंह नगर द्वारा जनहित में जारी

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
उधम सिंह नगर

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उधम सिंह नगर

पत्रांक :- आई०डी०एस०पी०/ डायरिया/2025-26/2328, दिनांक : 19.06.2025

# स्विस बैंकों में भारतीयों का धन हुआ तीन गुना

## ग्राहक खातों में जमा धन में 11 प्रतिशत की वृद्धि, अब 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक हुआ

नई दिल्ली/ज्यूरिख, एजेंसी

स्विट्जरलैंड के बैंकों में जमा भारतीयों का धन 2024 में तीन गुना से अधिक होकर 3.5 अरब स्विस फ्रैंक (37,600 करोड़ रुपये) हो गया। स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों में रखे कोष में उछाल के साथ जमा राशि में वृद्धि हुई है। स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक के सालाना आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

भारतीयों के ग्राहक खातों में जमा धन केवल 11 प्रतिशत बढ़ा और यह 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक (3,675 करोड़ रुपये) रहा। यह कुल धन का लगभग दसवां हिस्सा है। इससे पहले, 2023 में भारतीयों और फर्मों द्वारा स्विस बैंकों में जमा धन में 70% की गिरावट की आई थी और यह चार साल के निचले स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक पर आ गया था। इसमें स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से रखी जमा राशि शामिल है। बीते वर्ष की जमा राशि 2021 के बाद से सबसे अधिक है। उस समय स्विस बैंकों में भारतीयों की जमा राशि 14 साल के उच्चतम स्तर 3.83 अरब स्विस फ्रैंक पहुंच गई थी। ये स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) को बैंकों से मिले आधिकारिक आंकड़े हैं और स्विट्जरलैंड में भारतीयों द्वारा रखे गए बहुचर्चित कथित काले धन की मात्रा का संकेत नहीं देते हैं। इन आंकड़ों में वह राशि भी शामिल नहीं है जो भारतीयों, एनआरआई या अन्य लोगों ने तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर स्विस बैंकों में रखी हो सकती है।

एसएनबी ने 2023 के अंत में स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियों' या उनके भारतीय ग्राहकों के 'बकाया राशि' के रूप में कुल राशि 354.55 करोड़ स्विस फ्रैंक आंकी है। इसमें ग्राहक जमा में 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक (2023 के अंत में 31 करोड़ स्विस फ्रैंक से अधिक), अन्य बैंकों के माध्यम से रखे गए 3.02 अरब फ्रैंक (42.7 करोड़ फ्रैंक से अधिक), न्यासों के माध्यम से 4.1 करोड़ स्विस फ्रैंक (एक करोड़ स्विस फ्रैंक से अधिक) तथा बॉन्ड, प्रतिभूतियों और अन्य वित्तीय उत्पादों के रूप में 13.5 करोड स्विस फ्रैंक की राशि शामिल हैं।

एसएनबी के आंकड़ों के अनुसार, 2006 में कुल राशि लगभग 6.5 अरब स्विस फ्रैंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर थी। वर्ष 2011, 2013, 2017, 2020, 2021, 2022 और 2023 समेत कुछ वर्षों को छोड़कर इसमें कमी आई है। एसएनबी के अनुसार, भारतीय ग्राहकों के प्रति स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियों' के लिए इसके आंकड़ों में स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों के सभी प्रकार के कोष को शामिल किया गया है। इसमें व्यक्तियों, बैंकों और उद्यमों की जमा राशि भी शामिल है। इसमें भारत में स्विस बैंकों की शाखाओं के साथ-साथ गैर-जमा देनदारियों के आंकड़े भी शामिल है।



● स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक के सालाना आंकड़ों से मिली जानकारी

### सफाई : स्विस बैंक में रखी भारतीयों की संपत्ति काला धन नहीं

स्विस अधिकारियों ने हमेशा यह कहा है कि स्विट्जरलैंड में भारतीयों की रखी संपत्ति को 'काला धन' नहीं माना जा सकता है और वे कर धोखाधड़ी और चोरी के खिलाफ अपनी लड़ाई में भारत का सक्रिय रूप से समर्थन करते हैं। स्विट्जरलैंड और भारत के बीच कर मामलों में सूचनाओं का स्वचालित आदान-प्रदान 2018 से लागू है। इस ढांचे के तहत, 2018 से स्विस वित्तीय संस्थानों में खाते रखने वाले सभी भारतीय निवासियों की विस्तृत वित्तीय जानकारी पहली बार सितंबर, 2019 में भारतीय कर अधिकारियों को दी गई थी और इसका अनुपालन हर साल किया जा रहा है। इसके अलावा, स्विट्जरलैंड प्रथम दृष्टया सबूत दिये जाने के बाद वित्तीय गलत कामों में लिप्त होने के संदेह वाले भारतीयों के खातों के बारे में सक्रिय रूप से विवरण साझा कर रहा है। अबतक सैकड़ों मामलों में इस प्रकार सूचनाओं का आदान-प्रदान हुआ है। संस्थानों सहित विदेशी ग्राहकों का कुल कोष 2024 में 977 अरब स्विस फ्रैंक रहा जो 2023 में 983 अरब स्विस फ्रैंक था।

# लिक्विड म्यूचुअल फंड: अल्पकालिक निवेश



लिक्विड म्यूचुअल फंड एक प्रकार का डेट फंड है, जो मुख्यत: बहुत अल्पकालिक (0 से 91 दिन) सरकारी प्रतिभूतियों, ट्रेजरी बिल्स और कम जोखिम वाले वाणिज्यिक पत्रों में निवेश करता है। यह उनके लिए उपयुक्त है जो अपने अतिरिक्त पैसे को कुछ समय के लिए सुरक्षित और तरल माध्यम में लगाना चाहते हैं, साथ ही बचत खाते से बेहतर रिटर्न की अपेक्षा रखते हैं। इस फंड की खासियत ये है कि इसमें पूंजी की सुरक्षा अपेक्षाकृत अधिक होती है और निवेश से तुरंत निकासी की सुविधा मिलती है। हालांकि, इसमें गारंटीशुदा रिटर्न नहीं होता और बाजार दरों में बदलाव के अनुसार रिटर्न में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

### जोखिम पर दें ध्यान

- **ब्याज दर जोखिम :** अगर बाजार में ब्याज दरें तेजी से बदलती हैं, तो एनएवी (नेट एसेट वैल्यू) में मामूली घट-बढ़ हो सकती है।
- **क्रेडिट रिस्क :** यदि फंड कम गुणवत्ता वाले कर्ज उपकरणों में निवेश करता है और उधारकर्ता डिफॉल्ट कर जाए, तो नुकसान हो सकता है।
- गैर-गारंटीशुदा रिटर्न : बैंक एफडी की तरह यहां कोई निश्चित रिटर्न नहीं होता।

### निवेश से लाभ

- **उच्च तरलता :** लिक्विड फंड्स में पैसा एक दिन में वापस मिल जाता है। कुछ फंड तो इंस्टेंट विदड्रॉल की सुविधा भी देते हैं। बैंक सेविंग अकाउंट की तुलना में लिक्विड फंड अक्सर बेहतर रिटर्न देते हैं (औसतन 4%–6% वार्षिक)।
- **कम जोखिम :** यह अल्पकालिक निवेश साधनों में पैसा लगाते हैं, जिससे इनका जोखिम तुलनात्मक रूप से कम होता है। अधिकतर लिक्विड फंड्स में न तो एंट्री चार्ज होता है और न ही जल्दी निकासी पर पेनल्टी।

### किनके लिए उपयुक्त

जो लोग कुछ दिनों या हफ्तों के लिए पैसा पार्क करना चाहते हैं। जो आकस्मिक खर्चों के लिए तरल और सुरक्षित विकल्प खोज रहे हैं। कंपनियां और संस्थान जो अपने वर्किंग कैपिटल का प्रबंधन करना चाहती हैं।

### सशक्त और संतुलित

लिक्विड फंड्स अल्पकालिक निवेश के लिए सशक्त और संतुलित विकल्प हैं। यदि निवेशक जोखिम को समझकर, गुणवत्ता जांचकर निवेश करें, तो यह साधन लाभकारी साबित हो सकता है।

# स्वच्छ प्रौद्योगिकी इस्पात उद्योग की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि हरित इस्पात के उत्पादन के लिए कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों को अपनाना अब एक विकल्प नहीं, बल्कि जरूरत है। उन्होंने साथ ही कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में कदम उठाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। इस्पात मंत्री ने यह टिप्पणी इस्पात क्षेत्र में नवाचार एवं उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने को आयोजित बिगमिंट फ्यूचर स्टील कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए की।

मंत्री ने कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि हरित इस्पात और स्वच्छ प्रौद्योगिकी अब एक विकल्प नहीं बल्कि एक जरूरत है। कुमारस्वामी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारा इस्पात उद्योग 2030 तक 30 करोड़ टन क्षमता तक पहुंचने के साहसिक लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हम न केवल विस्तार करने बल्कि 2070 तक शुद्ध शून्य लक्ष्य के अनुरूप स्थिरता लाने को भी प्रतिबद्ध हैं। सरकार ने दिसंबर 2024 में हरित इस्पात की परिभाषा पेश की थी और उद्योग से आग्रह किया था कि वे तैयार उत्पादों पर प्रति टन कार्बन उत्सर्जन को 2.2 टन के स्तर से नीचे लाने के लिए कदम उठाएं। वैश्विक स्तर पर कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में इस्पात उद्योग की हिस्सेदारी करीब सात प्रतिशत है। इस्पात के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक भारत के पास, वृद्धि को बनाए रखते हुए उत्सर्जन को कम करने में अग्रणी भूमिका निभाने की जिम्मेदारी एवं अवसर दोनों हैं।





● केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कार्बन उत्सर्जन कम करने पर दिया जोर

# कुछ कोलाइडल बहुमूल्य धातुओं के आयात पर अंकुश

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में सोने के अवैध प्रवाह को रोकने के लिए कोलाइडल बहुमूल्य धातुओं के आयात अंकुश लगाया है। कोलाइडल बहुमूल्य धातुएं तरल रूप में फैले सोने या चांदी के नैनो कणों के विलयन होते हैं।

उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ आयातक थाइलैंड जैसे देशों से आयात के लिए तरल रूप में स्वर्ण कणों का सहारा ले रहे थे। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अधिसूचना में कहा, सीटीएच 2843 श्रेणी में आने वाली वस्तुओं की आयात नीति को 'मुक्त' से संशोधित कर 'अंकुश' किया जाता है। इस श्रेणी में आने वाले उत्पादों में कोलाइडल कीमती धातुएं, कीमती धातुओं के अकार्बनिक या कार्बनिक यौगिक शामिल हैं। वजन के हिसाब से 1% से अधिक सोना-युक्त पैलेडियम, रोडियम और इरीडियम मिश्र धातु के आयात पर पाबंदी लगा दी गई है।

# सकल मुद्रास्फीति में गिरावट अच्छा संकेत : क्रिसिल

कोलकाता, एजेंसी

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल लि. ने कहा है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित सकल मुद्रास्फीति इस साल मई में घटकर 2.8% पर आ गई। यह अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छा संकेत है। क्रिसिल ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट सकल खुदरा मुद्रास्फीति को नीचे ला रही है, लेकिन मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति यानी विनिर्माण क्षेत्र की मुद्रास्फीति बढ़ रही है। हालांकि, यह दशकीय रुख से नीचे है और अब लगातार चार महीनों से चार प्रतिशत से ऊपर है।

कोर यानी मुख्य मुद्रास्फीति में खाद्य और ऊर्जा से संबंधित अधिक अस्थिर मूल्य वाली वस्तुओं को शामिल नहीं किया जाता।



● रेटिंग एजेंसी के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र की बढ़ रही मुद्रास्फीति

क्रिसिल ने कहा कि मुख्य मुद्रास्फीति में लगातार वृद्धि सकल मुद्रास्फीति पर दबाव डाल सकती है। बढ़ती मुख्य मुद्रास्फीति अर्थव्यवस्था में घरेलू मांग को मजबूत होने का संकेत है। लेकिन मुख्य मुद्रास्फीति का गहराई से आकलन करने से पता चलता है कि इसकी हाल में वृद्धि घरेलू कारकों के बजाय वैश्विक आर्थिक अस्थिरता से जुड़ी है। क्रिसिल ने कहा कि सोने की कीमतें घरेलू के बजाय वैश्विक संकेतों पर प्रतिक्रिया करती हैं। हालांकि, सोने की सकल सीपीआई में हिस्सेदारी छोटी (कुल सूचकांक का 1.1%) है, लेकिन इसे मुख्य सीपीआई मुद्रास्फीति में शामिल करने से घरेलू मूल्य संकेत बिगड़ते हैं। भारत के मुख्य मुद्रास्फीति सूचकांक में सोने का भारांश अन्य देशों की तुलना में अधिक है। अन्य प्रमुख केंद्रीय बैंक भी मुख्य मुद्रास्फीति सूचकांक में सोने को शामिल करते हैं, लेकिन इसका भारांश भारत की तुलना में कम है। उनके मुख्य मुद्रास्फीति माप पर इसका प्रभाव सीमित होता है। भारत में सोने का भारांश संभवतः इसलिए अधिक है क्योंकि अन्य देशों की तुलना में खपत में इसकी हिस्सेदारी अधिक है।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

**कर्नाटक में अल्पसंख्यकों के लिए आवासीय आरक्षण बढ़ा**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक मंत्रिमंडल ने गुरुवार को विभिन्न आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद राज्य के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल ने कहा, राज्य भर में शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में आवास विभाग द्वारा लागू की जा रही विभिन्न आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है।

**झारखंड: बारिश के बाद मलबे से निकले दो छात्रों के शव**

**रांची/जमशेदपुर।** झारखंड के खूंटी जिले में भारी बारिश से कुआं ढहने से मिट्टी के नीचे दबे दो छात्रों के शव गुरुवार को बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि रांची जिले में मिट्टी का मकान ढहने से 10 वर्षीय लड़की की भी मौत हो गई। राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश का कहर जारी है। अलग-अलग जिलों में पुल और खाली आवासीय इमारत भी ढह गयी जबकि कई नदियां उफान पर हैं। इन घटनाओं में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

**कुमारस्वामी के खिलाफ एसआईटी जांच पर रोक**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी को अंतरिम राहत देते हुए रामनगर जिले के केथागनहल्ली गांव में कथित भूमि अतिक्रमण की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच पर अस्थायी रोक लगा दी। राज्य ने कुमारस्वामी पर भूमि कब्जे में संलिप्तता के आरोपों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। जांच की वैधता को चुनौती देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने उच्च न्यायालय का रुख किया था।

# सामाजिक न्याय राष्ट्रीय प्रगति में अहम

## सीजेआई गवई बोले- असमानताओं पर ध्यान दिए बिना लोकतांत्रिक राष्ट्र होने का दावा बेमानी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा है कि समाज के बड़े हिस्से को हाशिए पर रखने वाली संरचनात्मक असमानताओं पर ध्यान दिए बिना कोई भी राष्ट्र वास्तव में प्रगतिशील या लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक स्थिरता, सामाजिक सामंजस्य और सतत विकास प्राप्त करने को सामाजिक-आर्थिक न्याय एक व्यावहारिक आवश्यकता है।

देश में सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में संविधान की भूमिकाः भारतीय संविधान के 75 वर्षों के प्रतिबिंब विषय पर समारोह में सीजेआई ने कहा कि न्याय एक अमूर्त आदर्श नहीं है और इसे सामाजिक संरचनाओं, अवसरों के वितरण और लोगों के रहने की स्थितियों में जड़ें जमानी चाहिए। उन्होंने कहा, समाज के बड़े हिस्से को हाशिए पर रखने वाली संरचनात्मक असमानताओं पर ध्यान दिए बिना कोई भी राष्ट्र वास्तव में प्रगतिशील या लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता। दूसरे शब्दों में, दीर्घकालिक स्थिरता, सामाजिक सामंजस्य और सतत विकास प्राप्त करने के लिए सामाजिक-आर्थिक न्याय एक व्यावहारिक आवश्यकता है। सीजेआई ने कहा कि यह केवल पुनर्वितरण या कल्याण का मामला नहीं है, बल्कि यह हर व्यक्ति को सम्मान के साथ जीने, उसकी पूरी मानवीय क्षमता का एहसास कराने और देश के सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक जीवन में समान रूप से भाग लेने में सक्षम बनाने के बारे में भी है।



● सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में संविधान की भूमिका पर आयोजित समारोह को किया संबोधित

### संविधान की यात्रा महत्वपूर्ण सफलताओं की कहानी

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा, इस प्रकार, किसी भी देश के लिए, सामाजिक-आर्थिक न्याय राष्ट्रीय प्रगति का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह सुनिश्चित करता है कि विकास समावेशी हो, अवसरों का समान वितरण हो और सभी व्यक्ति, चाहे उनकी सामाजिक या आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, सम्मान और स्वतंत्रता के साथ रह सकें। इस विषय पर भाषण देने के लिए आमंत्रित करने पर चैंबर ऑफ इंटरनेशनल लॉयर्स को धन्यवाद देते हुए, न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में 75 वर्षों में संविधान की यात्रा महान महत्वाकांक्षा और महत्वपूर्ण सफलताओं की कहानी है। उन्होंने कहा, भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में, मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि भारतीय संविधान के निर्माता इसके प्रावधानों का मसौदा तैयार करते समय सामाजिक-आर्थिक न्याय की अनिवार्यता के प्रति गहनता से सचेत थे।

# अमरनाथ तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए केंद्र और राज्य सरकार प्रतिबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को अमरनाथ की यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों को उच्च स्तर की सुरक्षा दिए जाने का आश्वासन दिया। दक्षिण कश्मीर में अनंतनाग जिले के मट्टन में मार्तण्ड सूर्य मंदिर के दर्शन के बाद शेखावत ने तीर्थयात्रियों से घाटी के पर्यावरण और प्राकृतिक सौंदर्य को संरक्षित करने की भी अपील की।

शेखावत ने कहा, लोगों को अमरनाथ यात्रा के लिए आना चाहिए। अमरनाथ यात्रा सुरक्षित है, केंद्र और राज्य सरकार प्रतिबद्ध है और आपको एक खरोंच तक नहीं आएगी। अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी और नौ अगस्त को समाप्त होगी। शेखावत ने नजदीकी पर्यटन स्थल पहलगाम का भी दौरा किया, जहां 22 अप्रैल को आतंकियों ने 25 पर्यटकों और एक स्थानीय खच्चर सेवा प्रदाता की हत्या कर दी थी। उन्होंने कहा कि कश्मीर सुरक्षित है और पर्यटकों को न केवल घाटी की प्राकृतिक सुंदरता बल्कि उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत देखने के लिए भी कश्मीर आना चाहिए। घाटी में प्रसिद्ध स्मारकों के संरक्षण पर शेखावत ने कहा कि कुछ जीर्णोद्धार कार्य किए गए हैं, लेकिन और अधिक कार्य किए जाने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री ने 'एक्स' पर भी पोस्ट किया। शेखावत ने कहा कि उन्होंने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ वहां पर्यटक सुविधाओं और रखरखाव के प्रयासों की समीक्षा की।



- केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत ने पहलगाम का किया दौरा
- एएसआई के साथ सुविधाओं व रखरखाव की समीक्षा की

# एअर इंडिया ने मंगलुरु और दुबई के बीच एक दैनिक उड़ान की निलंबित

मंगलुरु, एजेंसी

एअर इंडिया एक्सप्रेस ने परिचालन कारणों का हवाला देते हुए 17 से 30 जून तक मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से दुबई के लिए अपनी दो दैनिक उड़ानों में से एक को अस्थायी रूप से रद्द कर दिया है। एअर इंडिया एक्सप्रेस के इस निर्णय के कारण मंगलुरु-दुबई सेक्टर पर साप्ताहिक उड़ानों की संख्या 18 से घटकर 11 रह गई है। हालांकि इंडिगो ने दुबई के लिए अपनी चार साप्ताहिक उड़ानों में बदलाव नहीं किया है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, उड़ानों में यह कटौती पश्चिम एशिया संकट के कारण इज़राइल, ईरान, इराक और जॉर्डन के ऊपर अनेक इलाकों में हवाई क्षेत्र बंद होने से हुई है। इससे यूरोप, एशिया और पश्चिम एशिया के बीच विमान संचालन पर काफी असर पड़ा है।

### लेह जाने वाला इंडिगो का विमान तकनीकी समस्या से दिल्ली लौटा

**नई दिल्ली।** लेह जाने वाला इंडिगो का विमान गुरुवार सुबह तकनीकी समस्या से दिल्ली लौट आया। उड़ान पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटराडार24.कॉम के अनुसार, दिल्ली से लेह जाने वाली उड़ान का परिचालन करने वाला विमान दो घंटे से अधिक समय तक आसमान में रहने के बाद लौट आया।

# कांग्रेस के कुछ नेताओं से मेरी राय अलग है : शशि थरूर

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य शशि थरूर ने गुरुवार को कहा कि पार्टी नेतृत्व में कुछ नेताओं से उनके मतभेद हैं, लेकिन नीलांबुर निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनाव के मद्देनजर वह इस बारे में बात नहीं करेंगे। थरूर ने कहा कि कांग्रेस, उसके मूल्य और उसके कार्यकर्ता उन्हें बहुत प्रिय हैं। उन्होंने 16 वर्ष तक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया है और वह उन्हें अपना मित्र एवं भाई मानते हैं। थरूर ने कहा, कांग्रेस नेतृत्व में कुछ लोगों से मेरी राय अलग है। आप जानते हैं कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं, क्योंकि उनमें से कुछ मुद्दे सार्वजनिक हैं और आपने (मीडिया ने) इस बारे में खबरें दी हैं। थरूर ने संकेत दिया कि वह उपचुनाव के नतीजों के बाद उन मतभेदों के बारे में बात कर सकते हैं।



### आफत की बारिश



महाराष्ट्र में हो रहे भारी बारिश ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। सड़कों पर जलभराव होने से यातायात प्रभावित है। वहीं, भारी बारिश के कारण गोदावरी नदी का तट बाढ़ की चपेट में आ गया है। एजेंसी

# ठग लाइफ फिल्म का विरोध करने वालों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक सरकार को अभिनेता से नेता बने कमल हासन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'ठग लाइफ' के प्रदर्शन को लेकर धमकी देने अथवा हिंसा का रास्ता चुनने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अभिनेता की कन्नड़ भाषा पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद एक समूह की ओर से धमकियां दी गई थीं कि फिल्म का प्रदर्शन नहीं होने दिया जाएगा।

न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने बेंगलुरु निवासी एम महेश रेड्डी और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को यह निर्देश दिया। पीठ ने कर्नाटक सरकार को निर्देश देते हुए कहा कि 'ठग लाइफ' के राज्य में प्रदर्शन पर अगर कोई व्यक्ति अथवा संगठन हिंसा का रास्ता अपनाता है अथवा किसी प्रकार की धमकी देता है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए।

पीठ ने राज्य सरकार के वकील डी एल चिदानंद का यह बयान दर्ज किया कि वह सभी हितधारकों को सुरक्षा प्रदान करेगी, जिससे कर्नाटक में फिल्म की रिलीज का रास्ता साफ होगा। पीठ ने कर्नाटक सरकार के हलफनामे पर गौर करने के बाद कहा,राज्य ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उसने फिल्म पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है और अगर फिल्म प्रदर्शित होती है तो राज्य सरकार पूरी सुरक्षा प्रदान करेगी।सुनवाई के दौरान अधिवक्ता चिदानंद ने कहा कि फिल्म के प्रदर्शन को लेकर विवाद कन्नड़ फिल्म उद्योग की शीर्ष संस्था कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (केएफसीसी) और फिल्म निर्माताओं के बीच है।



● हसन की कन्नड़ भाषा पर की टिप्पणी के बाद मिली थीं धमकियां

### एडीजीपी के खिलाफ जांच ट्रांसफर करने के बारे में बताए तमिलनाडु सरकार

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु सरकार से इस बारे में उसे अवगत कराने को कहा कि अपहरण के मामले में एडीजीपी एचएम जयराम के खिलाफ जांच विशेष शाखा या सीआईडी को स्थानांतरित की जा सकती है या नहीं। इससे पहले तमिलनाडु सरकार ने कहा था कि वह चाहती है कि मामले में जांच पूरी होने तक एडीजीपी का निलंबन जारी रहे। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और मनमोहन की पीठ को तमिलनाडु सरकार के वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने बताया कि अवर पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) जयराम का निलंबन अपहरण मामले में हाईकोर्ट के 16 जून के आदेश के अनुरूप नहीं है और उनके खिलाफ अन्य आरोप भी हैं। दवे ने कहा कि नियमों के तहत ही जयराम को उनके खिलाफ आपराधिक मामले में जांच लंबित रहने तक निलंबित रखा जा सकता है। दवे से पीठ ने कहा कि वह हाईकोर्ट के जज के समक्ष लंबित मामले को अन्य जज को स्थानांतरित करने पर विचार कर रही है।

# मुंबई हवाई अड्डे से 25 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त, तीन गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 24.66 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त किया गया है और दो यात्रियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यह मादक पदार्थ थाईलैंड से तस्करी कर भारत लाया गया था। गिरफ्तार लोगों में वह व्यक्ति भी है, जो मादक पदार्थ की इस खेप को लेने आया था और हवाई अड्डे के बाहर इंतजार कर रहा था। अधिकारियों ने बैंकाक से आए दो यात्रियों को रोका और तलाशी में मादक पदार्थ बरामद किया है।

# सोनम व उसके प्रेमी के परिचितों और टैक्सी चालक से पूछताछ

इंदौर (मप्र), एजेंसी

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**

राजा हत्याकांड की कड़ियां जोड़ने के लिए इंदौर आई मेघालय पुलिस ने गुरुवार को दो मुख्य आरोपियों-सोनम और उसके प्रेमी राज कुशवाह के परिचितों के साथ ही एक टैक्सी चालक से पूछताछ की। चश्मदीदों ने बताया कि सोनम के भाई गोविंद गुरुवार को स्थानीय पुलिस की अपराध निरोधक शाखा के उस दफ्तर के बाहर नजर आए जहां लोगों से पूछताछ की गई।

इससे पहले बुधवार को मेघालय पुलिस की जांच के दौरान गोविंद कई स्थानों पर दिखाई दिए थे। गोविंद ने कहा कि उन्हें दफ्तर में बुलाया गया था, लेकिन उनसे कोई पूछताछ नहीं हुई। उन्होंने बताया कि इस दफ्तर में उनके पारिवारिक कारोबार के कुछ कर्मचारियों और कुशवाह से जुड़े लोगों से पूछताछ की गई। सोनम का परिवार सनमाइका शीट का कारोबार करता है। वह अपने पति राजा रघुवंशी के हत्याकांड में गिरफ्तारी से पहले तक मायके के कारोबारी प्रतिष्ठान का काम-काज संभाल रही थी।

# भारतीय टीम के नये दौर की शुरुआत

## शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय युवा टीम इंग्लैंड के सामने पेश करेगी कड़ी चुनौती



शुभमन गिल।

**लीड्स, एजेंसी**

नया कप्तान, दृढ़ निश्चयी कोच, कुछ पुराने और कुछ नये चेहरे। अगले 45 दिनों में ये सब एक दिलचस्प कहानी गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। बहुप्रतीक्षित इंतजार का रोमांच शुक्रवार से शुरू हो जाएगा, जब भारत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा।

भारत अभी तक इंग्लैंड में केवल तीन बार टेस्ट शृंखला जीत पाया है। उसने 1971 में अजीत वाडेकर, 1986 में कपिल देव और 2007 में राहुल द्रविड़ की अगुवाई में यह उपलब्धि हासिल की थी। अब शुभमन गिल इस सूची में अपना नाम लिखवाने के लिए बेताब होंगे। लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा क्योंकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के कारण भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। इससे वह अनुभव के मामले में थोड़ा कमजोर नजर आती है। पच्चीस वर्षीय गिल के लिए यह श्रृंखला अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगी, क्योंकि इंग्लैंड की टीम ने ब्रेंडन मैकुलम की कोचिंग और बेन स्टोक्स की कप्तानी में टेस्ट मैच की बल्लेबाजी की परंपराओं को बदल दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम उनके आक्रामक रवैये का किस तरह से जवाब देती है। भारत के 37वें टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का चयन इस बात पर अधिक आधारित था कि उनसे क्या अपेक्षा की जा सकती है। उनको यहां काफी कुछ साबित करना है। असामान्य रूप से गर्म लीड्स (शुक्रवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस हो सकता है) और हेडिंग्ले की आठ मिमी घास से भरी 22 गज की पिच इंग्लैंड के लिए बहुत भाग्यशाली नहीं रही है। ऐसे में जो भी टीम अच्छी बल्लेबाजी करेगी उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी। टेस्ट क्रिकेट में 36 शतकों सहित 13,000 से अधिक रन बनाने वाले जो रूट की मौजूदगी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी कागजों पर भारत की तुलना में बेहतर नजर आती है।

भारतीय टीम में सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल (58 टेस्ट, 3257 रन) हैं। लेकिन जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाला भारतीय गेंदबाजी आक्रमण इंग्लैंड की तुलना में मजबूत नजर आता है जिससे दोनों टीमों की स्थिति बराबर लगती है। ऐसा तब है जबकि तेज गेंदबाज बुमराह केवल तीन टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध है। कोहली और रोहित की अनुपस्थिति के बावजूद भारत इंग्लैंड के गेंदबाजों को दबाव में ला सकता है। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास लेने तथा कुछ अन्य गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण इंग्लैंड का आक्रमण कमजोर नजर आता है। क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर तथा कप्तान स्टोक्स का गेंदबाजी आक्रमण विपक्षी टीम में कोई खौफ पैदा नहीं करता। कोहली और रोहित के जाने के बाद भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में सबसे प्रभावशाली व्यक्ति मुख्य कोच गौतम गंभीर का अभी तक कोच के रूप में रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है और वह इसे और खराब नहीं करना चाहेंगे। इस सीरीज में गंभीर के रणनीतिक कौशल की असली परीक्षा भी होगी। अभ्यास के दौरान स्लिप कॉर्डन की संरचना को देखते हुए करुण नायर की वापसी तय लगती है, जहां उन्हें पहली स्लिप में तैनात किया गया था, लेकिन एक और बल्लेबाजी स्थान है जिसको लेकर टीम प्रबंधन को काफी विचार विमर्श करना होगा। क्या गंभीर एक अतिरिक्त बल्लेबाज़ को खिलाएंगे और प्रतिभाशाली बी साई सुदर्शन को अपना पहला टेस्ट खेलने का मौका देंगे या फिर वह एक अतिरिक्त विशेषज्ञ बल्लेबाज़ की कमी की भरपाई के लिए नीतीश रेड्डी और शार्दुल ठाकुर जैसे ऑलराउंडर को खिलाएंगे। स्पिन विभाग में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा में से किसी एक को खिलाने को लेकर टीम प्रबंधन का फैसला काफी दिलचस्प होगा। कुलदीप यहां की परिस्थितियों में सफल हो सकते हैं।

### टीम

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

**इंग्लैंड (अंतिम एकादश) :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**45** दिन तक चलेगी पांच टेस्ट मैचों की शृंखला

**03** बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीच चुका भारत

**29** डिग्री सेल्सियस तापमान में होगा मुकाबला



बेन स्टोक्स

# टेस्ट सीरीज जीतना बड़ी उपलब्धि होगी : गिल

**लीड्स, एजेंसी**

भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला जीतना आईपीएल खिताब जीतने से बड़ी उपलब्धि है।

विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन जैसे धुरंधरों के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद 25 बरस के गिल इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भारत की कप्तानी करेंगे। यह पूछे जाने पर कि इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला जीतने और आईपीएल खिताब में से वह किसे ऊपर रखेंगे, उन्होंने कहा निश्चित तौर पर टेस्ट श्रृंखला में जीत को। उन्होंने कहा आपको बतौर कप्तान इंग्लैंड दौरे के ज्यादा मौके नहीं मिलते। अगर आप अपनी पीढी में सर्वश्रेष्ठ में से हैं तो शायद दो दौरे या तीन। गिल ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा आईपीएल हर साल होता है और हर साल मौका मिलता है। मेरे ख्याल से इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका में जीत बड़ी है। इंग्लैंड में लाल गेंद से खेलने का भले ही गिल को अनुभव नहीं है लेकिन वह चुनौती से विचलित भी नहीं हैं। उन्होंने कहा कई लोग कहते हैं कि आपकी टीम के पास उतना अनुभव नहीं है लेकिन अच्छी बात यह है कि हम पर अपेक्षाओं का उतना बोझ नहीं होगा क्योंकि अधिकांश खिलाड़ी इंग्लैंड में खेले नहीं है। इससे काफी फर्क पड़ेगा।

# एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का श्रृंखला से पहले अनावरण

**लीड्स, एजेंसी**

- ये पटौदी ट्रॉफी और एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी की जगह लेगी
- ट्रॉफी पहले 14 जून को लांच होनी थी पर विमान हादसे को बाद टल गई

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन ने बृहस्पतिवार को भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच से पहले एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का औपचारिक रूप से अनावरण किया। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मिलकर दोनों देशों के बीच होने वाली श्रृंखला का नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी रखा है।

इससे अब यह भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच के लिए पटौदी ट्रॉफी (इंग्लैंड में श्रृंखला के लिए) और एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी (भारत में श्रृंखला के लिए) की जगह लेगी। यह ट्रॉफी पहले 14 जून को लांच होनी थी लेकिन अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना के कारण इसकी तारीख आगे खिसका दी गई। पटौदी परिवार के प्रति सम्मान को बरकरार रखते हुए भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के विजेता कप्तान को नए पटौदी पदक से सम्मानित किया जाएगा। ट्रॉफी में एंडरसन और तेंदुलकर की 'एक्शन' की छवि है और साथ ही उनके उभरे हुए हस्ताक्षर भी हैं। महान बल्लेबाज तेंदुलकर ने एक दशक से भी अधिक समय पहले अपने 200वें टेस्ट के बाद क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, वहीं एंडरसन ने अपना 188वां और आखिरी टेस्ट 2024 में खेला था।



इंग्लैंड के लॉड्‌र्स क्रिकेट ग्राउंड पर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाते सचिन तेंदुलकर और इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन। ● एजेंसी

### अपने फैसलों पर फोकस रखें शुभमन : तेंदुलकर

**नई दिल्ली :** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि भारतीय क्रिकेट में बदलाव के कठिन दौर में टीम की कमान संभालने जा रहे शुभमन गिल को उचित समय और सहयोग दिया जाना चाहिए। उन्होंने नये कप्तान को सलाह दी कि ड्रेसिंग रूम से बाहर की टिप्पणियों पर सोचे बिना वह अपनी रणनीति पर फोकस रखें। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट से पूर्व पीटीआई को दिये इंटरव्यू में तेंदुलकर ने कहा मुझे लगता है कि उसे (गिल को) समय देना होगा।

# भारतीय क्रिकेट के पास प्रतिभा का भंडार : स्टोक्स

**लीड्स :** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें नहीं लगता कि विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन की गैर मौजूदगी से भारतीय टीम कमजोर हुई है। क्योंकि उसके पास इस कमी को पूरा करने के लिए प्रतिभा का भंडार है।

स्टोक्स ने पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर प्रेस कांफ्रेंस में कहा काफी कुछ कहा जा रहा है कि विराट नहीं है, रोहित नहीं है और अश्विन नहीं है लेकिन इसके यह मायने नहीं है कि भारत के खिलाफ यह पहले से आसान मुकाबला होगा। भारतीय क्रिकेट के पास प्रतिभा का भंडार है। उन्होंने कहा विराट, रोहित और अश्विन ने देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि उनकी जगह लेने वाले खिलाड़ियों के सामने बल्लेबाजी या गेंदबाजी करना आसान होगा।

स्टोक्स ने कहा ये तीनों बहुत बड़े नाम हैं जिन्होंने देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन इनके नहीं होने से चुनौती आसान नहीं होगी।

## एक नजर

### सैमसोनोवा ने दो मैच प्वाइंट बचाकर पेगुला को हराया

**बर्लिन :** लियुडमिला सैमसोनोवा ने दो मैच प्वाइंट बचाकर बुधवार को यहां तीसरी रैंकिंग की जेसिका पेगुला को 6-7 (8), 7-5, 7-6 (5) से हराकर बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 20वीं रैंकिंग की खिलाड़ी सैमसोनोवा ने इस ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट में तीन घंटे 21 मिनट तक चले मैच में गत विजेता के खिलाफ 18 ऐस लगाए। इससे पहले मंगलवार को नाओमी ओसाका को तीन सेटों में हराने वाली सैमसोनोवा ने पेगुला के खिलाफ निर्णायक सेट में 5-4 के स्कोर पर अपनी सर्विस पर दो मैच प्वाइंट बचाए। शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का क्वालीफायर रेबेका मासरोवा के खिलाफ मैच बीच में स्थगित कर दिया गया क्योंकि कोर्ट फिसलन भरा हो गया था।

### विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने कहा, सितंबर में संन्यास लूंगी

**लंदन :** दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि उनकी योजना कुछ महीनों के अंदर संन्यास लेने की है। चेक गणराज्य की इस खिलाड़ी को 30 जून से शुरू होने वाले विम्बलडन के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया था। क्वितोवा ने कहा, ''मैं एक बार फिर विम्बलडन चैंपियनशिप खेलने के लिए रोमांचित हूं जहां मेरे करियर की खुशगवार यादें हैं। मैं अपना करियर न्यूयॉर्क में अमेरिकी ओपन में खेलकर खत्म करने की इच्छा रखती हूं।

### ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप में तपस्वी ने जीता स्वर्ण पदक

**सोनीपत :** हरियाणा के सोनीपत के कुंडली में आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप सीरीज अंडर-14 में लिटल एंजल्स लॉन टेनिस एकेडमी के खिलाड़ी तपस्वी ने प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दिल्ली के खिलाड़ी वेदांत को 6-4, 7-5 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। तपस्वी ने इस जीत के साथ ना केवल अपनी एकेडमी बल्कि राज्य का नाम भी रौशन किया। प्रतियोगिता में लगभग 85 खिलाड़ियों ने भाग लिया। तपस्वी जूनियर स्तर पर अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन करते हुए अब पुणे में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेगा।

# नायर की वापसी से राहुल उत्साहित

**लीड्स, एजेंसी**

- उम्मीद जताई कि लंबे समय तक देश की तरफ से खेलेंगे
- नायर और राहुल, दोनों 33 साल के हैं और करीबी दोस्त हैं

सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल शुक्रवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में करुण नायर की भारतीय टेस्ट टीम में वापसी से काफी उत्साहित हैं।

उनको उम्मीद है कि वह अपने इस करीबी दोस्त के साथ लंबे समय तक देश की तरफ से खेलेंगे। नायर और राहुल, दोनों 33 साल के हैं और बचपन से ही एक साथ आयु वर्ग की क्रिकेट खेलते आए हैं और दोनों करीबी दोस्त हैं। राहुल जहां भारतीय टीम का अभिन्न अंग रहे हैं वही नायर को टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने के बावजूद आठ साल तक टीम से बाहर रखा गया।

राहुल ने आईपीएल की अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स की मीडिया टीम से कहा हमने 11 साल की उम्र में एक साथ क्रिकेट खेलना शुरू किया था और तब से हम इस सफर पर हैं। हम दोनों के जीवन में उतार-चढ़ाव आए। उसे मौका मिला, उसने तिहरा शतक बनाया और इसके बाद कई कारणों से उसे मुश्किल समय का सामना करना पड़ा। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में नायर के शानदार प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा लेकिन उसने पिछले दो-तीन वर्षों में जिस तरह का प्रदर्शन किया है, वह उल्लेखनीय है। उसने काफी मुश्किलों का सामना किया और भारतीय टीम में वापसी करने में सफल रहा। मुझे उम्मीद है कि हम दोनों लंबे समय तक भारतीय टीम की तरफ से खेलेंगे। राहुल ने फिर से कहा कि सीरीज में विराट कोहली और रोहित शर्मा की कमी बहुत खलेगी।

# जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगे 640 मुक्केबाज

**नई दिल्ली :** देशभर से 640 मुक्केबाज गुरुवार से रोहतक में शुरू हो रही छठी जूनियर (अंडर-17) लड़के और लड़कियों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

जूनियर लड़के और लड़कियों की प्रतियोगिताओं में 44-46 किलोग्राम से लेकर 80 किलोग्राम से अधिक तक कुल 13 वजन वर्ग होंगे। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड लड़कों के वर्ग में, जबकि हरियाणा लड़कियों के वर्ग में गत विजेता के रूप में उतरेगा।

# धूम मचाने के लिए तैयार हैं शुभमन : गैरी कर्स्टन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के पूर्व मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने भारतीय टीम के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल का समर्थन करते हुए कहा है कि वह शुक्रवार से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की शृंखला से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धूम मचाने के लिए तैयार हैं।

गिल की कप्तानी वाली आईपीएल टीम गुजरात टाइटन्स के मेंटोर रहे कर्स्टन का मानना है कि 25 वर्षीय गिल में अच्छे नेतृत्वकर्ता बनने के सभी गुण मौजूद हैं। कर्स्टन ने जियो हॉटस्टार से कहा मुझे लगता है कि शुभमन एक बेहतरीन कप्तान साबित होंगे। वह एक स्मार्ट क्रिकेटर हैं। उनके पास खेल के लिए अच्छा दिमाग है और वह अपने खेल को समझते हैं। वह बहुत प्रतिभाशाली हैं और एक अच्छे इंसान हैं, जो मुझे लगता है कि बहुत महत्वपूर्ण है।

दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा शुभमन के बारे में मुझे जो एक बात सबसे ज़्यादा पसंद है, वह यह है कि वह जो कहते हैं, वही करते हैं। वह बहुत मेहनती हैं और यह बात दूसरे खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन उदाहरण है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने कहा गिल को अभी टेस्ट क्रिकेट में अपनी जगह मजबूत करनी होगी।

# बीमार होने के कारण नहीं खेल पाए एमबाप्पे, ड्रा रहा मुकाबला

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका), एजेंसी**

स्टार फारवर्ड किलियन एमबाप्पे बीमार होने के कारण नहीं खेल पाए। जिससे रियाल मैड्रिड क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाया और उसे सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल के खिलाफ अपना पहला मैच 1–1 से ड्रॉ खेलना पड़ा।



रियाल मैड्रिड के कोच ज़ाबी अलोंसो ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अल हिलाल के खिलाफ़ मैच से पहले कहा एमबाप्पे को बुखार है। वह अच्छा महसूस नहीं कर रहा है। उम्मीद है कि वह अगले मैच में वापसी करेगा। रियाल मैड्रिड के पास मैच के आखिरी समय में जीत हासिल करने का सुनहरा मौका था जब उसे वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए इंजरी टाइम में पेनल्टी किक मिली थी लेकिन फेडरिको वाल्वरडे उसे गोल में नहीं बदल पाए। इस तरह से 15 बार के यूरोपीय चैंपियन के कोच के रूप में अपने पहले मैच में अलोंसो जीत से शुरुआत नहीं कर पाए। इससे पहले गोंजालो गार्सिया ने 34वें मिनट में रियाल मैड्रिड के लिए गोल किया। इसके सात मिनट बाद रूबेन नेवेस ने पेनल्टी किक पर अल हिलाल के लिए बराबरी का गोल किया। प्रतियोगिता के वाशिंगटन में खेले गए एक अन्य मैच में रैंडल कोलो मुआनी और फ्रांसिस्को कोन्सीसाओ के दो-दो गोल की मदद से युवेंटस ने अल ऐन को 5-0 से हराया। इटली के क्लब युवेंटस के लिए कोलो मुआनी ने 11वें मिनट में पहला गोल किया। इसके 10 मिनट बाद कोन्सीसाओ ने पेनल्टी बॉक्स के अंदर गेंद को ड्रिबल किया।

# जूनियर तीरंदाजों का अच्छा प्रदर्शन जारी

**सिंगापुर, एजेंसी**

भारतीय जूनियर तीरंदाजों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए गुरुवार को यहां एशिया कप के दूसरे चरण में तीन स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने एकतरफा सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त बांग्लादेश को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त जापान से होगा। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार की तिकड़ी ने शुरू से ही दबदबा बनाते हुए पहला सेट 55-48 से जीता। दूसरा सेट 55-55 से बराबर रहा, लेकिन भारतीय टीम ने अच्छी वापसी की और तीसरे सेट में सिर्फ एक अंक गंवाकर 59-56 से सेट और मैच अपने नाम कर दिया।



भारतीय जूनियर महिला तीरंदाज टीम। ● एजेंसी

वैष्णवी पवार, कीर्ति और तमन्ना की भारतीय महिला रिकर्व टीम को हालांकि निराशा हाथ लगी। भारत की पांचवीं वरीयता प्राप्त टीम पांच सेट तक चले क्वार्टर फाइनल के इस मुकाबले में शूट-ऑफ में चौथी वरीयता प्राप्त जापान से 4-5 (26-28) से हार गईं। भारतीय टीम ने पहला सेट 47-49 से गंवा दिया और दूसरे सेट में जापान के 55 अंकों के मुकाबले केवल 34 अंक ही हासिल कर सकी। भारतीय खिलाड़ियों ने हालांकि शानदार वापसी की तथा तीसरा सेट 55-53 से और चौथा सेट 54-52 से जीतकर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। शूट-ऑफ में जापान सिर्फ दो अंकों से आगे रहा।

भारत ने कम्पाउंड पुरुष टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने से एक और पदक पक्का किया। कुशल दलाल, गणेश थिरुमुरु और मिहिर अपार की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया को हराया। इसका फैसला शूट-ऑफ (30-29) से हुआ। दोनों टीमें चार सेटों के बाद 232 अंकों पर बराबर थीं। फाइनल में भारत का मुकाबला कजाकिस्तान से होगा। शानमुखी बुड्डे, तेजल साल्वे और तनिष्का थोकल की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने भी सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान को 230-229 से हराकर पदक पक्का किया। फाइनल में उसका मुकाबला मलेशिया से होगा।

### एशिया कप

## बांध का दीदार



पुणे के खड़कवासला बांध में जलग्रहण क्षेत्र में बारिश के बाद बढ़े हुए जलस्तर का नजारा लेते पर्यटक। बांध में मुथा नदी बेसिन में लगभग 2000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। एजेंसी

# ब्लैक बॉक्स कहां होगा डिकोड, एएआईबी लेगा निर्णय

## मंत्रालय ने कहा- साइट दस्तावेजीकरण और साक्ष्य संग्रह इकट्ठा करने का प्रमुख कार्य पूरा हो चुका

**मुंबई, एजेंसी**

विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो एयर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त विमान के ब्लैक बॉक्स को डिकोड करने के स्थान पर निर्णय लेगा। सरकार ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की एक टीम ने 12 जून को हुई दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। इस दुर्घटना में लगभग 280 लोग मारे गए थे।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा, डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर) और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) की एक संयुक्त इकाई 13 जून, 2025 को दुर्घटना स्थल से बरामद की गई है और दूसरा सेट 16 जून को मिला। विमान के इस मॉडल में दो ब्लैक बॉक्स सेट थे। मंत्रालय ने कहा कि स्थानीय प्राधिकारियों और एजेंसियों से सभी



आवश्यक सहयोग के साथ एएआईबी जांच लगातार आगे बढ़ रही है। साथ ही कहा कि साइट दस्तावेजीकरण और साक्ष्य संग्रह इकट्ठा करने का प्रमुख कार्य पूरा हो चुका है और अब आगे का विश्लेषण चल रहा है।

बयान में कहा गया है, कुछ मीडिया संस्थानों में यह खबर आई है कि एआई171 उड़ान से सीवीआर/डीएफडीआर (ब्लैक बॉक्स) को पुनः प्राप्ति और विश्लेषण के लिए विदेश भेजा जा रहा है... विमान के रिकॉर्डर को डिकोड करने के स्थान के बारे में निर्णय एएआईबी द्वारा सभी तकनीकी और सुरक्षा संबंधी पहलुओं के उचित मूल्यांकन के बाद लिया जाएगा।

### डीएनए जांच से 215 मृतकों की पहचान हुई, 198 शव सौंपे गए

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे में 270 लोगों की मौत होने के एक सप्ताह बाद 215 मृतकों की, डीएनए मिलान के जरिए अब तक पहचान कर ली गई है और 198 शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कुल 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लेकर 12 जून को लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान एआई-171 अहमदाबाद के एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

### दुर्घटनाग्रस्त विमान का अच्छी तरह से किया था रखरखावः एअर इंडिया

**मुंबई।** एअर इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने बृहस्पतिवार को कहा कि दुर्घटनाग्रस्त हुए बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का अच्छी तरह से रखरखाव किया गया था तथा इस विमान की आखिरी बार गहन जांच जून 2023 में की गई थी और अगली जांच दिसंबर 2025 में होनी थी। यात्रियों को दिये एक संदेश में, एअर इंडिया प्रमुख ने यह भी कहा कि अगले कुछ सप्ताह के लिए कंपनी के बड़े विमानों के बेड़े के परिचालन में 15 प्रतिशत की कटौती एक अस्थायी कदम है। विमान का रखरखाव अच्छी तरह से किया गया था।

## एक नजर

### स्पेन ने नाटो के रक्षा खर्च में अनुमानित वृद्धि को अनुचित बता किया खारिज

**मैड्रिड।** स्पेन ने रक्षा जरूरतों पर सकल घरेलू उत्पाद का पांच प्रतिशत खर्च करने के नाटो के प्रस्ताव को अनुचित बताते हुए इसे खारिज कर दिया है। इस प्रस्ताव की घोषणा अगले सप्ताह होने की उम्मीद है। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रुटे को गुरुवार को भेजे गए एक पत्र में स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा कि स्पेन अगले सप्ताह हेग में होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में जीडीपी के संदर्भ में किसी विशिष्ट व्यय लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध नहीं हो सकता।

### अमेरिका में धोखाधड़ी करने वाले दो भारतीय छात्रों को सजा

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में पढ़ाई करने वाले दो भारतीय छात्रों को बुजुर्गों से लाखों डॉलर की धोखाधड़ी करने के अलग-अलग मामलों में सजा सुनाई गई है। छात्र वीजा पर अमेरिका में रह रहे किशन राजेशकुमार पटेल (20) द्वारा धनशोधन की साजिश रचने का अपराध कबूल किए जाने के बाद इस सप्ताह उसे 63 माह (पांच साल से अधिक) जेल की सजा सुनाई गई। अमेरिका के न्याय विभाग (डीओजे) के अनुसार पटेल ने खुद को सरकारी अधिकारी बताकर बुजुर्गों को निशाना बनाया और डर दिखाकर उनसे रुपये और सोने के आभूषण ठग लिये। एक जांच में पाया गया कि उसने कम से 25 बुजुर्गों से 2,694,156 डॉलर ठगे पटेल को 24 अगस्त 2024 को टेक्सास के ग्रेनाइट शोल्स से गिरफ्तार किया गया था और 29 अगस्त से वह संघीय हिरासत में है।

### गोयल ने विमान हादसे में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**लंदन।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लंदन की अपनी दो दिवसीय यात्रा की शुरुआत अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देकर की। लंदन के लिए रवाना हुआ एअर इंडिया का विमान 12 जून को अहमदाबाद में एक मेडिकल कॉलेज परिसर में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में 280 लोगों की मौत हो गई थी। दुर्घटना के लगभग एक सप्ताह बाद एअर इंडिया की उड़ान से लंदन पहुंचे गोयल ने बुधवार को 'इंडिया ग्लोबल फोरम' (आईजीएफ) के वार्षिक सम्मेलन 'यूके-इंडिया वीक स्टेज' में एक मिनट का मौन रखा।

# खामेनेई को जीने का हक नहीं : इजराइल

## ईरान ने अस्पताल पर दागीं मिसाइलें, 40 घायल, इजराइल का ईरान के भारी जल रिएक्टर पर हमला

**बीरशेबा (इजराइल), एजेंसी**

ईरान की एक मिसाइल गुरुवार तड़के दक्षिणी इजराइल के मुख्य अस्पताल पर गिरी जिससे व्यापक पैमाने पर क्षति हुई लेकिन कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। अन्य मिसाइलें तेल अवीव के निकट एक ऊंची इमारत तथा कई अन्य आवासीय भवनों पर गिरीं। ईरानी मिसाइल हमलों के बाद इजराइल के रक्षा मंत्री काट्ज ने कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई का अस्तित्व नहीं बचेगा...उन्हें जीने का हक नहीं।

इजराइल की मैगन डेविड एडोम बचाव सेवा के अनुसार, इन हमलों में कम से कम 40 लोग घायल हुए हैं। दक्षिणी शहर बीरशेबा में स्थित सोरोका मेडिकल सेंटर से काला धुआं उठता देखा गया और आपातकालीन दलों ने मरीजों को बाहर निकाला। इजराइली मीडिया ने मिसाइल हमले के कारण क्षतिग्रस्त हुईं खिड़कियों और इलाके से उठते घने काले धुएं के फुटेज प्रसारित किए। इस बीच इजराइल ने ईरान के अराक भारी जल रिएक्टर पर हमला किया। ईरान के विशाल परमाणु कार्यक्रम पर यह हमला संघर्ष के सातवें दिन किया गया। इजराइल ने सात दिन पहले ईरान के सैन्य स्थलों, वरिष्ठ अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाकर अचानक हमले किए जिससे यह संघर्ष शुरू हो गया। वाशिंगटन स्थित एक ईरानी मानवाधिकार समूह ने बताया कि ईरान में 263 आम नागरिकों सहित कम से कम 639 लोग मारे गए हैं और 1,300 से अधिक लोग घायल हुए हैं। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने करीब 400 मिसाइल और सैकड़ों ड्रोन दागे हैं, जिससे इजराइल में कम से कम 24 लोग मारे गए हैं और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि वह अपने यूरोपीय समकक्षों के साथ बैठक के लिए शुक्रवार को जिनेवा जाएंगे, जिससे संकेत मिलता है कि कोई नयी कूटनीतिक पहल आकार ले सकती है। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने बताया कि बैठक में ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के विदेश मंत्री और यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक शामिल होंगे।





इजराइल में विस्फोट के बाद अस्पताल से महिला को बाहर निकालते पुलिसकर्मी। दाएं : अस्पताल से हमले से उठता धुआं।

### ईरान और इजराइल के बीच समझौता कराने में मदद कर सकता है रूस : पुतिन

**सेंट पीटर्सबर्ग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष को समाप्त कराने के लिए बुधवार को मध्यस्थता की पेशकश की और कहा कि मॉस्को एक ऐसा समझौता कराने में मदद कर सकता है, जिसके तहत ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर शांतिपूर्वक आगे बढ़ सकता है और इजराइल की सुरक्षा चिंताएं भी कम हो सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय समाचार एजेंसियों के पत्रकारों से बात करते हुए पुतिन ने कहा कि यह एक संवेदनशील मुद्दा है। मेरे विचार से, एक समाधान निकल सकता है। यह पूछे जाने पर कि इजराइल, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या कर देता है तो रूस की क्या प्रतिक्रिया होगी, इस पर पुतिन ने जवाब देने से इनकार कर दिया और कहा कि "मैं ऐसी किसी आशंका पर चर्चा नहीं करना चाहता।

### इजराइली दूतावास से अमेरिका ने राजनयिकों को निकालना शुरू किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने इजराइल में अमेरिकी दूतावास से गैर-जरूरी राजनयिकों और उनके परिवारों को निकालना शुरू कर दिया है, क्योंकि इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ता जा रहा है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघर्ष में सीधे शामिल होने की संभावना को लेकर चेतावनी दी है। एक सरकारी विमान ने कई राजनयिकों और उनके परिवार के सदस्यों को निकाला, जिन्होंने बुधवार को देश छोड़ने के लिए कहा था।

### आयुध वाली ईरानी मिसाइल इजराइल के लिए बनी चुनौती

**सेना बीरशेबा।** इजराइली सेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि ईरान ने अपने हमले में कई आयुधों वाली मिसाइल का इस्तेमाल किया, जिससे इजराइल की सुरक्षा के लिए नयी चुनौती पैदा हो गई है। कई आयुधों वाली मिसाइल इजराइल की आयरन डोम जैसी हवाई रक्षा प्रणालियों के लिए अधिक कठिन चुनौती पेश कर सकती हैं। इसका तत्काल कोई स्वतंत्र विश्लेषण नहीं किया जा सका।

## ईरान में फंसे 110 भारतीय छात्रों को लेकर दिल्ली पहुंचा विमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

युद्धग्रस्त ईरान से निकाले गए भारतीय छात्रों ने वहां के हालात को याद किया और घर वापसी के खातिर त्वरित कदम उठाने के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया। ईरान से निकाले गए 110 भारतीय छात्रों को लेकर पहला विमान गुरुवार तड़के दिल्ली पहुंचा। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच, ऑपरेशन सिंधु के तहत तेहरान से भारतीय छात्रों को निकाला गया और भारतीय दूतावास ने मंगलवार को 110 छात्रों को सुरक्षित रूप से आर्मेनिया में प्रवेश कराने में सहायता की। इसके बाद उन्हें दिल्ली लाया गया।

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि और लोगों को निकाला जा रहा है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री का प्रभार भी संभाल रहे सिंह ने संवाददाताओं से कहा, हमारे पास विमान तैयार हैं। हम आज एक और विमान भेजेंगे। हम तुर्कमेनिस्तान से कुछ और लोगों को निकाल रहे हैं। निकासी अनुरोध के लिए हमारे दूतावासों से 24 घंटे संपर्क किया जा सकता है। जैसे-जैसे स्थिति बदलेगी, हम भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए और विमान भेजेंगे।



दिल्ली पहुंची छात्रा परिजन से मिलती हुई।

### छात्रों ने बताया- पड़ोस में ही मिसाइल, बम गिर रहे थे

**नई दिल्ली।** हमारे पड़ोस में ही आसमान से मिसाइलें गिर रही थीं, बमबारी हो रही थी। यह कहना था युद्धग्रस्त ईरान से निकाले जाने के बाद गुरुवार को वतन लौटे एमबीबीएस छात्र मीर खलीफ का जिनकी लड़खड़ाती आवाज में वहां (ईरान) के भयावह हालात का डर साफ महसूस हो रहा था। खलीफ ने ईरान की भयावह यादों को एक बुरा सपना बताया और उन्हें पहले आर्मेनिया पहुंचाने, फिर वतन वापसी के लिए धन्यवाद दिया।

## केरल उच्च न्यायालय ने जहाज को सशर्त जब्त करने का दिया आदेश

**कोच्चि (केरल), एजेंसी**

केरल उच्च न्यायालय ने आदेश दिया कि लाइबेरियाई ध्वज वाले जहाज एमएससी पोलो द्वितीय को तब तक जब्त रखा जाए, जब तक कि उसकी मूल कंपनी केरल तट पर एमएससी एल्सा 3 के डूबने से माल की हानि के लिए समुद्री दावे के तहत 73.49 लाख रुपये जमा नहीं कर देती है।

न्यायमूर्ति एम ए अब्दुल हकीम ने केरल की एक काजू कंपनी 'सैंस कैश्यू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' द्वारा दायर याचिका पर यह फैसला दिया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि 24-25 मई के बीच एमएससी एल्सा 3 के डूबने के बाद उसके माल से भरे कंटेनर समुद्र में खो गए थे। काजू कंपनी ने अपने मुकदमे में दावा किया है कि जहाज यांत्रिक, तकनीकी दोषों या उचित देखभाल के अभाव में और जहाज की अयोग्यता तथा चालक दल की अक्षमता की वजह से जहाज में कंटेनरों के अनुचित भंडारण के कारण'' डूब गया। कंपनी ने दावा किया कि एमएससी एल्सा 3 और एमएससी पोलो द्वितीय सहयोगी जहाज हैं और इनका मालिकाना हक एमएससी मेडिटेरेनियन शिपिंग कॉ एसए के पास है।





उसने अपना सामान खोने के बदले में 73,49,596 रुपये का हर्जाना मांगा है। उसने एक अंतरिम याचिका दायर कर हर्जाना मिलने तक एमएससी पोलो द्वितीय को कब्जे में लेने का अनुरोध किया है। शिपिंग कंपनी ने अनुरोध किया कि अदालत सशर्त जब्ती का आदेश जारी न करे क्योंकि वह जुर्माना राशि जमा कर देगी।

## टेक्सास में परीक्षण के दौरान स्पेसएक्स के रॉकेट में विस्फोट

**आस्टिन (अमेरिका)।** स्पेसएक्स के एक रॉकेट में बुधवार रात को टेक्सास में परीक्षण के दौरान विस्फोट हो गया, जिससे आसमान में आग का गोला उठता दिखाई दिया। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। कंपनी ने कहा कि टेक्सास के दक्षिणी सिरे पर स्थित स्पेसएक्स के प्रक्षेपण स्थल स्टारबेस में दसवें उड़ान परीक्षण की तैयारी के दौरान रात करीब 11 बजे रॉकेट स्टारशिप में एक बड़ी खराबी का पता चला।

स्पेसएक्स ने एक्स पर एक बयान में कहा, पूरे अभियान के दौरान प्रक्षेपण स्थल के चारों ओर सुरक्षित क्षेत्र बनाकर रखा गया था और सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और उनकी देखभाल की जा रही है।'' एलन मस्क के स्वामित्व वाली स्पेसएक्स ने कहा कि आस-पास के समुदायों को इस घटना से कोई खतरा नहीं पहुंचा।

## ब्रिटेन में भारतीय डॉ. को लेखन का शीर्ष सम्मान इंडिया ग्लोबल फोरम में किया गया सम्मानित

- ब्रिटेन की संस्कृति मंत्री लिसा नंदी ने दिया सम्मान

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन की संस्कृति मंत्री लिसा नंदी ने चिकित्सक और लेखिका शालिनी मलिक को उनके उपन्यास 'द वे होम' के लिए बेस्टसेलर लेखकों लॉर्ड जेफरी आर्चर और अमीश त्रिपाठी के नाम पर शुरू किया गया 25,000 अमेरिकी डॉलर का पहला आईजीएफ आर्चर-अमीश अवार्ड फॉर स्टोरीटेलर्स प्रदान किया।

मलिक के उपन्यास में तीन युवाओं की कहानी है जो गोवा में शरण लेते हैं और अपने निजी दुखों से जूझ रहे हैं। इस उपन्यास को दुख, पहचान और उपचार की मार्मिक और प्रासंगिक खोज के लिए उत्कृष्ट कृति चुना गया। बुधवार को लंदन में इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) यूके-इंडिया वीक में सम्मान प्रदान करते हुए नंदी ने पुरस्कार के व्यापक सांस्कृतिक महत्व तथा भारत एवं ब्रिटेन के साझा संबंधों पर जोर दिया। संस्कृति, मीडिया और खेल मामलों की भारतीय मूल की ब्रिटिश मंत्री नंदी ने कहा, "लोगों के बीच संपर्क हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, वैश्विक स्तर पर हम खुद को विभाजित करने के कई तरीके खोज रहे हैं।

दुनिया खंडित हो रही है और ध्रुवीकृत हो रही है और ऐसी सरकारों की सख्त जरूरत है जो इन बाधाओं को पार करने में अग्रणी भूमिका निभाएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने यही करने का संकल्प लिया है।



लंदन में ब्रिटेन की संस्कृति सचिव लिसा नंदी इंडिया ग्लोबल फोरम में शालिनी मलिक को कहानीकारों के लिए आर्चर-अमीश पुरस्कार प्रदान करती हुईं।

## द. अफ्रीका रंगभेद युग में हुई हत्याओं की नए सिरे से कराएगा जांच

**जोहानिसबर्ग।** नोम्बुइसेलो म्हलाउली को जब उनके पति का शव दफनाने के लिए सौंपा गया, तो उनके सीने में 25 से अधिक और पीठ में सात घाव थे तथा गले पर भी गहरा जख्म था। उनका दाहिना हाथ भी नहीं था।

सिसेलो म्हलाउली उन चार अश्वेत लोगों में से एक थे, जिन्हें 40 साल पहले इसी महीने दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद दौर के सुरक्षा बलों ने अगवा कर लिया था, प्रताड़ित किया और मार डाला था। उनकी मौत के लिए किसी को भी जवाबदेह नहीं ठहराया गया। हालांकि, रंगभेद विरोधी कार्यकर्ताओं की हत्याओं की एक न्यायाधीश के नेतृत्व में नये सिरे से जांच इस महीने शुरू हुई है। ये कार्यकर्ता 'क्रैडॉक फोर' के नाम से जाने गए और वे न्याय से वंचित लोगों के लिए एकजुटता का नारा बन गए।


## पांचवीं पीढ़ी का स्टेल्थ लड़ाकू विमान बनाने की प्रक्रिया शुरू

- भारत अपनी हवाई शक्ति को बढ़ाने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने अपनी हवाई शक्ति को बढ़ाने के लिए पांचवीं पीढ़ी का 'स्टेल्थ' लड़ाकू विमान विकसित करने की महत्वाकांक्षी परियोजना को क्रियान्वित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्यरत इकाई एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) ने विमान के प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए रुचि पत्र (ईओ) आमंत्रित किए हैं।

इस परियोजना के अंतर्गत सरकार उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) के पांच प्रोटोटाइप बनाने की योजना बना रही है। हल्के लड़ाकू विमान तेजस के साथ एएमसीए को भारतीय वायुसेना का मुख्य आधार बनाने की योजना है। एडीए ने कहा कि ईओआई का उद्देश्य तकनीकी रूप से एएमसीए प्रोटोटाइप बनाने में सक्षम भारतीय कंपनियों को सूचीबद्ध करना है। आवेदक एकल कंपनी, संयुक्त उद्यम या कंपनियों का संघ हो सकता है। रक्षा क्षेत्र में अनुभव रखने वाली तथा एएमसीए के डिजाइन की क्षमता रखने वाली प्रतिष्ठित भारतीय कंपनियों को इस परियोजना के लिए चुना जाएगा। इसमें कहा गया कि चयनित इकाई के पास विमान के श्रृंखलाबद्ध उत्पादन के लिए विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की क्षमता होनी चाहिए।



## यूक्रेन पर रूसी हमलों के बाद और शव मिले मृतकों की संख्या 28 हुई

**कीव।** रूस के मिसाइल हमले में तहस-नहस हुई कीव की नौ मंजिला इमारत के मलबे से बुधवार को आपात कर्मियों ने और शव निकाले, जिसके बाद यूक्रेन की राजधानी में हालिया हमलों में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 28 हो गई। कीव के सोलोमिंस्की जिले में स्थित यह इमारत हाल में हुए हमले में ध्वस्त हो गई थी।

अधिकारियों ने बताया कि 23 शव इमारत के अंदर से निकाले गए हैं जबकि बाकी पांच लोगों की मौत शहर में दूसरे स्थान पर हुए हमलों में हुई। ये हमले सोमवार से मंगलवार के बीच हुए थे। रूस ने 440 से अधिक ड्रोन और 32 मिसाइलें दागीं थीं। इस बीच, अमेरिका के नेतृत्व में शांति प्रयासों में कोई प्रगति नहीं हुई है।

**दौरा** | प्रधानमंत्री मोदी और क्रोएशियाई प्रधानमंत्री प्लेंकोविक ने सहयोग बढ़ाने का लिया संकल्प

# भारत और क्रोएशिया रक्षा सहयोग के लिए हुए राजी

**जगरेब, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक के साथ वार्ता की जिसके बाद दोनों देशों ने रक्षा सहयोग योजना तैयार करने पर सहमति जतायी और व्यापार, नवीकरणीय ऊर्जा तथा सेमीकंडक्टर समेत कई अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया।

मोदी ने मीडिया में दिए अपने बयान में कहा कि उन्होंने और प्लेंकोविक ने इस पर सहमति जतायी कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और यह लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली ताकतों के लिए दुश्मन के समान है। मोदी अपनी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में कनाडा से बुधवार सुबह जगरेब पहुंचे। वार्ता में दोनों प्रधानमंत्रियों ने भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) समेत क्षेत्रीय संपर्क मजबूत करने की महत्ता पर भी सहमति जतायी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्रोएशिया मध्य और दक्षिण-पूर्वी यूरोप में भारत के प्रवेश द्वार के रूप में काम कर सकता है। दोनों पक्षों ने लोगों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए शीघ्र ही गतिशीलता समझौते को अंतिम रूप देने का भी निर्णय लिया।

मोदी ने कहा, हम 22 अप्रैल को भारत में आतंकवादी हमले पर संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए क्रोएशिया के प्रधानमंत्री तथा सरकार के आभारी हैं। ऐसे कठिन समय में, हमारे मित्र देशों का समर्थन बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हम दोनों ने सहमति जतायी कि आज के वैश्विक परिदृश्य में भारत और यूरोप के बीच साझेदारी का बहुत महत्व है। यूरोपीय संघ के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी मजबूत बनाने में क्रोएशिया का समर्थन एवं सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है।



प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करते क्रोएशिया के समकक्ष।

### युद्ध के मैदानों से नहीं पाया जा सकता समाधान

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह और प्लेंकोविक दोनों इस बात का समर्थन करते हैं कि चाहे यूरोप हो या एशिया, समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदानों से नहीं पाया जा सकता है। उन्होंने विस्तारपूर्वक जानकारी दिए बगैर कहा, बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है। किसी भी देश के लिए क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान आवश्यक है। उनकी यह टिप्पणी पश्चिम एशिया में इजराइल और ईरान के बीच सैन्य टकराव बढ़ने के कारण पैदा हुयी स्थिति के बीच आई है। मोदी ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में सहयोग के लिए एक रक्षा सहयोग योजना तैयार की जाएगी, जिस पर रक्षा उद्योग के साथ ही प्रशिक्षण और सैन्य आदान-प्रदान किया जाएगा।